शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित
राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 09 | अंक : 300 | गुवाहाटी | मंगलवार, 30 मई, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/

रिश्वत लेते दो लोक सेवक सहित पूर्व होमगार्ड गिरफ्तार — पेज 3
प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा से पहले पूरा होगा जीई के फाइटर जेट इंजन... — पेज 4
मोदी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर भारत की चमक बढ़ी : आदित्यनाथ — पेज 5
कांग्रेस में फार्मूला जैसा कुछ नहीं, कुछ लोग खबरें बनवाते हैं — पेज 8

*प्रधानमंत्री ने असम की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को दिखाई हरी झंडी*

## आज इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण का सबसे बड़ा लाभार्थी पूर्वोत्तर भारत है : पीएम



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को असम के गुवाहाटी से पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी तक पूर्वोत्तर में पहली वंदे भारत एक्सप्रेस का वर्चुअली उद्घाटन किया। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभा को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों के साथ डिजिटल, भौतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संपर्क बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। पीएम ने कहा कि असम सहित पूरे पूर्वोत्तर में रेल कनेक्टिविटी के लिए आज एक बड़ा दिन है। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान सरकार में इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण के काम का सबसे अधिक लाभ पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत को मिला है। इंफ्रास्ट्रक्चर रोजगार के अवसर और तेज विकास का आधार है। इससे गरीब, दलित, पिछड़ा, आदिवासी और हर वंचित सशक्त बनता है। इंफ्रास्ट्रक्चर बिना भेदभाव सबके लिए है। ऐसे में इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण एक तरह से सच्चा सामाजिक न्याय है। सच्चा सेकुलरिज्म है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने पूर्वोत्तर को विकास से दूर रखा, जिस अक्षम्य अपराध का बहुत बड़ा नुकसान पूर्वोत्तर क्षेत्र को उठाना पड़ा। गुवाहाटी को न्यू जलपाईगुड़ी से जोड़ने वाली यह ट्रेन यात्रा-अवधि में लगभग एक घंटे की बचत करेगी। वंदे भारत 5 घंटे 30 मिनट में इस यात्रा को पूरा करेगी। जबकि वर्तमान इन दो स्थानों को जोड़ने वाली अन्य सबसे तेज गति वाली ट्रेन 6 घंटे 30 मिनट का समय लेती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिजली, पानी, टेलीफोन, मोबाइल और रेल सुविधाओं से वंचित भारत के सबसे ज्यादा क्षेत्र पूर्वोत्तर में थे। उनकी सरकार ने सेवा के भाव से काम किया। आज रेल संपर्क -शेष पृष्ठ दो पर

## वंदे भारत की खासियत पर रेल मंत्री को मुख्यमंत्री ने कहा- मैं मंत्रमुग्ध





**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पूर्वोत्तर को पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात दी। उन्होंने वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई, जो गुवाहाटी से न्यू जलपाईगुड़ी तक की यात्रा को कवर करेगी। यह वंदे भारत एक्सप्रेस 5 घंटे 30 मिनट में यात्रा को कवर करने में सक्षम है, जबकि वर्तमान सबसे तेज ट्रेन समान यात्रा को कवर करने में 6 घंटे 30 मिनट का समय लेती है। वंदे भारत एक्सप्रेस फिलहाल देश की सबसे उन्नत ट्रेन है। इसे भारत में विकसित किया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की तकनीकों के बारे में समझाते हुए देखा गया। असम के मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा कि वंदे भारत ट्रेनों में इस्तेमाल की जा रही अत्याधुनिक तकनीक के बारे में जानने के बाद मैं मंत्रमुग्ध हूं। अश्विनी वैष्णव के शिक्षण कौशल की मैं तारीफ करता हूं, तकनीकी चमत्कारों को इतनी आसानी से समझाते हैं! इससे पहले रेल मंत्री ने कहा कि आज बहुत ही सौभाग्य का दिन है। आज से 10 साल पहले तक नॉर्थ ईस्ट के बारे में केवल लूक ईस्ट की पॉलिसी होती थी। पीएम मोदी ने आकर उसको बदला और एक्ट ईस्ट की पॉलिसी लेकर आए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस पूर्वोत्तर में पर्यटन, शिक्षा, व्यापार एवं रोजगार को बढ़ावा देगी। गुवाहाटी एवं न्यू जलपाईगुड़ी (एनजेपी) के बीच चलाई गई अर्द्ध उच्च गति की यह ट्रेन असम एवं पश्चिम बंगाल के बीच संपर्क सेवा को मजबूत करेगी। मोदी ने कहा कि पिछले नौ साल में रेलवे नेटवर्क से जुड़े सभी राज्यों के साथ पूर्वोत्तर भारत ने ढांचागत विकास देखा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ढांचागत विकास बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए है, जो असल सामाजिक न्याय एवं धर्मनिरपेक्षता को दिखाता है।

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## असम बोर्ड 12वीं का परीक्षाफल जल्द



**गुवाहाटी।** असम बोर्ड 10वीं का रिजल्ट जारी होने के बाद छात्रों को अब 12वीं के रिजल्ट का इंतजार है। असम हायर सेकेंडरी एजुकेशन काउंसिल एएचएसईसी की तरफ से कक्षा 12वीं का रिजल्ट ऑफिशियल वेबसाइट ahsec.aasam.gov.in पर जारी होगा। इस साल असम बोर्ड 12वीं की परीक्षाएं 20 फरवरी 2023 से 20 मार्च 2023 तक चली थीं। ऐसे में रिजल्ट कभी भी जारी हो सकता है। असम बोर्ड 12वीं की परीक्षा में इस साल 3 लाख से ज्यादा छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इन छात्रों का रिजल्ट ऑफिशियल वेबसाइट- ahsec.aasam.gov.in के -शेष पृष्ठ दो पर

## जालुकबाड़ी के सड़क हादसे में सात छात्रों की मौत, कई घायल

**गुवाहाटी।** असम के गुवाहाटी में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। गुवाहाटी के जालुकबाड़ी इलाके में रविवार देर रात हुए एक सड़क हादसे में कम से कम सात छात्रों की मौत हो गई है और कई अन्य घायल हो गए हैं। गुवाहाटी के संयुक्त पुलिस आयुक्त थुबे प्रतीक विजय कुमार ने बताया कि दुर्घटना में असम इंजीनियरिंग कॉलेज के सात छात्रों की मौत हो गई। प्रारंभिक जांच के अनुसार, हमने पाया है कि मृतकों में मारे गए सभी छात्र हैं। यह घटना गुवाहाटी के जालुकबाड़ी इलाके में रविवार देर रात घटित हुई। असम के मुख्यमंत्री -शेष पृष्ठ दो पर

### वास्तव में एक दुखद घटना, पुलिस जांच करेगी : सीएम



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा शहर के जालुकबाड़ी में हुए दर्दनाक सड़क हादसे का जायजा लेने के लिए आज सुबह दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और घटना के स्थल का जायजा लिया। हादसे में सात छात्रों की मौत हुई है। मुख्यमंत्री ने छात्रों की असामयिक मौत पर दुख व्यक्त किया है और दुर्घटना में घायल छह लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। पत्रकारों से बात करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्घटना में सात छात्रों की मौत हो गई है। यह वास्तव में एक दुखद घटना है। -शेष पृष्ठ दो पर

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## मणिपुर : हिंसक घटनाओं को अंजाम देने वाले 22 बदमाश गिरफ्तार



**इंफाल।** मणिपुर में हिंसक घटनाओं को रोकने के लिए तमाम प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद कई जगहों से हिंसा की खबरें आ रही हैं। वहीं सोमवार को इंफाल में वाईकेपीआई के पहाड़ी क्षेत्र के सनसाबी, ग्वालताबी और शबुनखोल खुनाओ गांवों में घरों को जलाने वाले 22 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों के पास से पांच 12 बोर डबल बैरल और तीन सिंगल बैरल राइफलें, स्थानीय हथियार और युद्ध जैसी सामग्री बरामद की गई है। आपको बता दें कि चुराचांदपुर, काकचिंग, इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम जिलों में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। रविवार को घाटी के आसपास के पहाड़ी जिलों से -शेष पृष्ठ दो पर

### राज्य में भूकंप के झटके

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम में आज (सोमवार) सुबह 08 बजकर 03 मिनट 35 सेकेंड पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके राज्य के कई हिस्सों में महसूस किए गए। फिलहाल जान-माल के क्षति की कोई सूचना नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.4 दर्ज की गई। इसका केंद्र असम के शोणितपुर जिला में जमीन के अंदर 10 किलोमीटर नीचे थे। भूकंप का एपी सेंटर 26.68 उत्तरी अक्षांश तथा 92.35 पूर्वी देशांत्तर पर स्थित था।

## सिद्धारमैया कैबिनेट : 24 मंत्रियों के खिलाफ आपराधिक मामले, 31 धनकुबेर



**बेंगलुरु।** कर्नाटक की नई सरकार अपने फुल फॉर्म में आ गई है। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया अपने कैबिनेट का विस्तार भी कर लिए हैं और विभागों का बंटवारा भी कर दिया है। सिद्धरमैया कैबिनेट में कुल 32 मंत्रियों को शामिल किया गया है। सिद्धरमैया कैबिनेट के मंत्री भी आपराधिक मामलों से अछूते नहीं है। 32 में से 24 मंत्रियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, 32 मंत्रियों में से 31 करोड़पति है, जिनकी औसत संपत्ति 119.06 करोड़ रुपए के आसपास आंकी गई है। जबकि सिद्धारमैया ने अपनी सपंत्ति 51 करोड़ रुपए घोषित की है जबकि 23 करोड़ रुपए से अधिक की देनदारी है। इन मंत्रियों में सबसे धनी डिप्टी सीएम -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रभात

*शत्रु की बुरी आदतों को सुनकर कानों को सुख मिलता है।*
**- आचार्य चाणक्य**

### न्यूज गैलरी

#### अध्यादेश मामला आप को कांग्रेस का साथ मिलना मुश्किल

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** कांग्रेस पार्टी आम आदमी पार्टी के केंद्र के अध्यादेश के मसले पर उसका साथ शायद नहीं देगी। पार्टी की पंजाब और दिल्ली इकाई ने पार्टी हाईकमान को ऐसा नहीं करने का सुझाव दिया है। इस संबंध में पंजाब और दिल्ली इकाई की राय जानने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वहां के नेताओं को बुलाया था। सूत्रों के मुताबिक आज बैठक में दोनों इकाइयों के नेताओं ने विरोध में अपनी राय रखी है। इनका कहना है कि आप भाजपा की बी टीम है और पार्टी ने कांग्रेस के हितों को हर जगह -शेष पृष्ठ दो पर

## मैसूर में तेज रफ्तार बस और कार की टक्कर, 10 मरे

**मैसूर।** कर्नाटक के टी. नरसीपुरा तालुक में सोमवार को एक कार तथा निजी बस की टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई और कम से कम तीन लोग घायल हो गए। घटना कोल्लेगला-टी नरसीपुरा मुख्य मार्ग पर कुरुबुरु गांव के पास हुई। दोनों वाहनों के बीच सीधी टक्कर होने से कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को इलाज के लिए विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया है। मृतक बेल्लारी जिले के सांगनाकल्लू के रहने वाले थे। वे शाम के समय इनोवा कार में बीआर हिल्स से लौट रहे थे। मरने वालों में दो बच्चे भी शामिल हैं। -शेष पृष्ठ दो पर



### प्रधानमंत्री ने मैसूर और धनबाद हादसों पर जताया दुख

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को मैसूर और धनबाद में हुए हादसों पर दुख जताया और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। साथ ही प्रधानमंत्री ने दोनों त्रासदियों में जान गंवाने वालों के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से अनुग्रह राशि की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा कि कर्नाटक के मैसूरु में हुए दर्दनाक हादसे से गहरा दुख हुआ। मेरी संवेदनाएं -शेष पृष्ठ दो पर

## हाईटेंशन तार की चपेट में आने से छह श्रमिकों की दुखद मौत



**धनबाद।** झारखंड के धनबाद जिले में आज यानी सोमवार को बड़ा हादसा हो गया है, जहां हावड़ा-नई दिल्ली रेल मार्ग पर कुछ मजदूर पोल गाढ़ रहे थे। इस दौरान पोल डगमगा कर 25 हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार को छू गया, जिससे करंट की चपेट में आने से 6 मजदूरों की झुलसकर मौत हो गई। सभी मृतक राज्य के पलामू, लातेहार के अलावा यूपी के इलाहाबाद के रहने वाले थे। मृतकों में गोविंद सिंह, श्यामदेव सिंह, सुरेश मिस्त्री, श्याम भुइया, संजय राम और एक अन्य शामिल है। बताया जा रहा है कि 2 मजदूर किसी तरह से जान बचाकर भाग निकलने में सफल रहे हैं। हादसे के बाद विभिन्न ट्रेनों को अलग-अलग -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

## कीव पर मई में हुआ 14वां हवाई हमला

**कीव।** कीव डे की पूर्व रात्रि में रूसी सेना ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर अभी तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया। इस हमले में रूसी सेना ने 54 हमलावर ड्रोन कीव के आकाश में भेजे। इस महीने 14वें दिन कीव शहर रूसी हवाई हमलों का निशाना बना। लेकिन आखिरकार कीव ने यूक्रेन की राजधानी में हमले के कुछ घंटों बाद सोमवार को हवाई हमले की चेतावनी को समाप्त कर दिया। कीव शहर के सैन्य प्रशासन के प्रमुख सेरही पोपको ने कहा कि रात के हमले के केवल 6 घंटे बाद हमलावर देश ने कीव पर एक और मिसाइल हमला किया। प्रारंभिक रूप से दुश्मन ने बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया। पोपको ने आगे कहा कि मुख्य रूप से वायु रक्षा बलों द्वारा सभी हवाई लक्ष्यों को सफलतापूर्वक मारा गया था और कीव में सुविधाओं पर कोई हिट की सूचना नहीं मिली है। महीने की शुरुआत के बाद से राजधानी पर यह 16वां हमला था। इस प्रकार, दुश्मन ने अपनी रणनीति बदल दी। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक, केवल रात के हमलों के बाद, इसने दिन के दौरान एक शांतिपूर्ण शहर पर हमला किया, जब अधिकांश निवासी काम पर और बाहर थे। कहा जाता है कि 1,541 वर्ष पूर्व मई के अंतिम रविवार को कीव शहर की स्थापना हुई थी। इस लिहाज से कीव रविवार को अपनी स्थापना की वर्षगांठ मना रहा है, लेकिन इससे पहले शनिवार-रविवार की पूरी रात कीव पर आत्मघाती ड्रोन के हमले होते रहे।

### भारत दौरे पर आए ब्रिटेन के मंत्री

# जयशंकर ने उठाया भारतीय दुतावासों पर हमले का मुद्दा



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को भारत दौरे पर आए ब्रिटिश मंत्री लॉर्ड तारिक अहमद से ब्रिटेन में भारत के राजनयिक मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और लोकतांत्रिक स्वतंत्रता के दुरुपयोग को रोकने को कहा। विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास मामलों के राज्य मंत्री लॉर्ड अहमद के साथ एक बैठक में जयशंकर की यह टिप्पणी मार्च में खालिस्तान समर्थकों द्वारा लंदन में भारतीय उच्चायोग में तोड़फोड़ की पृष्ठभूमि में आई। जयशंकर ने लॉर्ड अहमद के साथ चर्चा के दौरान उठाए गए मुद्दों को ट्विटर पर साझा किया। विदेश मंत्री ने कहा कि आज नई दिल्ली में ब्रिटेन के विदेश राज्यमंत्री लॉर्ड तारिक अहमद के साथ मुलाकात की... हमारे राजनयिक मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और लोकतांत्रिक स्वतंत्रता के दुरुपयोग को रोकने के दायित्व को रेखांकित किया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अप्रैल में ब्रिटेन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद लंदन में भारतीय मिशन पर हमले के मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण को सौंपी थी। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने यात्रा पर आए मंत्री के साथ मुक्त व्यापार समझौते और दक्षिण एशिया से लेकर हिंद-प्रशांत और जी20 तक कई मुद्दों पर चर्चा की। मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर भारत और ब्रिटेन के बीच नौ दौर की बातचीत हो चुकी है। भारत और ब्रिटेन एक व्यापक समझौते की दिशा में पिछले साल जनवरी से एफटीए पर बातचीत कर रहे हैं, जिससे 2022 में अनुमान के मुताबिक रहे 34 अरब ब्रिटिश पाउंड के द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

## गरीब-जरूरतमंदों को विकास की मुख्यधारा में लाई मोदी सरकार : निर्मला



**मुंबई (हि.स.)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब-जरुरतमंदों को विकास की मुख्यधारा में लाया है। सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले नौ वर्ष में देश का सर्वांगीण विकास करते हुए सर्वसमावेशक विकास का नया मानक तैयार किया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को मुंबई में पत्रकारों से वार्ता कर रही थीं। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में देश को आतंकवाद से मुक्त करने करने वाली मोदी सरकार ने वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है। सीतारमण ने बताया कि गरीब कल्याण योजना के माध्यम से 80 करोड़ जनता को मुफ्त में अनाज दिया जा रहा है। इसके साथ ही गरीबों-जरूरतमंदों के लिए 2.5 करोड़ घर और 11.72 करोड़ शौचालय का निर्माण किया गया है। नौ करोड़ से अधिक परिवारों को उज्ज्वला योजना के माध्यम से मुफ्त गैस सिलेंडर दिए जा रहे हैं। इस योजना के सिलेंडर पर दो रुपए की सब्सिडी भी दी जाती है। आयुष्मान योजना के माध्यम से पांच लाख तक का इलाज मुफ्त किया जा रहा है। करदाताओं के पैसों का विनियोग उचित प्रकार से होने के लिए मोदी सरकार ने डीबीटी प्रणाली प्रत्यक्ष रूप से अमल में लाई है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान कोरोना निवारक टीके की 220 करोड़ खुराक मुफ्त में देकर टीकाकरण अभियान को प्रभावी ढंग से अमल में लाया गया। इस कालावधि में दुनियाभर के देशों में फंसे लाखों भारतीय नागरिकों को सुरक्षित ढंग से स्वदेश लाया गया। सीरिया, यमन, यूक्रेन सहित अन्य देशों में विपरीत परिस्थितियों में फंसे 20 हजार से अधिक भारतीय नागरिकों को मोदी सरकार ने भारत में लाया। मोदी सरकार के कार्यों की वजह से ही भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवे क्रमांक की अर्थव्यवस्था बन गई है। मोदी सरकार के कार्यकाल में नौ वर्षों में हवाई अड्डे, एक्सप्रेस-वे, प्रबंधन शिक्षा संस्थान (आईआईएम), चिकित्सा विज्ञान संस्थान (एआईएमएस), आईआईटी की संख्या में बड़े पैमाने पर वृद्धि होने की जानकारी आंकड़ों के साथ श्रीमती सीतारमण ने दी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, प्रदेशाध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, राज्य के पर्यटन, कौशल्य विकास मंत्री मंगलप्रभात लोढा, राज्य में महाजनसंपर्क अभियान के प्रमुख विधायक प्रवीण दरेकर, राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम आदि उपस्थित थे।

## हरियाणा बोर्ड का स्विट्जरलैंड से हुआ करार

**गुरुग्राम (हिंस)।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से संबद्धता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों को शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मानकों पर आधारित प्रशिक्षण मिलेगा। इसके लिए सोमवार को यहां हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का स्विट्जरलैंड के जेनेवा स्थित इंटरनेशनल बैकलौरिएट (आईबी) के साथ एमओयू साइन हुआ। इस एमओयू साइन होने के साथ ही हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने स्वयं को देश के चुनिंदा बोर्ड में शामिल कर लिया, जो अपने शिक्षकों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण दिलाते हैं। गुरुग्राम के एक निजी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुर्जर व आईबी के महानिदेशक ओली पेका हेंवनें ने एमओयू का आदान प्रदान किया। इस दौरान हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चैयरमेन डॉ. वीपी यादव भी मौजूद रहे। शिक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आईबी के साथ हुए इस एमओयू से अध्यापन के स्तर में सुधार आने के साथ-साथ विद्यार्थियों को भी उत्तम गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दी जा सकेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने हेतु अंतर्राष्ट्रीय स्तर की स्वीकार्यता होगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी एवं आईबी के मध्य एमओयू हस्ताक्षरित होने से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड व आईबी द्वारा जारी संयुक्त हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्रों की प्रमाणिकता अंतर्राष्ट्रीय स्तर की होने के कारण हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की पहचान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होगी, जो कि अपने आप में एक विशिष्ट उपलब्धि होगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस एमओयू के होने से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड यह उपलब्धि हासिल करने वाले देश के चुनिंदा बोर्डों में शामिल हो गया है। ऐसे में यह संपूर्ण शिक्षा जगत के लिये गौरवमयी क्षण है। शिक्षा मंत्री ने बोर्ड की कार्यप्रणाली का जिक्र करते हुए कहा कि आज हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड तकनीकी युग से पूरी प्रतिबद्धता के साथ कदमताल करते हुए शिक्षा क्षेत्र की नई ऊंचाइयों

## देश से गरीबी दूर हो, लोग स्वदेशी से देश की इकोनॉमी बढ़ाएं : बाबा रामदेव



**भीलवाड़ा (हि.स.)।** योग ऋषि स्वामी रामदेव ने कहा कि योग एक विज्ञान है। आत्म चेतना, आत्मशक्ति एवं स्वयं को जागृत करता है। योग सभी प्रकार के ज्ञान का मूल है। हमने देश में स्वदेशी की एक बहुत बढ़ी जागृति पैदा की है। इसी कारण भारतीय लोगों ने विदेशी प्रोडक्ट के बजाय अपने देश में बने प्रोडक्ट को खरीदना ज्यादा उचित समझा है। देश में आयुर्वेद के महत्व को हम लगातार जनता तक पहुंचा रहे हैं। योग प्राणायाम के माध्यम से करोड़ों लोग निरोगी हो रहे हैं। मेरा सपना है कि देश से गरीबी दूर हो। लोग आयुर्वेदिक उत्पाद व स्वदेशी अपनाकर देश की इकोनॉमी बढ़ाएं। स्वामी रामदेव सोमवार को आदित्य विहार हनुमान टेकरी के पीछे तेरापंथ नगर में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पतंजलि योग समिति, युवा भारत, महिला पतंजलि योग समिति, पतंजलि किसान सेवा समिति के संयोजन एवं भारत विकास परिषद, हार्टफुलनेस, जीतो, जनहित योग एवं स्वास्थ्य प्रचार समिति के आयोजन में त्रिदिवसीय योग चिकित्सा एवं ध्यान शिविर के समापन पर हजारों लोगों को योग का अभ्यास कराते हुए संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सूर्योदय के बाद पुरुष खुले वस्त्रों में व महिलाएं पतले वस्त्रों में धूप में बैठे। एक घंटा ऐसे करने से विटामिन डी की कमी दूर होगी और प्रोटीन सहित अन्य आवश्यक तत्वों की प्राप्ति होकर शरीर भी निरोगी बनेगा। गौ माता की नियमित सेवा करें। गाय से प्राप्त हर वस्तु का नियमित उपयोग करें। जीवन में हमेशा अच्छे कार्य करें। योग उपासना को हमारी दिनचर्या में शामिल करें। योग करेंगे तो जीवन में रोग के लिए जगह नहीं रहेगी। धूप के बजाय योग से पसीना बहाओ इससे निरोगता प्राप्त होगी। प्रत्येक व्यक्ति अखंड साधना करें, भगवान की भक्ति करें व पुरुषार्थ करें, इसी से जीवन स्वर्ग बनेगा। शिविर में मेवाड़ यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने भी बढ़ी संख्या में पहुंचकर योग का अभ्यास किया।

## मंत्री के ठिकानों पर छापा मारने आए आयकर अधिकारियों पर हमला

**चेन्नई।** तमिलनाडु में डीएमके के दो पार्षद समेत 10 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन लोगों पर आयकर अधिकारियों को ड्यूटी करने से रोकने का आरोप लगा था। दरअसल, जब आईटी अधिकारियों ने मंत्री सेंथिल बालाजी से जुड़े परिसरों की तलाशी लेने की कोशिश की, तो उनके समर्थकों ने कथित तौर पर हमला किया और उन्हें छापेमारी करने से रोक दिया था। डीएमके नेताओं द्वारा कथिक हमले के कारण आईटी अधिकारियों को गंभीर चोट भी आई थी। हमलावरों ने अधिकारियों की गाड़ी पर किसी चीज से हमला किया था, जिससे उनकी गाड़ी के शीशे फूट गए थे और उन्हें गंभीर चोट लगी। अधिकारियों को इसके बाद एक अस्पताल में आईसीयू में भर्ती करवाया गया था। क्रूर पुलिस अधिकारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इन लोगों की पहचान की गई, जिन्होंने हमला किया और आईटी अधिकारियों को उनकी ड्यूटी करने से रोका। उन्होंने कहा कि अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया है जिसमें डीएमके के दो पार्षद शामिल हैं। इन्हें रिमांड पर भी भेजा गया था। आगे की जांच जारी है।

**EXTENSION NOTICE of RFP No. AE.150/2023/01**

No. AE.150/2023/43 : The last date of submission of RFP in regards engagement of Social Media Agency for CMO has been extended. The intending Bidder(s) will have to submit the RFP proposal upto 1.00pm of 31st May, 2023 at the DIPR, Assam.

Sd/-
Director of Information and Public Relations
Assam, Dispur, Guwahati-6

*-- Janasanyog /C/3412/23*

# पृष्ठ एक का शेष

### आज इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण...

में पूर्वोत्तर में काफी काम हुआ है। उन्होंने कहा कि जल्द ही पूर्वोत्तर के हर राज्य की राजधानी ब्रॉडगेज रेल नेटवर्क से जुड़ जाएगी। प्रधानमंत्री ने इस दौरान 182 रूट किलोमीटर के नए विद्युतीकृत रेल-खंडों को भी समर्पित किया। इनसे ट्रेनों को तेज गति से चलाने और ट्रेनों की यात्रा-अवधि में कमी लाने के साथ प्रदूषण मुक्त परिवहन की सुविधा प्रदान करने में मदद मिलेगी। इनसे इलेक्ट्रिक लाइन पर चलने वाली ट्रेनें भी मेघालय में प्रवेश करने में सक्षम होंगी। प्रधानमंत्री ने असम के लुमडिंग में एक नवनिर्मित डेमू/मेमू शेड का भी उद्घाटन किया। यह नई सुविधा इस क्षेत्र में परिचालित डेमू रेक की देख-रेख करने में सहायक होगी, जिससे बेहतर परिचालन क्षमता हासिल होगी। अपनी सरकार की रेलवे से जुड़ी उपलब्धियों पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 9 सालों में रेलवे के लिए पहले की तुलना में बजट कई गुना बढ़ा दिया गया है। पूर्वोत्तर के लिए औसत रेल बजट लगभग 2500 करोड़ रुपए था। हालांकि, इस बार पूर्वोत्तर के लिए रेल बजट करीब 10,000 करोड़ रुपए है। वन स्टेशन, वन प्रोडक्ट योजना के तहत नॉर्थ ईस्ट के रेलवे स्टेशनों पर स्टॉल बनाए गए हैं। ये वोकल फॉर लोकल को बल दे रहे हैं। इससे हमारे स्थानीय कारीगर, कलाकार, शिल्पकार, ऐसे साथियों को नया बाजार मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीते 9 साल भारत के लिए अभूतपूर्व उपलब्धियों के रहे हैं। नए भारत के निर्माण के रहे हैं। कल ही देश को आजाद भारत की भव्य-दिव्य आधुनिक संसद मिली है। ये भारत के हजारों वर्ष पुराने लोकतांत्रिक इतिहास को हमारे समृद्ध लोकतांत्रिक भविष्य से जोड़ने वाली संसद है।

### असम बोर्ड 12वीं...

अलावा resultsassam.nic.in पर भी जारी होगा। छात्र थर्ड पार्टी वेबसाइट indiaresults.com पर भी रिजल्ट चेक कर सकते हैं। रिजल्ट चेक करने के लिए रोल नंबर की आवश्यकता होगी। असम हायर सेकेंडरी एजुकेशन काउंसिल की तरफ से कक्षा 10वीं का रिजल्ट जारी हो चुका है। इस साल 10वीं में कुल 4.15 लाख से ज्यादा छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, इनमें से 3,01,880 छात्र पास हुए। इस साल 10वीं का रिजल्ट पिछले साल से बेहतर देखा गया है। पिछले साल असम बोर्ड में जहां 56.49 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए थे वहीं इस साल कुल पास प्रतिशत 72.69 फीसदी रहा है।

### जालुकबाड़ी के सड़क ...

हिमंत विश्व शर्मा ने सड़क हादसे पर ट्वीट कर दुख जताया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत कहा कि जालुकबाड़ी इलाके में सड़क दुर्घटना में युवाओं की मौत से बेहद दुखी हूं। उनके माता-पिता और परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। उन्होंने कहा कि जीएमसीएच में अधिकारियों से बात की है। घायलों को हर संभव चिकित्सा सहायता प्रदान की जा रही है। उधर एक अन्य अधिकारी ने बताया कि असम इंजीनियरिंग कॉलेज के तीसरे वर्ष के 10 छात्र आज सुबह एक कार में कॉलेज परिसर से निकले थे। रास्ते में उनका तेज रफ्तार वाहन जालुकबाड़ी इलाके में पहले सड़क पर डिवाइडर से और फिर एक वैन से टकरा गया। उन्होंने कहा कि सात छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई। तीन अन्य को गंभीर हालत में गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि चालक सहित वैन में सवार तीन लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### वास्तव में एक दुखद...

घायलों की हालत अब खतरे से बाहर है। मैं अनुरोध करूंगा कि जिनके बच्चे गुवाहाटी में रहते हैं, उनके माता-पिता के लिए बेहतर होगा कि वे उनके संपर्क में रहें। उनको इस बात की जानकारी रखनी चाहिए कि बच्चे क्या कर रहे हैं और क्या नहीं कर रहे हैं। मैं हॉस्टल के अधिकारियों से भी कहूंगा कि वे हॉस्टल की व्यवस्थाओं को मजबूत करें। इस तरह से सात लड़कों की मौत वाकई दुखद है। हादसे की जांच पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्घटना होने पर पुलिस जांच करेगी। लेकिन घटना को लेकर बिल्कुल तेजी आई है, इसमें और कुछ नहीं है। फिर भी पुलिस को जो करना होगा, वह करेगी। उधर, पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने भी घटना का जायजा लिया है। पुलिस महानिदेशक ने मौके पर पहुंचकर पूरी घटना का जायजा लिया। गौरतलब है कि जालुकबारी में हुए इस भीषण हादसे में असम इंजीनियरिंग कॉलेज के सात छात्रों की असमय जान चली गई। जालुकबारी में बीती रात में एक भीषण हादसे में छात्रों की मौत हो गई। हादसा आधी रात को जालुकबारी में डीसीपी कार्यालय के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। तेज रफ्तार महिंद्रा स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकरा गई और बाद में ब्रॉयलर मुर्गी ले जा रहे बोलेरो से टकरा गई। जिसके चलते सात युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान असम इंजीनियरिंग कॉलेज के छठे सेमेस्टर के छात्रों और हॉस्टल नंबर 7 के निवासियों के रूप में हुई है। मृतकों की पहचान मंगलदोई के कौशिक बरुवा, शिवसागर के कौशिक मोहन, माजुली के राजकिरण भुइयां, डिरूब्रूढ़ के इमोन बरुवा, गुवाहाटी के अरिंदम भोवाल, नगांव के उपांशु शर्मा और गुवाहाटी के नियार डेका के रूप में हुई है। हादसे में तीन अन्य छात्र मृणमय बोरा, अर्णब चक्रवर्ती और अर्पण भुइयां गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में बोलेरो पिकअप वैन में सवार मोजम्मिल हक, यूसुफ अली और राजीव अली भी गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, स्कार्पियो कार (एस-01एफके-9605) जो सात माइल की दिशा से आते समय पहले डिवाइडर से टकरा गयी। कार की रफ्तार इतनी अधिक थी कि विपरीत लेन में ब्रॉयलर मुर्गी लेकर जा रही बोलेरो पिकअप (एएस-01जीसी-8829) वाहन से टकरा गई। रात में ही मृतक और घायलों को गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं दुर्घटना का विवरण प्राप्त करने के बाद उनके परिजन गुवाहाटी पहुंच चुके हैं।

### मैसूर में तेज ...

बताया जा रहा है कि निजी बस कोल्लेगला की ओर जा रही थी। कार में सवार रहे तीन घायलों को भी चामराजनगर अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। उनमें से एक की हालत गंभीर है, जबकि दो की हालत स्थिर है। अग्निशमन व आपातकालीन कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से कार को काटने के बाद शवों को बाहर निकाला। शव *क्षत विक्षत* स्थिति में थे। पुलिस ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने घटना पर दुख जताया और मुआवजे की घोषणा की। उन्होंने उपायुक्त को दुर्घटना स्थल व अस्पताल जाने का निर्देश भी दिया है। सिद्धरमैया ने ट्विटर पर लिखा कि मैसुरू जिले के टी नरसीपुरा के पास हुई दुर्घटना से व्यथित हूं, जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई। मृतकों के परिवारों को मुख्यमंत्री राहत कोष से दो लाख रुपए का मुआवजा प्रदान किया जाएगा। मैंने संबंधित अधिकारियों को घायलों का उचित इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

### मणिपुर : हिंसक घटनाओं ...

उपद्रवी समूहों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ की कई घटनाएं हुईं। इसमें दो की मौत हो गई है, जबकि 12 घायल हो गए थे। इस बीच केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रमाणिक ने सोमवार को कहा कि घातक जातीय हिंसा से प्रभावित मणिपुर को केंद्र हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है और स्थिति सामान्य हो रही है। बता दें कि गृह राज्य मंत्री की टिप्पणी ऐसे दिन आई है, जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पूर्वोत्तर राज्य के अपने तीन दिवसीय दौरे की शुरुआत करने जा रहे हैं। दरअसल, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 29 मई से 1 जून तक मणिपुर के दौरे पर रहेंगे। गृह मंत्री आज शाम मणिपुर की राजधानी इंफाल पहुंचेंगे। इस दौरान गृह मंत्री राज्य की स्थिति का आकलन करने और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए आगे के कदमों की योजना बनाने के लिए कई दौर की सुरक्षा बैठकें करेंगे। पश्चिम बंगाल के कूचबिहार से भाजपा सांसद प्रमाणिक से गुवाहाटी-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत के उद्घाटन कार्यक्रम में अमित शाह के दौरे के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह स्थिति सामान्य करने की दिशा में एक कदम है। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नए संसद भवन के उद्घाटन का बहिष्कार करने के लिए विपक्ष पर प्रमाणिक निशाना साधा। उन्होंने पूछा कि आप (विपक्ष) कब तक बहिष्कार करेंगे? मैं सभी से देश के विकास के लिए एक साथ आने का आग्रह करता हूं। विपक्ष बच्चा नहीं है, उसे जिद्द नहीं करना चाहिए।

### सिद्धारमैया कैबिनेट : 24...

डीके शिवकुमार हैं जिन्होंने 1,413.80 करोड़ रुपए की संपत्ति घोषित की है। मंत्रियों में सबसे कम संपत्ति रखने के मामले में तिम्मापुर रामप्पा बलप्पा हैं, जिनके पास मात्र 58.56 लाख रुपए की संपत्ति है। वहीं, कैबिनेट में जगह पाने वाली एकमात्र महिला विधायक लक्ष्मी आर हेब्बलकर भी करोड़पति हैं। इनके पास 13 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति है और इन्होंने 5 करोड़ रुपए से अधिक की देनदारी घोषित की है। देनदारी के मामले में डीके शिवकुमार पहले नंबर पर हैं। कनकपुरा सीट से जीत हासिल करने वाले शिवकुमार ने चुनाव आयोग के हलफनामे में 265 करोड़ रुपए देनदारी घोषित की है। अब बात मंत्रियों की शिक्षा की कर लेते हैं। कैबिनेट में शामिल मंत्रियों में 6 ऐसे मंत्री है जिन्होंने अपनी शैक्षणिक योग्यता 8वीं से 12वीं के बीच घोषित की है जबकि 24 मंत्री ऐसे हैं जो या तो ग्रेजुएट या फिर उससे अधिक की शैक्षणिक योग्यता रखते हैं। दो मंत्री डिप्लोमा धारक है। सिद्धरमैया कैबिनेट में शामिल कुल मंत्रियों में से 18 ऐसे हैं जिनकी उम्र 41 से 60 साल के बीच है। 14 मंत्रियों की उम्र 60 से 80 साल के बीच है। बता दें कि कर्नाटक में सीएम सिद्धारमैया और उनके डिप्टी डीके शिवकुमार और आठ अन्य मंत्रियों के शपथ लेने के बाद शनिवार को 24 और मंत्रियों को कैबिनेट में शामिल किया गया है। इन मंत्रियों के विभागों का भी बंटवारा कर दिया गया।

### प्रधानमंत्री ने मैसूर ...

उन परिवारों के साथ है, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। पीएमओ ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि धनबाद में हुए हादसे में जनहानि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि प्रधानमंत्री ने मैसूर और धनबाद की त्रासदियों में जान गंवाने वालों के परिजनों के लिए पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे।


### हाईटेंशन तार की ...

स्टेशनों पर रोककर रखा गया है, जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घटना की खबर सुनते ही रेलवे के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और अन्य ठेका कर्मियों में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। लोग इस घटना के लिए ठेकेदार और रेलवे को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। वहीं, लोगों का कहना है कि रेलवे प्रशासन की लापरवाही के कारण इतनी बड़ी दुर्घटना हुई है। मामले में डीआरएम का कहना है कि बगैर पावर ब्लॉक के यह काम चल रहा था। उन्होंने कहा कि घटना की जांच करा कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अध्यादेश मामला आप...

प्रभावित किया है। हालांकि अंतिम निर्णय से पहले खड़गे अन्य राज्यों के पार्टी नेताओं से भी विमर्श करना चाहते हैं। बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि आज हमने इस पर दिल्ली और पंजाब के नेतृत्व के साथ चर्चा की। उन्होंने अपनी चिंताओं और विचारों को रखा है और निश्चित रूप से हम आने वाले दिनों में अंतिम निर्णय लेंगे। पार्टी नेता मल्लिकार्जुन खड़गे से आप संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मिलने का समय मांगा था। मुख्यमंत्री केजरीवाल वर्तमान में केंद्र के नियुक्ति और स्थानांतरण विषय पर दिल्ली के उपराज्यपाल को अंतिम अधिकार देने के अध्यादेश के खिलाफ मुहिम चला रहे हैं। इसके लिए वे देशभर के नेताओं से मिल रहे हैं और उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष व पार्टी नेता राहुल गांधी से भी मुलाकात का समय मांगा है। केजरीवाल चाहते हैं कि केंद्र का लाया अध्यादेश राज्यसभा से पारित न हो। पंजाब के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा और नवजोत सिंह सिद्धू भी बैठक में शामिल थे। इनका कहना है कि पार्टी नेतृत्व ने हमारी राय जानने के लिए हमें आमंत्रित किया था। हमने अपनी राय रख दी है। सिद्धू ने बैठक के बाद कहा कि जहां वैचारिक मतभेद हैं, वहां गठबंधन नहीं हो सकता। दिल्ली में कांग्रेस नेता अजय माकन खुलकर केजरीवाल का विरोध कर रहे हैं।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **त्रयोदश अध्याय**

**(गुरु-वंदना)**

**सद्गुरु खारी प्रकट हो, बोध शान्त किय थीर।**
**मैं व्याकुल अति दुखित था, दीन अनाथ अधीर॥ 03॥**

**शब्दार्थ :** (सद्गुरु) नित्य अनादि सद्गुरु (खारी) वृत्तिकूट आश्रम से पश्चिम दो कोस पर स्थित एक गांव, ज्ञानतृप्त (शांत) स्थिर (दीन) सर्व अभिमान से हीन (अनाथ) बिना आधार का (अधीर) धैर्य से रहित।

**भाष्य :** मैं दीन, अनाथ एवं धैर्य से रहित हो अत्यंत दुखी हो कर व्याकुल था। उस काल में परम कृपालु करुणामय, नित्य अनादि सद्गुरु खारी में प्रकट हुए और मुझे बोध दे, शांति प्रदान कर स्थिर किए। ग्रंथकार सद्गुरुदेव जिस काल समाधि-अनुष्ठान में वृत्तिकूट आश्रम की गुहा में निवास करते थे, उस काल में नित्य अनादि सद्गुरुदेव प्रकट हुए हैं और ब्रह्मविद्या के अंतिम तत्व का सद्बोध दे, शांति प्रदान किए हैं। उसी का वर्णन इस दोहे में किया गया है।

**सद्गुरु दीन दयाल हो, कृपा सिन्धु गुरुदेव।**
**वृत्तिकूट दर्शन दिये, मैं अबोध नहिं सेव॥ 04॥**

**शब्दार्थ :** (दीन दयाल) असहाय आत्मा, समर्पित भक्त पर दया करने वाला (कृपा सिन्धु) कृपासागर (अबौध) न जानकर (सेव) सेवा-भक्ति।

**भाष्य :** कृपासागर भक्तवत्सल नित्य अनादि सद्गुरुदेव वृत्तिकूट आश्रम पर दर्शन दिए, परंतु मैने उन्हें न जानकर उनकी सेवा नहीं की। नित्य अनादि सद्गुरुदेव प्रथम वृत्तिकूट आश्रम पर दर्शन दे, ब्रह्मविद्या के सर्वोत्कृष्ट लक्ष्य का निर्देश कर वहां से जाकर खारी गांव में प्रकट हुए हैं और वहां दो-तीन दिन व्यक्तिरूप में दर्शन दे, सबको अध्यात्मतत्व का उपदेश किए हैं, परंतु सद्गुरुदेव नित्य अनादि सद्गुरु सुकृतदेव का वृत्तिकूट आश्रम पर दर्शन पाकर भी उन्हें पहचान नहीं सके हैं।

# रिश्वत लेते दो लोक सेवक सहित पूर्व होमगार्ड गिरफ्तार



**गुवाहाटी ( हिंस )।** सतर्कता और भ्रष्टाचार-निरोधी निदेशालय, असम की अलग-अलग टीम ने अभियान चलाते हुए दो लोक सेवक एवं एक पूर्व होम गार्ड को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता से प्राप्त शिकायत पर कार्रवाई करते हुए निदेशालय की टीम ने आज बाक्सा जिलांतर्गत जालाह के शिमला कैंप के सर्किल इंस्पेक्टर गणेश बर्मन को 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। गणेश बर्मन ने शिकायतकर्ता की सास को आपराधिक मामले में राहत देने के एवज में 5 लाख रुपए की रिश्वत की मांग की थी। मामले की जांच सर्किल इंस्पेक्टर द्वारा की जा रही है। बाद में घटाकर 3 लाख रुपए कर दिया गया था। शिकायतकर्ता की शिकायत पर आज निदेशालय की एक टीम द्वारा कार्यालय सर्किल इंस्पेक्टर के कार्यालय में एक जाल बिछाया गया। गणेश बर्मन को रुपए स्वीकार करने के तुरंत बाद रंगे हाथों पकड़ा गया। मांगे गए रिश्वत के हिस्से के रूप में शिकायतकर्ता से उसके कार्यालय में 40 हजार रुपए दागी रिश्वत की रकम उसके कब्जे से बरामद कर ली गई है और तदनुसार स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में जब्त कर ली गई है। आरोपित लोक सेवक के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर उसे सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय, असम की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में आज एसीबी थाने में मामला दर्ज किया गया है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 में यथासंशोधित) की धारा 7(ए) के तहत मामला संख्या 40/2023 पंजीकृत किया गया है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं, एक अन्य कार्रवाई के दौरान निदेशालय की टीम ने धुबड़ी जिला के बिलासीपारा पुलिस स्टेशन के पुलिस उप-निरीक्षक दीवान राहिजुद्दीन अहमद ने एक आपराधिक मामले की केस डायरी को रद्दोबदल कर जमानत मिलने में आसानी पैदा करने के लिए शिकायतकर्ता से 10 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी। हालांकि, रिश्वत की राशि को घटाकर आठ हजार रुपए कर दिया गया था। शिकायतकर्ता की शिकायत पर निदेशालय की टीम ने रविवार की देर शाम को बिलासीपाड़ा थाना परिसर से पूर्व होमगार्ड सोनारूद्दीन शेख को रुपए स्वीकार करने के तुरंत बाद बीती रात 11.10 बजे रंगे हाथों पकड़ा गया। उप-निरीक्षक दीवान रहीजुद्दीन अहमद के साथ साजिश में शिकायतकर्ता से रिश्वत की मांग के हिस्से के रूप में 6 हजार रुपए दागी रिश्वत की राशि उसके कब्जे से बरामद कर ली गई है और स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में उसे जब्त कर लिया गया। सब-इंस्पेक्टर दीवान रहीजुद्दीन अहमद को भी रिश्वतखोरी के मामले में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपित लोक सेवक और पूर्व गृह रक्षक के खिलाफ पर्याप्त सबूत मिलने पर, उन्हें सतर्कता और भ्रष्टाचार विरोधी निदेशालय, असम की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में एसीबी थाना में में मामला दर्ज किया गया है। केस नंबर 39/2023 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7(ए) (2018 में यथासंशोधित) के तहत केस पंजीकृत किया गया है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# रंगिया व कोकराझाड़ में वंदे भारत रेल का गर्मजोशी के साथ किया गया स्वागत

**रंगिया/कोकराझाड़ ( विभास )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से असम की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित कई नेताओं और अधिकारियों ने गुवाहाटी से हरि झण्डी दिखाकर इसे रवाना किया। इसके पश्चात रेल के रंगिया जंक्शन पहुँचने पर स्थानीय करीब दो हजार से भी अधिक लोगों ने रेलवे स्टेशन प्रांगण में उपस्थित होकर इस वंदे भारत रेल का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। वहीं रंगिया के विधायक तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता और रंगिया के महकमाधिपति दिपन बर्मन, कामरूप जिला के पुलिस अधीक्षक हितेश चन्द्र रॉय, रंगिया रेल मंडल के मांडलिक प्रबन्धक बी के श्रीवास्तव ने वंदे भारत रेल को हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया। इस मौके पर रेलवे स्टेशन प्रांगण में एक खुली बैठक का भी आयोजन किया गया जिसमे रंगिया पौरसभा के अध्यक्ष अमरेंद्र लहकर, भाजपा उत्तर कामरूप जिला के अध्यक्ष सुबल पाल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत विधायक कलिता ने कहा कि अत्याधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस पूर्वोत ?तर के लोगों को गति और सुविधा के साथ यात्रा की सुंविधा प्रदान करेगी। इससे क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। गुवाहाटी को न्यू जलपाईगुड़ी से जोड़ने वाली यह रेलगाड़ी यात्रा में समय की बचत



करेगी। उल्लेखनीय है कि वंदे भारत एक ?सप्रेस से यात्रा में इस समय चलने वाली सर्वाधिक तेज गति की रेलगाड़ी से समय मे भारी बचत होगी। यह वंदे भारत एक्सप्रेस गुवाहाटी को न्यू जलपाईगुड़ी से जोड़ेगी और इस यात्रा में 5 घंटे 30 मिनट का समय लगेगा। **कोकराझाड़ से हमारे संवाददाता के अनुसार** न्यू जलपाईगुड़ी से गुवाहाटी तक पहला वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाने आज कोकराझाड़ और फकीराग्राम रेलवे स्टेशन में रेलवे विभाग द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कोकराझाड़ रेलवे स्टेशन में विधायक लोरेंस इस्लारी कोकराझाड़ डीसी वर्नाली डेका बीटीआर के कार्यकारी सदस्य रेव रीवा नार्जारी सहित रेलवे के कई अधिकारी उपस्थित थे। इसके अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। वहीं फकीराग्राम रेलवे स्टेशन में भी रेलवे विभाग के सोजाने से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# बोको : समरिया ब्लॉक महिला कांग्रेस समिति की अध्यक्ष नियुक्त



**नागरबेड़ा ( विभास )।** कामरूप जिले में नंबर 48 बोको विधानसभा क्षेत्र का समरिया ब्लॉक महिला कांग्रेस और बोको ब्लॉक महिला कांग्रेस की अध्यक्ष दिलुवारा हसीन और मीरा खाकलारी को नियुक्त किया गया। असम प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष मीरा बोरठाकुर गोस्वामी द्वारा हस्ताक्षरित एक आदेश के अनुसार, पार्टी के गुवाहाटी में राजीव भवन में असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष बबीता शर्मा, कामरूप जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोंकण दास की उपस्थिति में दिलुवारा हसीन को और समरिया ब्लॉक महिला कांग्रेस का अध्यक्ष मीरा खाकलारी को बोको ब्लॉक महिला कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। असम प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष मीरा बोरठाकुर गोस्वामी ने ब्लॉक महिला कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में दिलुवारा हसीन और मीरा खकलारी को औपचारिक रूप से पत्र सौंपे, जिससे बोको निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में व्यापक उत्साह फैल गया। बता दें कि बोको विधानसभा क्षेत्र से विधायक नंदिता दास बोको और सामरिया ब्लॉक महिला कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्षों दिलुवारा हसीन और मीरा खाकलारी को बधाई दी और उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में इन दोनों महिला नेताओं के नेतृत्व में पूरे बोको निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस का आधार और मजबूत होगा।

# गुणोत्सव में लगातार तीन बार ए प्लस ग्रेड पाने वाले विद्यार्थी सम्मानित



**रंगिया ( विभास )।** कामरूप जिला प्रशासन और कामरूप जिले के शिक्षा विभाग द्वारा अमीनगांव स्थित एकीकृत जिला उपायुक्त कार्यालय के बैठक कक्ष में आयोजित समारोह में हाल ही में घोषित हाई स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट परीक्षा में स्थान प्राप्त जिला के 4 मेधावी छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित करने के साथ गुणोत्सव में लगातार तीन बार ए-प्लस ग्रेड प्राप्त करने वाले जिले के कुल 148 स्कूल अधिकारियों को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि हाल ही में घोषित हाई स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट परीक्षा में बोर्का सातगांव के शंकरदेव शिशु निकेतन की छात्रा चंदिता दास ने छठा, गोरोइमारी आल आमीन इस्लामिक मॉडल स्कूल के नसिरुद्दीन फारूकी ने सातवां, रामदिया शंकरदेव विद्यानिकेतन के अर्णवज्योति दास ने आठवां और पुठिमारी के पायनियर अकादमी की बिपांची डेका ने दसवां स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया है। जिला उपायुक्त कीर्ति जल्ली ने इन चार उत्कृष्ट छात्रों को सम्मानित करने के साथ उनसे भविष्य में इस प्रवृत्ति को जारी रख जिले का गौरव बढ़ाने की कोशिश करने का आह्वान किया। जिला उपायुक्त ने यह भी कहा कि जिले ने इस वर्ष के गुणोत्सव में अच्छे परिणाम दिखाए हैं और सभी संबंधितों से यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयास करने का आग्रह किया कि आने वाले गुणोत्सव में जिले के सौ प्रतिशत स्कूलों को मिल सके आगामी गुणोत्सव में ए प्लस ग्रेड मिले। उन्होंने गुणोत्सव में सी और डी ग्रेड प्राप्त करने वाले विद्यालयों की समस्याओं को समझने और आने वाले समय में परिणाम सुधारने के लिए उत्साहपूर्वक कार्य करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है कि जिला प्रशासन ने अच्छे परिणाम दिखाने वाले स्कूलों को सम्मानित किया है और यह प्रक्रिया भविष्य में भी जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम के दौरान इस वर्ष के गुणोत्सव में सी व डी ग्रेड प्राप्त करने वाले कुल 47 विद्यालयों की समीक्षा की गई। समारोह में बोलते हुए, जिले के विद्यालय निरीक्षक अपूर्व ठाकुरिया ने छात्रों के बीच प्रधानाचार्यों से विशेष पठन कक्षाओं की व्यवस्था करके और हर स्कूल में पाठक संघों की व्यवस्था करके छात्रों के बीच पढ़ने के कौशल को बढ़ाने के उपाय करने का आग्रह किया।

# नकली सोना और नकली नोट के कारोबार से जुड़े 160 व्यक्ति गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम पुलिस नकली सोने के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ बड़े पैमाने पर राज्यव्यापी अभियान चला रही है। इस अभियान में असम पुलिस 15 मई से अब तक कुल 160 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। असम पुलिस मुख्यालय से सोमवार को एक बयान जारी कर बताया गया है कि इस मामले में असम पुलिस ने अब तक कुल 160 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार जिलेवार तथ्यों के अनुसार गुवाहाटी (मेट्रो) में तीन, कामरूप (ग्रामीण) में छह, बरपेटा में चार, नगांव में आठ, शोणितपुर में 45, दरंग में एक, लखीमपुर में 63, गोलाघाट में दो, मोरीगांव में 11, बंगाईगांव में दो, चिरांग में 10, बिश्वनाथ चाराली में 10, होजाई में तीन और तामुलपुर में एक मामला सामने आया है। प्रदेशभर के विभिन्न थानों में नकली सोना कारोबारियों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं और छापेमारी के दौरान पुलिस ने नकली नोट (रुपए), नकली सोना, लैपटॉप, कंप्यूटर आदि सहित विभिन्न सामान भी जब्त किया है। पुलिस की कार्रवाई तब तक जारी रहेगी, जब तक राज्य से नकली सोने का यह कारोबारी तंत्र पूरी तरह से समाप्त नहीं हो जाता। उल्लेखनीय है कि नकली सोने के कारोबार के चलते ही असम पुलिस के एक युवा सब इंस्पेक्टर की रहस्यमय परिस्थिति में मौत हो गई। इस मामले में लखीमपुर जिला और नगांव जिला के सभी पुलिस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया था। इस घटना के मद्देनजर ही मुख्यमंत्री ने नकली सोना के कारोबार को जड़ समूल उखाड़ फेंकने के लिए पुलिस को कड़ा निर्देश दिया है। असम के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने तीन महीने के अंदर इस अवैध कारोबार को बंद करने का भरोसा जताया है।

# चेंगा व नगरबेड़ा के तुपामारी अजान शिशु निकेतन में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**नगरबेड़ा ।** बरपेटा जिले के चेंगा निर्वाचन क्षेत्र के दक्षिणी किनारे पर स्थित चर क्षेत्रों के एक निजी स्कूल, कासुमारा में हालिमॉन नेसा अकादमी में स्कूल प्रशासन की पहल पर आज एक सम्मान बैठक आयोजित की गई। हाल ही में घोषित हाईस्कूल परीक्षा के परिणाम में स्कूल से उपस्थित हुए सभी 50 परीक्षार्थी विशिष्टता के साथ उत्तीर्ण होने में सफल रहे। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हबीबुर रहमान ने 100 प्रतिशत उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिए बैठक की अध्यक्षता की। विद्यालय के सहायक अध्यापक एम मोइनुल हक द्वारा संचालित आयोजित सम्मान समारोह में हाल ही में घोषित हाईस्कूल परीक्षा के परिणाम में विद्यालय की प्रसिद्धि से उत्तीर्ण होने वाले 50 विद्यार्थियों को फुलम गामोछा, प्रमाण पत्र एवं पेन देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य नजरूल इस्लाम, अजगर अली मेमोरियल हाई स्कूल के प्रधानाचार्य अब्दुर रशीद, अंदाभांगा एमई मदरसा के प्रधानाध्यापक हनीफ उद्दीन अहमद, समाजसेवी





अलहाज जसमत आली, अल्हाज चांद आली अहमद आदि उपस्थित थे। बैठक में स्कूल के शिक्षक, छात्र और अभिभावक शामिल हुए। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि स्कूल के अधिकारियों ने स्कूल से पिछले 2021-2022 में उच्च माध्यमिक अंतिम परीक्षा में उत्तीर्ण करने वाले छह छात्रों को भी सम्मानित किए गए। **दूसरी ओर** कामरूप में सामरिया शिक्षा खंड के अंतर्गत निजी क्षेत्र में तुपामारी अजान शिशु निकेतन में स्कूल प्रशासन की पहल पर आज एक सम्मान बैठक आयोजित की गई। हाल ही में घोषित हाईस्कूल परीक्षा के परिणाम में स्कूल से शामिल हुए 10 परीक्षार्थियों के छात्र रेहानुल हक ने उच्च गणित विषय में एक सौ प्रतिशत में से एक सौ अंक प्राप्त किए और वे सभी प्रसिद्धि से उत्तीर्ण होने में सफल रहे। सेवानिवृत्त शिक्षक अहसान आली ने 100 प्रतिशत उत्तीर्ण और स्कूल का नाम रोशन करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के लिए बैठक की अध्यक्षता की। स्कूल के मालिक जाबेल हक द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में हाल ही में घोषित हाईस्कूल परीक्षा के परिणामों को पास करने वाले 10 छात्रों को फुलम गामोछा, शरई और पेन से सम्मानित किया गया। बैठक में विद्यालय के प्रधानाचार्य खुर्शीद आलम, अल्हाज जसीम उद्दीन, रंगेश्वरी तुपामारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक आलहाज जछीम उद्दीन, तुपामारी ग्राम पंचायत सहकारी समिति के अध्यक्ष जाहान उद्दीन, जाकिर हुसैन, शिक्षक हिकम आली, भखुराड़िया हलंगापारा उच्च मदरसा के प्रधानाध्यापक मुफज्जल हक आदि उपस्थित थे। बैठक में स्कूल के शिक्षक, छात्र और अभिभावक शामिल हुए।

# देशभक्ति जागरूकता पर व्याख्यानमाला का आयोजन

**शोणितपुर ( हिंस )।** शोणितपुर जिलांतर्गत चारीदुआर स्थित असम रायफल्स की लोकरा बटालियन ने आज लोकरा फुटबॉल मैदान में हाईस्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों तथा लोकरा के आसपास के ग्रामीणों की उपस्थिति में देशभक्ति व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस दौरान असम रायफल्स के पाइप बैंड ने मनमोहक प्रस्तुतित दी। आजादी के अमृत महोत्सव की कड़ी में पाइप बैंड की धुनों पर आधारित शानदार प्रस्तुति देख उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए। असम राइफल्स के इस कार्यक्रम को देखने के लिए काफी संख्या में स्थानीय लोग पहुंचे थे। असम रायफल्स के अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों से लोगों में देश के प्रति सद्भावना जागृत होती है।

# रंगिया प्रशासन ने की विशेष बैठक आयोजित



**रंगिया ( विभास )।** अतिरिक्त उपायुक्त तथा रंगिया के महकमाधिपति दीपन बर्मन की अध्यक्षता में रंगिया महकमाधिपति कार्यालय कार्यालय के बैठक कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। रंगिया पौरसभा की कार्यवहक अधिकारी नील हरित कौशिक द्वारा संचालित इस बैठक में महकमे के विभिन्न बैंकों के अधिकारी, विभिन्न अस्पतालों के प्रतिनिधि, विभिन्न शॉपिंग मॉल के प्रतिनिधि, रंगिया चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि और नर्सरी के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के संयोजन में रंगिया नगर में परिकल्पित वृक्षारोपण के मुद्दे पर चर्चा की गई। बैठक में रंगिया महकमा प्रशासन की पहल और रंगिया के लोगों की मदद से सफेद, पिले और गुलाबी फूलों के पौधे लगाकर रंगिया को गार्डन वैली में रूपांतरित करने की योजना पर विचार विमर्श किया गया।

# एसएसबी ने चलाया पल्स पोलियो अभियान




**कोकराझाड़।** छठीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल रानीगुली के कार्यवाहक कमांडेंट लोकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में एव वाहिनी अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सौम्या हलदर सीएमओ (एस.जी.) के निर्देशानुसार वाहिनी मुख्यालय के मुख्य द्वार पर पल्स पोलियो अभियान का शिविर लगया गया। जिसमें वाहिनी मुख्यालय में रहने वाले कार्मिकों के बच्चों व आने जाने वाले लगभग 90 आम नागरिकों के बच्चों को पोलियो दवा पिलाई गई। डॉ. सौम्या हलदर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा पोलियो पिलाने आए सभी बच्चों के अभिभावकों को संबोधित करते हुए बताया कि यह एक संक्रामक रोग है, जो एक ऐसे वायरस से उत्पन्न होता है, जो गले तथा आत में रहता है। यह आम तौर पर एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में संक्रमित व्यक्ति के मल के माध्यम से फैलता है। यह नाक और मुह के स्त्राव से भी फैलता है, हालांकि, यह मुख्यत एक से पांच वर्ष की आयु के बच्चों को ही प्रभावित करता है, क्योंकि उनमें रोग प्रतिरोधक क्षमता पूरी तरह विकसित नहीं हुई होती है। इसलिए आप सभी अभिभावको से आग्रह है की अपने-अपने बच्चों को सही समय पर पोलियों का टीका लगवाना ना भूले। इस पल्स पोलियों अभियान में वाहिनी अस्पताल के सभी बल कर्मी उपस्थित रहे।

# महेश नवमी पर गौहाटी गौशाला से निकली भव्य शोभायात्रा

**गुवाहाटी ( विभास )।** माहेश्वरी जाति के उत्पत्ति दिवस के रूप में महेश नवमी के अवसर पर गुवाहाटी महेश्वरी समाज द्वारा गुवाहाटी गौशाला से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो छत्रीबाड़ी, एटी रोड, फैंसी बाजार, आठगांव होते हुए महेश्वरी भवन में समापन हुई। इस शोभायात्रा को समाजसेविका सरला- कैलाश काबरा ने हरी झंडी दिखाकर भगवान महेश के जयकारों के साथ शुभारंभ किया। भगवान महेश के श्रद्धालुओं ने जय महेश के उदघोष से हर गली चौराहे पर शोभायात्रा को गुंजायमान कर दिया। शोभा यात्रा में सबसे आगे गजराज व उनके पीछे असमिया संस्कृति से ओतप्रोत स्त्रिया नृत्य व बिहू नृत्य का दल चल रहा था। पुरुष कुर्ता पायजामा व साफा तथा महिलाएं लाल चुनड़ी साड़ी में भगवान महेश के भजन गाते हुए चल रहे थे। छत्रीबाड़ी, आठगांव में श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का शरबत व पेयजल से स्वागत किया। शोभायात्रा में शिव पार्वती की जीवंत झांकी के रूप में बनवारी बबीता सारडा सबके आकर्षण का केंद्री बने हुए थे। इसके अलावा




भगवान शिव का नृत्य भी सबको आकर्षित कर रहा था। इस अवसर पर महेश्वरी सभा के अध्यक्ष सीताराम बिहानी, सचिव सुरेंद्र लाहोटी, आसाम महेश्वरी सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष भगवानदास दमानी, माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष शिवरतन सोनी, महेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष बर्षा सोमानी, शोभा यात्रा संयोजक रमेश चांडक व संदीप राठी, महेश नवमी संयोजक रमेश तापड़िया, सह संयोजक पवन साबू,रामेश्वर तापड़िया और जीतू राठी ने सभी को महेश नवमी की शुभकामनाएं प्रेषित की। इससे पहले प्रात: पूजा संयोजक कन्हैयालाल कंकानी व कुंज बिहारी काबरा के संयोजन में मुख्य यजमान श्याम सुंदर काबरा ने सपत्नी भगवान महेश की पूजा अर्चना व आरती की। उल्लेखनीय है कि महेश नवमी समारोह का समापन आगामी 4 जून को माछखोवा स्थित आईटी सेंटर में सम्मान समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा महाप्रसाद के साथ किया जाएगा। आज के कार्यक्रम में पूर्वोत्तर सेवा न्यास के चेयरमेन दाऊलाल सारडा, अखिल भारतीय महेश्वरी महासभा के पूर्वांचल उपाध्यक्ष कैलाश काबरा पूर्वोत्तर माहेश्वरी सभा के सचिव राजकुमार सोमानी के अलावा मुकुंद दास मुंदडा, श्रीनिवास जाजू एवं समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महेश्वरी समाज की सभी सामाजिक इकाइयां व वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों का भरपूर सहयोग रहा।

# प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा से पहले पूरा होगा जीई के फाइटर जेट इंजन निर्माण का सौदा

**- एलसीए मार्क-2 के लिए 'आत्मनिर्भर योजना' के तहत भारत में होगा जेट इंजनों का निर्माण**
**- अमेरिकी 30 एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन खरीदने के सौदे पर भी हस्ताक्षर होने की उम्मीद**

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत में फाइटर जेट इंजन बनाने की जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) की योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कई अरब डॉलर का यह सौदा इस सप्ताह अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन की भारत यात्रा के दौरान पूरा होने की संभावना है। ऑस्टिन की नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात के दौरान 30 एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन खरीदने के सौदे पर भी हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। अमेरिकी रक्षा सचिव ऑस्टिन लॉयड इस सप्ताह भारत की यात्रा पर नई दिल्ली आएंगे। जनवरी, 2021 में कार्यभार संभालने के बाद से यह ऑस्टिन की भारत की दूसरी यात्रा होगी। अपनी भारत यात्रा के दौरान ऑस्टिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य नेताओं से मिलेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात के दौरान दोनों पक्ष जून में पीएम मोदी की प्रस्तावित अमेरिका यात्रा से पहले लंबित सौदों को अंतिम रूप देंगे। शीर्ष स्तर के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि वे 'एयर इंफॉर्मेशन शेयरिंग' समझौते के जल्द निष्कर्ष पर भी चर्चा कर सकते हैं। ओहियो स्थित जीई की सहायक कंपनी जीई एयरोस्पेस भारत में फाइटर जेट इंजन बनाने की प्रौद्योगिकी विकसित करने की योजना पर भारत के साथ एक साल से अधिक समय से चर्चा कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी की 21 से 24 जून तक अमेरिका की आधिकारिक राजकीय यात्रा प्रस्तावित है, जहां उनकी मेजबानी व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति जो बाइडेन करेंगे। फाइटर जेट इंजन सौदे की घोषणा प्रधानमंत्री मोदी की अगले महीने अमेरिका की राजकीय यात्रा के दौरान की जा सकती है। दरअसल, इस साल जनवरी में व्हाइट हाउस को भारत में संयुक्त रूप से इंजन बनाने के लिए जीई से एक आवेदन मिला है।



वाशिंगटन डीसी में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और उनके अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन पहले दौर की वार्ता कर चुके हैं। भारत में जीई के एफ-414 जेट इंजनों का निर्माण सरकार की 'आत्मनिर्भर योजना' के तहत स्वदेशी लड़ाकू विमान लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) मार्क-2 की ताकत बढ़ाने के लिए है। एलसीए मार्क-1 जीई कंपनी के एफ-404 इंजन से ही संचालित हैं। अब एलसीए मार्क-2 के लिए भारत में ही जीई के एफ-414 जेट इंजनों के साथ भारत की विदेशी निमार्ताओं के साथ मिलकर 114 मल्टीरोल फाइटर जेट विकसित करने की भी योजना है। अमेरिका भी भारत के साथ जेट इंजन प्रौद्योगिकी के पूर्ण हस्तांतरण के लिए तैयार है। इसकी घोषणा अमेरिकी वायु सेना के सचिव फ्रैंक केंडल ने इसी साल मार्च में अपनी भारत यात्रा के दौरान एनएसए डोभाल और विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात के दौरान की थी। भारत ने चीन के साथ-साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के संवेदनशील क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने और निगरानी को बढ़ावा देने के लिए सेना, नौसेना और वायु सेना ने एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन की जरूरत जताई है। खासकर हिंद महासागर क्षेत्र में नौसेना अपनी उपस्थिति बढ़ाना चाहती है। इसलिए ऑस्टिन की यात्रा के दौरान 30 एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन खरीदने के सौदे पर भी हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। इस ड्रोन के आने के बाद हिंद महासागर पर चीन के खिलाफ घेराबंदी और मजबूत हो सकेगी। अगर यह डील फाइनल हो जाती है तो भारत और अमेरिका के रिश्तों में यह एक मील का पत्थर होगी।

## मध्य प्रदेश विधान सभा चुनाव पर कांग्रेस का मंथन, राहुल बोले 150 सीटें जीतेगी पार्टी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस अध्यक्ष अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में सोमवार को मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक हुई। बैठक के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पार्टी कर्नाटक जैसी ही रणनीति मध्यप्रदेश में भी अपनाएगी। उन्होंने दावा किया कि पार्टी दिसंबर में होने वाले चुनावों में 150 सीटें जीतेगी। मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई बैठक में राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह सहित केन्द्रीय नेतृत्व और राज्य के नेताओं ने भाग लिया। इस बैठक के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि हमारा आंतरिक आंकलन था कि हमें कर्नाटक में 136 सीटें मिलेंगी। इसी तरह हमें मध्य प्रदेश में 150 सीटें मिलने की आशा है। उन्होंने कहा कि जो कर्नाटक में किया उसे मध्यप्रदेश में दोहराया जाएगा। वहीं मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री चेहरे कौन होगा इस सवाल पर राहुल गांधी ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। वहीं पार्टी नेता कमलनाथ ने कहा कि अभी बेहद महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें चुनाव की रणनीति और मध्य प्रदेश का भविष्य कैसे सुरक्षित रखा जाए इस पर चर्चा हुई।

## राजधानी में बीच सड़क पर 16 वर्षीय लड़की की निर्मम हत्या, मूक दर्शक बने रहे लोग

अजय कुमार

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में निर्मम हत्या का मामला सामने आया है। बाहरी उत्तरी जिले के शाहबाद डेरी इलाके में 16 वर्षीय लड़की पर एक शख्स (साहिल) ने चाकू से 40 से अधिक वार कर उसकी हत्या कर दी। वह यहीं नहीं रुका, बल्कि पत्थर से उसके ऊपर कई प्रहार किये। इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है, जो विचलित करने वाला है। वीडियो में पूरी घटना दिखाई दे रही है। जब शख्स घटना को अंजाम दे रहा था, तब आसपास से कई लोग गुजर रहे थे, लेकिन लड़की की चीख-पुकार सुनकर भी किसी ने उसे बचाने का प्रयास नहीं किया। पूरा वीडियो 1.26 मिनट का है। हत्या का आरोप साहिल पर लगा है। पुलिस के मुताबिक साहिल और लड़की के बीच दोस्ती थी, लेकिन रविवार रात दोनों के बीच झगड़ा हो गया था। आगे पुलिस ने सोमवार को बताया कि रविवार शाम लड़की जब अपनी दोस्त नीतू के बेटे के जन्मदिन पार्टी में जा रही थी, तभी साहिल ने उसे रोककर चाकू से हमला




कर किया और करीब 40 वार किये। फिर पत्थर से कुचल दिया। फिलहाल आरोपित साहिल फरार है। पुलिस टीम उसकी तलाश में दबिश दे रही है। हैरानी की बात यह है कि साहिल उस लड़की पर चाकुओं से लगातार हमला करता रहा, लेकिन आसपास से गुजर रहे लोगों ने चुपचाप बचकर निकलते दिखाई दे रहे हैं। यह वीडियो कानून-व्यवस्था के साथ-साथ नये बन रहे समाज पर गहरे सवाल उठाता है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि आरोपित साहिल का लड़की के साथ झगड़ा हुआ था। इसे लेकर साहिल नाराज था। उसने लड़की को मारने की भी धमकी दी थी। रविवार की रात जब वह अपनी दोस्त के यहां जन्मदिन पार्टी में जा रही थी, तभी रास्ते में साहिल ने उसे रोक और घटना को अंजाम दे दिया। शाहबाद डेयरी थाने में आईपीसी की धारा 302 के तहत आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इस घटना को लेकर दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने भी ट्वीट कर कहा कि, दिल्ली के शाहबाद डेरी में एक नाबालिग मासूम गुड़िया को चाकू गोद-गोदकर मारा गया और उसके बाद पत्थर से कुचल दिया गया। दिल्ली में दरिंदों के हौसले बुलंद हैं। पुलिस को नोटिस जारी कर रहे हैं। सब हदें पार हो गई हैं। मैंने अपने इतने सालों के करियर में इससे ज्यादा भयानक कुछ नहीं देखा। वहीं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि ह्न दिल्ली में खुलेआम एक नाबालिग बच्ची की बेरहमी से हत्या कर दी जाती है। ये बेहद दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। अपराधी बेखौफ हो गए हैं, पुलिस का कोई डर ही नहीं है। एलजी साहब, कानून व्यवस्था आपकी जिम्मेदारी है, कुछ कीजिए। दिल्ली के लोगों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है।

## पीठ नहीं दिखाएंगे, सीने पे खाएंगे गोली : बजरंग पूनिया

अजय त्यागी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने वाले पहलवानों में शामिल रहे बजरंग पूनिया ने एक पूर्व आईपीएस के ट्वीट को रि-ट्वीट कर भावुकता पूर्ण बातें लिखीं और कहा कि हमें गोली मारने की बात हो रही है। कसम है पीठ नहीं दिखाएंगे, सीने पे खाएंगे तेरी गोली। दरअसल, जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को केंद्र में रखकर पूर्व आईपीएस अधिकारी डॉ. एनसी अस्थाना ने ट्वीट कर इन्हें गोली मारने की बात कही तो उनका ट्वीट वायरल हो गया। उसपर तेजी से प्रतिक्रियाएं आने लगीं। इसी क्रम में पहलवान बजरंग पूनिया ने भी ट्वीट किया। उक्त ट्वीट को रि-ट्वीट कर बजरंग पूनिया ने कहा कि एक आईपीएस ऑफिसर हमें गोली मारने की बात कर रहा है। भाई सामने खड़े



हैं, बताएं कहां आना है गोली खाने? कसम है पीठ नहीं दिखाएंगे, सीने पे खाएंगे तेरी गोली। यही रह गया है अब हमारे साथ करना तो यो भी सही। उल्लेखनीय है कि रविवार को संसद भवन की ओर जाने से रोके जाने पर पहलवान बजरंग पूनिया ने कहा था कि हमें गोली मार दो। इसके जवाब में पूर्व आईपीएस के ट्वविटर हैंडल से पहलवानों को गोली मारने की बात कहते हुए उनसे पोस्टमार्टम टेबल पर फिर मिलने की बात कही गई। इसके बाद विवाद गर्म होता गया। फिलहाल हिरासत में लिए गए पहलवान विनेश फोगाट, संगीता फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया को छोड़ दिया गया है। साथ ही साक्षी मलिक ने कहा है कि पुलिस की गिरफ्त से निकलकर वे फिर से जंतर-मंतर पर बैठेंगी और न्याय की मांग तेज करेंगी।

## पंजाब के कांग्रेस नेता केजरीवाल को नहीं देना चाहते समर्थन

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली अध्यादेश मामले में समर्थन जुटा रहे हैं। वहीं इस मामले में कांग्रेस में ही गतिरोध शुरू हो गया है। अब पंजाब के कांग्रेस नेता केजरीवाल को समर्थन नहीं देने की मांग कर रहे हैं। असंतोष को देखते हुए कांग्रेस आलाकमान ने अहम बैठक बुलाई है। वहीं कांग्रेस नेतृत्व राजस्थान कांग्रेस में भी जारी उथल-पुथल पर आज यानी सोमवार को बड़ा फैसला ले सकता है। दरअसल, पंजाब इकाई ने कोई भी फैसला लेने से पहले शीर्ष नेतृत्व को राज्य के नेताओं से बात करने की अपील की थी। खबर है कि ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल को पंजाब कांग्रेस से इस मुद्दे पर रिपोर्ट मिली थी। इसके चलते प्रदेश अध्यक्ष राजा अमरिंदर सिंह वडिंग, प्रताप सिंह बाजवा, सुखजिंदर सिंह रंधावा समेत कांग्रेस के कई बड़े नेताओं को दिल्ली तलब किया गया है। खास बात है कि अजय माकन और संदीप दीक्षित जैसे कांग्रेस के बड़े नेता भी केजरीवाल का समर्थन करने के विचार पर सवाल उठा चुके हैं। केजरीवाल को समर्थन न देने के मुद्दे पर नेता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात करेंगे। राहुल गांधी भी बैठक का हिस्सा हो सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पार्टी के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि आप ने पार्टी को जमकर



निशाना बनाया है। ये राज्य में पार्टी को खत्म करना चाहते हैं। इसलिए मजबूत जनाधार वाले नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। पार्टी आलाकमान को अरविंद केजरीवाल से मिलने का समय नहीं देना चाहिए। यह पंजाब की राजनीति के लिए ठीक नहीं है। बाजवा भी कह चुके हैं कि आप के साथ एकता दिखाना ठीक नहीं है, क्योंकि केजरीवाल की पार्टी ने कांग्रेस विधायकों के खिलाफ पंजाब में अभियान छेड़ रखा है। कांग्रेस हाईकमान से अपील की गई है कि पंजाब, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड, गुजरात और कर्नाटक इकाइयों से बात करने के बाद ही केजरीवाल का समर्थन करने पर फैसला लिया जाए। केजरीवाल ने ही खड़गे और राहुल से समर्थन की मांग की है। हालांकि, कांग्रेस भी आप प्रमुख के साथ सख्ती बरतने के मूड में है। पार्टी नेताओं ने साफ कर दिया है कि समर्थन की मांग से पहले आप को पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह, दिवंगत शीला दीक्षित समेत कई नेताओं से माफी की मांग की थी।

## पीएम मोदी ने तुर्की के राष्ट्रपति का चुनाव जीतने पर एर्दोगन को दी बधाई

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेसेप तईप एर्दोगन को राष्ट्रपति का चुनाव जीतने पर बधाई दी। मोदी ने एक ट्वीट में कहा तुर्की के राष्ट्रपति के रूप में फिर से चुने जाने पर एर्दोगन को बधाई! मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में वैश्विक मुद्दों पर हमारे द्विपक्षीय संबंध और सहयोग बढ़ते रहेंगे। रविवार को हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में एर्दोगन ने विपक्षी नेता केमल किलिचडारोग्लू को हराकर ऐतिहासिक तीसरा कार्यकाल हासिल किया। 99.43 प्रतिशत मतों की गिनती के साथ तुर्की की सुप्रीम इलेक्शन काउंसिल द्वारा घोषित प्रारंभिक आधिकारिक परिणामों ने एर्दोगन को 52.14 प्रतिशत मतपत्रों के साथ जीतते हुए दिखाया गया, जबकि किलिचडारोग्लू को 47.86 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए। 14 मई को राष्ट्रपति चुनाव के पहले दौर में एर्दोगन ने 49.52 प्रतिशत वोट अर्जित किए, जबकि किलिचडारोग्लू को 44.88 प्रतिशत वोट मिले थे। विजेता के लिए आवश्यक मतों में से किसी ने भी पहले दौर में 50 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल नहीं किए थे।

## सुप्रीम कोर्ट ने एंटीलिया मामले में पूर्व पुलिस अधिकारी प्रदीप शर्मा को जमानत देने से किया इनकार

आशीष वर्मा


**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर एंटीलिया को 2021 में बम से उड़ाने की साजिश रचने और व्यवसायी मनसुख हिरेन की हत्या के मामले के आरोपित और पूर्व पुलिस अधिकारी प्रदीप शर्मा को कोई राहत नहीं दी है। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली अवकाशकालीन बेंच ने प्रदीप शर्मा को फिलहाल जमानत देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने अंतरिम जमानत के लिए अलग से अर्जी दाखिल करने की मांग को स्वीकार करते हुए मामले की सुनवाई 2 जून को नियत की है। प्रदीप शर्मा की ओर से कहा गया कि इस मामले में वह दो सालों से जेल में बंद हैं। याचिकाकर्ता की पत्नी का 2015 में गैस्ट्रिक बाइपास सर्जरी के लिए ऑपरेशन किया गया था। अभी उनको गंभीर समस्या है। उनका वजन 6 किलो कम हो गया है। शर्मा की ओर से मानवीय आधार पर अंतरिम जमानत देने की मांग की गई। सुनवाई के दौरान एएसजी एसवी राजू ने कहा कि प्रदीप शर्मा की पत्नी नियमित रूप से अस्पताल में उनसे मिलने आती रही हैं। मेरे पास इसका रिकॉर्ड भी है। तब कोर्ट ने पूछा कि अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने की मांग वाली अर्जी में आप अंतरिम जमानत कैसे ले सकते हैं। आपकी अर्जी में अंतरिम जमानत के लिए कोई प्रार्थना नहीं है। कोर्ट ने कहा कि आप अंतरिम जमानत के लिए उचित आवेदन दाखिल करें। दरअसल, 23 जनवरी को बॉम्बे हाई कोर्ट ने शर्मा की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसको उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। प्रदीप शर्मा को मुंबई के स्पेशल एनआईए कोर्ट ने भी जमानत देने से इनकार कर दिया है, जिसको बॉम्बे हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी। मुकेश अंबानी के घर एंटीलिया को फरवरी 2021 में बम से उड़ाने की घटना की जांच कर रही एनआईए का आरोप है कि प्रदीप शर्मा उस गिरोह का सक्रिय सदस्य था, जिसने अंबानी सहित अन्य को डराने की साजिश रची थी। चूंकि हिरेन को अंबानी परिवार को डराने की साजिश का पता था, जिसके चलते उसकी मार्च 2021 में हत्या कर दी गई। एनआईए के मुताबिक शर्मा ही हिरेन की हत्या में मुख्य साजिशकर्ता था। उसने हिरेन की हत्या करने में अपने पूर्व सहयोगी सचिन वाझे की मदद की थी। इस मामले में वह जून 2021 में गिरफ्तार किया गया था। फि लहाल वह जेल में बंद है।

## बॉम्बे हाई कोर्ट ने रेप पीड़िता को 23 हफ्ते का गर्भ हटाने की दी अनुमति

**मुंबई (ईएमएस)।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक रेप पीड़िता को 23 हफ्ते का गर्भ हटाने की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर महिला को बच्चा पैदा करने के लिए मजबूर किया जाता है तो यह उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। जस्टिस अभय आहूजा और मिलिंद साथाए ने अपने फैसले में कहा कि अगर महिला को जबरन गर्भ रखवाया जाता है तो उसके अधिकारों का उल्लंघन होगा। महिला को अपना सम्मान सुरक्षित रखने और शारीरिक स्थिति के हिसाब से फैसला करने का मौलिक अधिकार है। दरअसल, पीड़िता 2016 से ही आरोपी के साथ रिलेशनशिप में थी। 2018 में महिला की शादी किसी और शख्स से हो गई। अक्टूबर 2022 में एक बार महिला के पति ने शराब पीकर उसे बुरी तरह से पीटा। उस वक्त उनका एक बेटा भी था। पति ने बेटे को भी मारा। इसके बाद महिला ने अपने पूर्व ब्वॉय फ्रेंड को फोन किया और कहा कि वह उसके घर आना चाहती है। महिला अपने बच्चे के साथ ब्वॉय फ्रेंड के घर चली गई। महिला ने आरोप लगाया था कि उसके एक्स ब्वॉय फ्रेंड ने उससे शादी का वादा किया और फिर शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी ने कुछ सप्ताह बाद महिला के घर के पास में ही किराए पर कमरा ले लिया। जब महिला को पता चला कि वह प्रेग्नेंट है तो उसने ब्वॉय फ्रेंड को बताया। इसके बाद से आरोपी उसे धमकियां देने लगा और इस बात से भी इनकार कर दिया कि वह उसका बच्चा है।

## दुनिया की कोई ताकत जम्मू-कश्मीर की प्रगति को नहीं रोक सकतीः उपराज्यपाल

**जम्मू, (हि.स.)।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत जम्मू-कश्मीर को प्रगति और विकास की नई ऊंचाइयों को छूने से नहीं रोक सकती है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर की तरह बदल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश शांति, प्रगति और समृद्धि की ओर बढ़ रहा है। उपराज्यपाल सिन्हा यहां चिड़ियाघर का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे।उपराज्यपाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर बदल रहा है और अच्छे के लिए बदल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार विकास हो रहा है। आज हमारे पास उत्तर भारत का सबसे बड़ा चिड़ियाघर है, जो 3200 कनाल भूमि में फैला हुआ है और जिसे 62.17 करोड़



रुपये की लागत से बनाया गया है। उपराज्यपाल ने कहा कि जम्मू की तवी नदी पर जल्द ही रिवर फ्रंट बनेगा, जबकि बालाजी मंदिर का उद्घाटन 8 जून को होगा। इसके साथ ही जम्मू चिड़ियाघर में विभिन्न प्रकार के जानवर, दृश्य, एम्फीथिएटर, स्मारिका दुकान, पार्क, प्रकृति ट्रेल्स, रिफ्रेशमेंट पॉइंट और चिड़ियाघर की यात्रा के लिए बीओवी होंगे। जम्मू के वन्य जीवन विभाग के अनुसार पहले सप्ताह में निशुल्क प्रवेश होगा।

## पटना में आयोजित होने वाली विपक्ष की महा बैठक में शामिल होंगी ममता बनर्जी

**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अगले महीने बिहार की राजधानी पटना में होने वाली विपक्ष की महा बैठक में शामिल हो सकती हैं। तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों ने सोमवार को इस बारे में जानकारी दी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जद (यू) की बैठक से मिले संकेतों के मुताबिक भाजपा विरोधी पार्टियों की बहु प्रतीक्षित बैठक 12 जून को पटना में हो सकती है। तृणमूल के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि अगले महीने बिहार में विपक्षी दलों की बैठक में ममता बनर्जी के शामिल होने की संभावना



है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों बंगाल दौरे पर आये नीतीश कुमार के साथ मुलाकात के दौरान ममता बनर्जी ने पटना में विपक्षी नेताओं की बैठक आयोजित करने का प्रस्ताव दिया था। ममता बनर्जी ने कहा था कि जयप्रकाश नारायण ने भी अपने आंदोलन की शुरूआत बिहार से की थी और वर्तमान भाजपा सरकार के खिलाफ भी आंदोलन की शुरूआत पटना से होनी चाहिए। इस महीने की शुरूआत में कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद बनर्जी ने कहा था कि तृणमूल 2024 के लोकसभा चुनाव में उन राज्यों में गैर भाजपा पार्टियों का समर्थन करेगी, जहां वे मजबूत हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले साल अगस्त में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए से नाता तोड़ने के बाद नीतीश कुमार विपक्ष को एकजुट करने की कोशिशों में लगे हुए हैं।

## अंतरिक्ष में इसरो की एक और छलांग, भारत की आत्मनिर्भर उड़ान, NVS-01 सैटेलाइट की सफल लॉन्चिंग

**श्रीहरिकोटा, (हिंसा)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आज श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से नई पीढ़ी का नेविगेशन सैटेलाइट को सुबह 10 बजकर 42 मिनट पर लॉन्च किया गया. इस सैटेलाइट का नाम है NVS-01 है, जिसे जीएसएलवी-F12 रॉकेट के जरिए लॉन्च पैड-2 से छोड़ा गया। 19 मिनट बाद NVS-01 उपग्रह को सफलतापूर्वक कक्षा में लॉन्च किया गया। प्रयोग सफल होने पर वैज्ञानिकों ने एक-दूसरे को बधाई दी। इसरो द्वारा सोमवार को किए गए इस प्रयोग की सफलता से स्वदेशी नेविगेशन सिस्टम पूरी तरह उपलब्ध हो जाएगा। उपग्रह बारह वर्षों तक सेवाएं प्रदान करेगा। नविक नाम से घरेलू नेविगेशन सेवाएं जल्द ही शुरू की जाएंगी। यह सैटेलाइट भारत और उसकी सीमाओं के चारों तरफ 1500 किलोमीटर तक नेविगेशन सेवाएं देगा. यह सैटेलाइट मुख्य रूप से एल-1 बैंड के लिए सेवाएं देगा. भारतीय



अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन प्रमुख डॉ. एस सोमनाथ ने लॉन्च हुई सैटेलाइट NVS-01 पर जानकारी देते हुए बताया कि फिलहाल भारत सात पुराने नाविक सैटेलाइट्स से काम चला रहा था, लेकिन उनमें से तीन खराब हो चुके और केवल 4 काम कर रहे थे. डॉ. एस सोमनाथ ने बताया कि तीनों सैटेलाइट को बदलते तब तक बाकि चार भी खराब हो जाते. इसे ध्यान में रखते हुए पांच नेक्स्ट जेनरेशन नाविक सैटेलाइट्स एनवीएस को छोड़ने का फैसला लिया गया. श्रीहरिकोटा में स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 2,232 किलोग्राम का यह M नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम को मजबूत करने के लिए NVS-01 नामक एक नेविगेशन सैटेलाइट लॉन्च किया गया था। NVS-01 उपग्रह को L-5 और S-बैंड सिग्नल के साथ संचालित करने के लिए नया डिजाइन किया गया है। सैटेलाइट NVS-01 अगले 12 साल तक काम करेगी. ये सैटेलाइट NVS-01 दो सोलर पैनल से एनर्जी लेगा, जिससे इस 2.4'W की ऊर्जा प्राप्त होगी. इसके अतिरिक्त सैटेलाइट में लगे लिथियम-आयन बैटरी की चार्जिंग भी होगी. इस नेविगेशन सैटेलाइट में स्वदेश निर्मित रूबिडियम एटॉमिक क्लॉक का इस्तेमाल भी किया जा रहा है, जो बेहतरीन और सटीक लोकेशन, पोजिशन और टाइमिंग बताने पूरी तरह प्रदान करेगा. यह उपग्रह भूमि, जल और वायु मार्गों की स्थिति और दिशाओं जैसी कई सुविधाएं आपात स्थिति में पृथ्वी से संबंधित जानकारी प्रदान करेगा, वाहन चालकों को दिशा देगा और इंटरनेट से जोड़ेगा। यह भारत की विमानन, नौवहन और सैन्य जरूरतों में भी योगदान देगा।

## बारिश के कारण अहमदाबाद में बागेश्वर धाम का कार्यक्रम रद्द

**अहमदाबाद, (हि.स.)।** बागेश्वर धाम के आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री का सोमवार शाम अहमदाबाद के ओगणज में होने वाला दिव्य दरबार का कार्यक्रम बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। मैदान में बारिश से मिट्टी बैठ जाने के कारण आयोजकों को यह निर्णय करना पड़ा। दिव्य दरबार के प्रति लोगों में इतनी उत्कंठा थी कि लोग सुबह से ही मैदान के आसपास जमा होने लगे। अहमदाबाद में 29 और 30 मई को बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र शास्त्री का दिव्य दरबार का आयोजन किया गया था। लेकिन, रविवार शाम से ही इस



क्षेत्र में मूसलाधार बारिश ने आयोजकों की सारी तैयारियों पर पानी फेर दिया। राधिका सेवा समिति ने ओगणज मैदान में आयोजित दिव्य दरबार का कार्यक्रम रद्द करने की घोषणा की। समिति के अनुसार आगामी दिनों में यदि दिव्य दरबार का आयोजन किया जाएगा तो इसकी पूर्व सूचना दी जाएगी। ओगणज के प्रमुख स्वामी महोत्सव के मैदान में ही बागेश्वर धाम का दिव्य दरबार आयोजित होना तय था। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग मैदान में पहुंचने लगे। लेकिन यहां किसी प्रकार की तैयारी नहीं दिखाई दे रही थी। इसके बावजूद लोगों का विश्वास था कि बाबा यहां दर्शन देने जरूर आएंगे।

# आउट सोर्स में मनमानी भर्ती का भाजपा के पास जवाब नहीं : अखिलेश यादव


**– विधान भवन पहुंचकर सपा अध्यक्ष ने एमएलसी उपचुनाव में मतदान किया**



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद (एमएलसी) की दो रिक्त सीटों पर हो रहे उपचुनाव में सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पार्टी विधायकों के साथ मतदान करने विधान भवन के तिलक हाल पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी के उम्मीदवार राम करन निर्मल एवं राम जतन राजभर के लिए मतदान किया। मतदान के बाद सपा अध्यक्ष ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि ये भाजपा के लोग लैटरल एंट्री पर एक जवाब नहीं दे सकते। भाजपा के लोगों ने आउट सोर्स में मनमानी भर्ती की है, उसका जवाब उनके पास नहीं है। ये लोग बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी ने जो अधिकार दिए थे उन अधिकारों को छीनने का काम कर रहे हैं। अखिलेश ने कहा कि यह लोग सपना दिखा रहे थे कि गरीब को इलाज मिलेगा, किसी सरकारी अस्पताल में इलाज नहीं मिल रहा। बेरोजगारी, महंगाई बढ़ गई। हम समाजवादियों ने पिछड़े-दलितों को जगाने का काम किया कि आपका वोट लेकर आपका ही हक छीन रहे है। उन्होंने कहा कि जब वोट चाहिए था तो बेटी बचाओ का नारा दिया। आज बेटियों को अपमानित कर रहे हैं। वोट की जरूरत नहीं है तो क्यों बेटी बचाएंगे। यही नारी, बेटियां, माताएं, बहनें इनको अगले चुनाव में सबक सिखाएंगी। सपा अध्यक्ष ने कहा कि पिछड़े-दलितों का हक कौन छीन रहा है? बाबा साहब ने जो अधिकार दिए उन अधिकारों को छीनने का काम भाजपा कर रही है। आप यूनिवर्सिटी में देखिए भर्ती किसकी हो रही है, अपने लोगों को भर्ती कर रहे हैं। नौकरियां छीन रहे हैं, अवसर, रोजगार नहीं दे रहे हैं।

# मोदी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर भारत की चमक बढ़ी : आदित्यनाथ

**– मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर मीडिया संवाद कार्यक्रम में बोले मुख्यमंत्री**




**लखनऊ, (हि.स.)।** केंद्र की मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर सोमवार को होटल ताज में आयोजित मीडिया संवाद कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी उपलब्धियां गिनाईं। मुख्यमंत्री ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण पर फोकस करते हुए मोदी सरकार के कार्यों की विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत को वैश्विक स्तर पर सम्मान मिल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की तीन देशों की यात्रा आप सबके सामने है। एक देश के प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी का आगवानी के दौरान पैर छूकर प्रणाम किया। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि मोदी जी आपकी आटोग्राफी लेने की इच्छा होती है। वर्ष 2014 से पहले जब भारत के लोग दुनिया में जाते थे तो कई परेशानियों से गुजरना होता था। आज लोग सम्मान दे रहे हैं। विश्व के 190 से अधिक देश योग को मान रहे हैं। अटल जी ने कहा था कि हम अपना पड़ोसी नहीं बदल सकते। भारत सबको साथ लेकर चलने में विश्वास करता है, लेकिन कुछ लोग अपनी आदत से बाज नहीं आते। आज भारत की आंतरिक सुरक्षा भी सुदृढ़ हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के 140 करोड़ लोगों के लिए कार्य हो रहा है। एयरपोर्ट, सड़क, एक्सप्रेस-वे से लेकर पब्लिक ट्रांसपोर्ट में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है। वाराणसी से हल्दिया तक जल मार्ग विकसित हुआ। 70 वर्षों में केवल छह एम्स बने। आज 22 से अधिक एम्स हो गए हैं। योगी ने कहा कि मोदी सरकार की गरीब कल्याण की भावना भी सबके सामने है। इसमें जाति, मत, मजहब नहीं देखा गया। प्रदेश में साढ़े आठ करोड़ से अधिक जनधन खाते खोले गए। इससे डीबीटी का लाभ आसानी से गरीबों को मिल रहा है। यह भ्रष्टाचार पर बड़ी चोट के रूप में भी है। आज एक क्लिक पर पेंशन का लाभ मिल रहा है। राज्य में इन नौ वर्षों में 54 लाख पीएम आवास योजना का लाभ दिया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले नौ सालों में उत्तर प्रदेश के लिए केंद्र सरकार ने क्या-क्या कार्य किए हैं। इससे पहले केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने प्रजेंटेशन के माध्यम से केंद्र के कार्यों के बारे में बताया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक ने भी मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।

# बूथ से ज्यादा सोशल मीडिया पर लड़ना पड़ता है चुनाव : केशव प्रसाद मौर्य



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आज के समय में जितना चुनाव बूथ पर लड़ना पड़ता है, उससे अधिक लड़ाई सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर लड़नी होती है। इसलिए हर प्लेटफार्म पर कमल ही कमल खिलाने के लिए सोशल मीडिया के कार्यकर्ता अपनी पूरी प्रतिभा का उपयोग करें। 2024 के लोकसभा चुनाव में दुनिया में जितनी भी राष्ट्र-विरोधी ताकते हैं, वह भी विपक्षियों के साथ खड़ी होंगी। उपमुख्यमंत्री सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित सोशल मीडिया संवाद को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र की भाजपा सरकार ने नौ वर्षों में जितना काम किया है, वह काम 90 वर्षों में विरोधी पार्टियों की सरकार नहीं कर सकती। आज भाजपा के पास नरेन्द्र मोदी जैसा व्यक्तित्व है। देशभक्ति की ताकत भाजपा कार्यकताओं के पास है। फिर भी हमारे युवाओं को गुमराह किया जाता है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि महाभारत जैसा ही युद्ध 2024 का है। इसलिए सत्य कमजोर नहीं पड़ना चाहिए। आज भारत कमजोर नहीं है। भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक व एअर स्ट्राइक के माध्यम से दुनिया को यह दिखा दिया कि हम दुर्बल नहीं शक्तिशाली हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले ही विपक्ष का नाटक जनता देख रही है। विपक्षी नेता संसद के उदघाटन के अवसर पर नहीं पहुंचे। उनके इस कृत्य को कोई पसंद नहीं कर रहा है। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री हरदीप पुरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया व प्रदेश महामंत्री संजय राय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने किया।

# युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति का कल उद्घाटन करेंगे तेजस्वी सूर्या



**लखनऊ, (हि.स.)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक मंगलवार को लखनऊ के इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगी। प्रदेश कार्यसमिति का उद्घाटन युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद तेजस्वी सूर्या करेंगे। यह जानकारी युवा मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी धनंजय शुक्ला ने दी। बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशू दत्त द्विवेदी करेंगे। कार्यसमिति को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल और उनके साथ दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद और ब्रजेश पाठक भी संबोधित करेंगे। वहीं समापन सत्र को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी संबोधित करेंगी। बैठक में राजनीतिक प्रस्ताव पास होगा और भाजपा के जन संपर्क महा अभियान पर चर्चा होगी।

# विधि छात्र वकालत के पेशे में आने से पहले अनुशासन का प्रशिक्षण अवश्य लें : अभय ठाकुर



**मुरादाबाद, (हि.स.)।** केजीके महा-विद्यालय के विधि विद्यार्थियों के लिए दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी की ओर से व्यवहारिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को हुआ। कार्यक्रम में दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के महासचिव अभय कुमार ठाकुर ने कहा कि विधि विद्यार्थियों को वकालत के व्यवसाय में आने से पहले अनुशासन का प्रशिक्षण लिया जाना आवश्यक है। बार के अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सेना ने कहा कि दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी का इतिहास बहुत गौरवपूर्ण रहा है। अनेक अधिवक्ताओं ने ऐसे महान कार्य किए हैं जिनसे बार के सभी सदस्य अधिवक्ताओं को सदैव गर्व रहेगा। वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार श्रीवास्तव ने विभिन्न विधि महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को निरन्तर प्रशिक्षित किए जाने की आवश्यकता जताई। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कार्यक्रम के संचालक श्रीराम शर्मा ने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का इस प्रशिक्षण के लिए आभार व्यक्त किया। बार के पूर्व महासचिव अभिषेक भटनागर ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से वरिष्ठ अधिवक्ताओं के सानिध्य में निरंतर जूनियरशिप करके अधिवक्ता व्यवसाय की बारीकियां सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जूनियर बार एसोसिएशन के एडवोकेट प्रमोद प्रत्येकी, हरि सिंह एडवोकेट, रमा पांडे, जितेंद्र खंडेलवाल, विनोद कुमार विकल समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# व्यापारियों की समस्या सुनने निरीक्षण पर निकलीं मंडलायुक्त




**लखनऊ, (हि.स.)।** मंडलायुक्त डॉ. रौशन जैकब ने सोमवार को लालकुंआ क्षेत्र के व्यापारियों की समस्या सुनी और क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण में शहरी माहौल की खामियों को व्यापारियों ने गिनाया तो मंडलायुक्त ने बारिश से पहले उसे दूर करने का आश्वासन दिया। मंडलायुक्त डॉ. रौशन जैकब ने शहर की व्यवस्थाओं को लेकर मौके पर दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सिर्फ लालकुआं ही नहीं, शहर के जिन भी क्षेत्रों में सड़कों की स्थिति अच्छी नहीं है, उसे दुरुस्त कराया जाए। बारिश से पहले सीवर सफाई का कार्य, अंदरूनी तार बिछाने का कार्य और बिजली के खंभों को व्यवस्थित करने का कार्य पूरा करा लिया जाए। मौके पर मौजूद व्यापारियों ने कहा कि शहर के मध्य स्थित लालकुंआ क्षेत्र अत्यधिक गतिमान क्षेत्र है। इसके लिए यहां की सीवर, सड़क, बिजली की व्यवस्था दुरुस्त रहनी ही चाहिए। व्यापारियों की बातों का मंडलायुक्त ने संज्ञान लिया है। बारिश से पहले विकास के बिंदुओं पर कार्य कराने का आश्वासन दिया है।

# त्यागी भूमिहार समाज ने उठाई ओबीसी आरक्षण की मांग



**मेरठ, (हि.स.)।** लोकसभा चुनाव से पहले त्यागी भूमिहार समाज ने अपनी मांगों का पिटारा खोल दिया है। सोमवार को मेरठ में हुई त्यागी भूमिहार संयुक्त महासभा ने त्यागी भूमिहार समाज को पिछड़ वर्ग में शामिल करके आरक्षण देने की मांग उठाई है। त्यागी भूमिहार संयुक्त महासभा की मुख्य बैठक सोमवार को शास्त्री नगर स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक में त्यागी समाज की वर्तमान परिस्थिति पर चिंता जताई गई। वक्ताओं ने पिछड़े सामाजिक, राजनैतिक, शैक्षिक, आर्थिक स्थिति को देखते हुए त्यागी समाज को अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल करके आरक्षण देने की मांग की। त्यागी भूमिहार संयुक्त महासभा ने केंद्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग, उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग को ज्ञापन भेजकर त्यागी समाज का सर्वे कराकर उसे अन्य पिछड़ा वर्ग का लाभ देने की मांग उठाई। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील त्यागी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रदीप त्यागी, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य राजेश त्यागी, लेफ्टिनेंट कर्नल अमरदीप त्यागी, विपिन त्यागी, महेंद्र सिंह त्यागी, विकास त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# डबल डेकर बस डिवाइडर से टकराकर पलटी, 12 यात्री घायल



**बाराबंकी, (हि.स.)।** मसौली थाना क्षेत्र में सोमवार को डबल डेकर बस डिवाइडर से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 12 से अधिक यात्री घायल हुए है। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, वैशाली एक्सप्रेस की डबल डेकर बस दिल्ली से 70 सवारियों को लेकर गोण्डा जा रही थी। सोमवार की भोर प्रहर चार बजे मसौली चौराहा पर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। घटना के बाद यात्रियों की चीख-पुकार सुनकर मच गई। शोरगुल सुनकर आसपास के लोगों ने पहुंचकर घायलों को बस से बाहर निकाला। हादसे में 12 से अधिक यात्री घायल और चुटहिल हुए है। कुछ तो बिना इलाज कराए ही निकल गए। मसौली पुलिस ने गोण्डा निवासी परमहंस (25), जूली (28), अमर केश (30), संजय शुक्ल (36) चालक गायत्री (25) को एम्बुलेंस से सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि चालक का बस पर नियंत्रण खोने से यह हादसा हुआ है। दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

# लोहरदगा में मन का मिलन पखवाड़े का हुआ शुभारंभ



**लोहरदगा, (हि.स.)।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार सोमवार से लेकर 14 जून तक चलाए जाने वाले मन का मिलन पखवाड़े का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल ने सिविल कोर्ट परिसर में उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम अगले एक पखवाड़े तक सफलता पूर्वक चलाने का निश्चय किया गया। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि लोहरदगा जिले में मन का मिलन पखवाड़े को लेकर जोर - शोर से प्रचार- प्रसार किया गया है अब इसे मूर्त रूप देने की बारी है। अतः जो लोग भी बेंच में काम कर रहे हैं वह पक्षकारों को इस बात के लिए प्रेरित करें कि वे अपने विवाद को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाने के लिए आगे आएं। डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम मध्यस्थता के प्रचार प्रसार के लिए किया गया है। इसके तहत जागरूकता कार्यक्रम, परामर्श सेवाएं, वीडियो पर सफल कहानियां को दिखाना, लंबित अथवा मुकदमा पूर्व स्तर के मामलों में आवेदन प्राप्त करना एवं आवश्यक सुझाव पक्षकारों के देना शामिल है। मध्यस्थता के अंतर्गत प्रशिक्षित मध्यस्थ पक्षकारों के बातों को गोपनीय रखते हुए उनकी समस्याओं को सुनते हैं और पक्षकारों की सहमति के आधार पर ही समाधान ढूंढा जाता है, जिससे पक्षकारों का समय, धन तथा व्यक्तिगत संबंधों के रक्षा होती है।

# पैलिएटिव केयर यूनिट का उद्घाटन



**देवघर, (हि.स.)।** देवघर स्थित स्थानीय सदर अस्पताल भवन में पैलिएटिव केयर यूनिट का उद्घाटन किया गया। सिविल सर्जन डॉ युगल किशोर चौधरी ने फीता काटकर यूनिट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सी के शाही भी उपस्थित थे। उद्घाटन अवसर पर सिविल सर्जन डॉ चौधरी ने कहा कि पैलिएटिव केयर यूनिट के आरंभ होने से यहां भर्ती असाध्य रोगियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। रोगियों का सम्पूर्ण चिकित्सा विवरण डिजिटल माध्यम से सुरक्षित रखा जाएगा। इससे यहां भर्ती असाध्य मरीज यदि अन्यत्र किसी बड़े संस्थान में इलाज करवाने जाते हैं तो उन्हें अन्य विवरण अलग से देने की जरूरत नहीं होगी, बल्कि डिजिटल माध्यम से पूर्व से दिए जा रहे सभी तरह का इलाज, दवाइयों का विवरण स्वतः मिल जाएगा। सिविल सर्जन ने बताया कि देवघर सदर अस्पताल के माध्यम से इस तरह की सुविधा पहली बार दी जा रही है।

# पूर्व विधायक पर नक्सली हमला मामले में एनआईए ने दूसरा पूरक आरोप पत्र दाखिल किया




**रांची, (हि.स.)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर नक्सली हमला मामले में दूसरा पूरक आरोप पत्र दायर किया है। एनआईए की विशेष अदालत रांची में दाखिल चार्जशीट में दो आरोपितों को नामजद किया गया है। इनमें तिवारी बांकीरा उर्फ शाका और सदन कोराह का नाम शामिल हैं। एनआईए की ओर से सोमवार को दी जानकारी के अनुसार चाईबासा जिले के रहने वाले दोनों आरोपित प्रतिबंधित संगठन भाकपा (माओवादी) के सशस्त्र कैडर हैं। दोनों पर आईपीसी और यूए (पी) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाये गये हैं। तिवारी बांकीरा को 30 नवंबर 2022 को और सदन कोराह को इस साल 13 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। उल्लेखनीय है कि पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले में चार जनवरी 2022 की शाम झीलरुआं मैदान में आयोजित खेलकूद समारोह में शामिल होने गये पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर नक्सलियों ने हमला किया था।

पूर्व विधायक ने भीड़ में जाकर अपनी जान बचायी थी। नक्सलियों ने मैदान में मौजूद पूर्व विधायक के तीनों बॉडीगार्ड को घेर लिया था इसके बाद बॉडीगार्ड नक्सलियों से उलझ गये, लेकिन उनकी संख्या अधिक थी, इससे वे हथियार लूटने में सफल रहे। नक्सलियों ने दो बॉडीगार्ड शंकर नायक और ठाकुर हेम्ब्रम की हत्या भी कर दी थी। जबकि एक बॉडीगार्ड ने भागकर अपनी जान बचायी थी। इस मामले में 31 दिसंबर 2022 को 14 अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया था।

# भाजपा सरकार गांव के गरीबों से लेकर किसानों और नौजवानों के बारे में सोच रही : गजेन्द्र शेखावत



**पटना, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 9 साल पूरे होने पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि भाजपा सरकार गांव के गरीबों से लेकर किसानों, महिलाओं, बेरोजगारों, नौजवानों और छात्रों के बारे में सोच रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश हर आपदा में देशवासियों के साथ खड़ा है। उनकी सेवा में दिन-रात जुटा है। पटना में आयोजित मोदी सरकार के 9 साल बेमिसाल परिचिर्चा कार्यक्रम में मंत्री शेखावत ने 61 मिनट तक पत्रकारों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज दुनिया भारत पर विश्वास करती है, विश्व को भारत पर भरोसा है और भारत को नरेन्द्र मोदी पर है। उन्होंने कहा कि भारत वो दिन नहीं भूला है, जब ये कहा जाता था कि हम तो दिल्ली से 1 रुपये भेजते हैं लेकिन गरीबों तक सिर्फ 15 पैसे पहुंचते हैं। देश ये दिन भी नहीं भूलेगा कि आज दिल्ली से 100 रुपये चलता है तो गरीब के पास पूरा का पूरा 100 रुपया पहुंचता है। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि किसान सम्मान राशि पा रहे हैं। माइक्रो इरीगेशन और सूक्ष्म सिंचाई से करोंड़ों किसानों की पैदावार बढ़ी है। वो कृषि में नई तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं। किसानों की मौसम पर निर्भरता कम हुई है।

# जिला में सभी कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य : डीएम



**सहरसा, (हि.स.)।** जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में आईएसएचटीएच प्रोग्राम के संचालन की बैठक सोमवार को आयोजित की गयी। जिला में सभी कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण होना है। जिसमें मंडल कारा, बाल सुरक्षा गृह, विशेष सुरक्षित स्थान, हीब, टीवी,हेपटाइटिस इत्यादि में वी एवं सी इत्यादि की जांच होगी। कैम्प के का उदेश्य स्वास्थ्य परीक्षण है। बैठक में मनोज कुमार सिंह ने कहा कि इसके सफल संचालन के लिए सभी का सकारात्मक सहयोग जरूरी है। इस कैम्प का आयोजन 02 से 09 जून तक मंडल कारा में तथा ओसीएस पुलिस लाईन में 12 जून को तथा ओ.सी.एस. बाल संरक्षण गृह में 13 जून तक होना है। इसके अतिरिक्त अन्य स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर भी चर्चा की गई।

# जिलाधिकारी ने पेपर लेस रिपोर्टिंग करने पर दिया जोर




**समस्तीपुर, (हि स )।** जिला पदाधिकारी योगेंद्र सिंह ने तकनीकी एवं गैर तकनीकी अधिकारियों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक सोमवार को की । इसमें जिला पदाधिकारी ने पेपर लेस रिपोर्टिंग करने पर जोर दिया ।ऑनलाइन रिपोर्ट करने पर जोर दिया गया।जिला पदाधिकारी ने बताया कि कागज की बबार्दी को रोकने के लिए ऑनलाइन रिपोर्टिंग करना बहुत अनिवार्य है, इसके लिए जिला स्तर पर सभी विभागों द्वारा ऑनलाइन डेली रिपोर्ट फॉरमैट विकसित करने का निर्देश दिया गया । एक विभाग का एक फॉर्मेट होगा एवं इस फॉर्मेट के द्वारा विभाग के कार्यों की प्रगति की साप्ताहिक रूप से समीक्षा की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने इस डेली रिपोर्टिंग फॉर्मेट के आधार पर साप्ताहिक बैठक करने एवं विभागीय स्तर पर लंबित मामलों की समीक्षा करने की बात कही।बैठक में उपस्थित जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं इससे जुड़े सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को इस नए फॉर्मेट के बारे में जानकारी दी गई एवं उनसे पूछे गए प्रश्नों का जवाब दिया गया ताकि इस मामले में कोई संदेह नहीं रहे। सभी विभागों पदाधिकारियों को डेली रिर्पोटिंग फॉरमैट जनरेट करने का निर्देश दिया गया। इसके बाद भारत माला परियोजना 3-4 ,122 बी सड़क ,आर सी डी सड़क, एस एच 80 के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई एवं अभिलंब पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी विभाग से लंबित परियोजनाओं की अद्यतन जानकारी ली गई एवं उनके निर्माण में आने वाले परेशानियों को दूर करने का प्रयास किया गया।

## संपादकीय

# लोकतंत्र में 'राजदंड' बेमानी

**नए** संसद भवन का लोकार्पण कर दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने ही किया। तमिलनाडु के अधीनम (पुजारियों) ने प्रधानमंत्री को 'सेंगोल' सौंप दिया। सेंगोल, यानी राजदंड, चोल वंश के साम्राज्य के दौरान सत्ता-हस्तांतरण का प्रतीक रहा होगा। स्वतंत्र, संप्रभु और लोकतांत्रिक भारत में किसकी सत्ता का हस्तांतरण हुआ है? अभी तो नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं। यदि 'सेंगोल' को ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक विरासत के तौर पर तमिल पुजारियों ने प्रधानमंत्री को सौंपा है, तो उस 'राजदंड' को लोकसभा स्पीकर के आसन की बगल में स्थापित क्यों किया गया है? देश के प्रधानमंत्री ने अयोध्या में भगवान राम और महादेव की मूर्तियों के सामने भी दंडवत प्रणाम किया था। 'सेंगोल राजदंड' को भी दंडवत प्रणाम किया गया। क्या वह दैवीय और अवतारीय है? क्या लोकसभा का सदन 'राजदंड' के जरिए ही संचालित किया जाएगा? लोकतंत्र में हमारे पास संविधान है, जिस पर संविधान सभा के हमारे पुरखों ने खूब विमर्श किया था और डा. भीमराव अंबेडकर ने संविधान को लिखा था। समय और आवश्यकता के अनुसार हमारी संसद ने संविधान में 100 से अधिक संशोधन पारित किए हैं। भारत संविधान और कानून के जरिए सौहार्द्द और सहजता से चलता रहा है। अब संसद की नई इमारत में 'राजदंड' के मायने, लोकतंत्र के संदर्भ में, क्या हैं? क्या एक महान लोकतंत्र प्रतीक रूप में ही सही 'राजदंड' से हांका जा सकता है? कमोबेश प्रधानमंत्री मोदी को इसका स्पष्टीकरण देना पड़ेगा। खुद प्रधानमंत्री मोदी अपने कार्यकाल के 9 लंबे साल शासन कर चुके हैं। अचानक 'सेंगोल राजदंड' और उसके महात्म्य की याद कहां से आई? मौजूदा प्रधानमंत्री से पहले कई और प्रधानमंत्री भारत का नेतृत्व कर चुके हैं। आपातकाल का दौर छोड़ दें, तो देश में लोकतंत्र और संविधान जीवंत तौर पर क्रियान्वित रहे हैं। भाजपा के शीर्षस्थ नेता अटलबिहारी वाजपेयी भी 6 साल तक देश के प्रधानमंत्री रहे। वह ज्यादा भारतीय, सांस्कृतिक, समन्वयवादी और उदार प्रधानमंत्री थे। उनके कार्यकाल में खुफिया एजेंसियों और वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों ने भी उन्हें खुलासा नहीं किया कि 'सेंगोल राजदंड' भी कोई ऐतिहासिक और सांस्कृतिक बला है और इलाहाबाद के संग्रहालय में धूल फांक रही है। तमिलनाडु में शैव मठ के संतों और पुजारियों तथा आस्थावानों ने भी कभी यह मांग नहीं की कि सत्ता हस्तांतरण 'सेंगोल राजदंड' के जरिए की जाए। दरअसल हमारा लोकतंत्र इतना सशक्त है कि किसी भी जनादेश के बाद केंद्र और राज्यों में सत्ता हस्तांतरण बड़े सहज और स्वाभाविक तौर पर हो जाता है। बेशक 28 मई 'संसदीय महोत्सव' की तारीख दर्ज कर ली गई, लेकिन भारत का लोकतांत्रिक और संसदीय परिदृश्य आधा अधूरा और विभाजित दिखा। विपक्ष पर दोषारोपण किया जा सकता है। हम इस बहस को नए सिरे से नहीं छेडन्ना चाहते, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी को मंथन करना चाहिए कि 10-11 मुख्यमंत्री नीति आयोग की अधिशासी परिषद की बैठक का भी 'अघोषित बहिष्कार' करते हैं। क्या यह विकसित भारत के लिए एक बेहतर प्रवृत्ति है? 'सेंगोल राजदंड' के जरिए प्रधानमंत्री और भाजपा नेतृत्व राजनीतिक तौर पर तमिलनाडु और केरल को संबोधित कर रहे हैं। दक्षिण के इन दोनों राज्यों में भाजपा नगण्य है। बद्रीनाथ धाम में भी मुख्य पुजारी के आगे दो चेहरे चलते हैं, जिनके हाथों में भी 'राजदंड' होता है। यह भी प्राचीन परंपरा है और बद्रीनाथ धाम के मुख्य पुजारी केरल से होते हैं। बेशक भाजपा नेतृत्व इस राजनीति को स्वीकार न करे, लेकिन समय इसका भी खुलासा कर देगा। यदि प्रधानमंत्री मोदी की राजनीति समन्वयवादी और सहमति की होती, तो ऐसा बहिष्कार टाला जा सकता था। दरअसल बुनियादी समस्या संवादहीनता और आम सहमति की है। प्रधानमंत्री ने इसके प्रयास कभी नहीं किए। सिर्फ चुनाव जीतना और बहुमत प्राप्त करना ही अंतिम लोकतंत्र नहीं है। बहुमत मिलता है, लेकिन आपको 50 फीसदी से ज्यादा जनादेश नहीं मिलता। जो पराजित हुए हैं, उन्हें भी जनादेश मिलता है, लोकतंत्र में उनकी भूमिका क्या है? प्रधानमंत्री महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर सर्वदलीय बैठक बुला कर और विपक्ष की सलाह भी मान कर 'विभाजित स्थितियों' से बच सकते हैं। अब नया विवाद 'सेंगोल राजदंड' पर शुरू होगा। हम तो इस खूबसूरत और महंगी छड़ी को बेमानी मानते हैं। श्रद्धेय नंदी बैल का दुरुपयोग भी खूब किया गया है।

> स्वतंत्र, संप्रभु और लोकतांत्रिक भारत में किसकी सत्ता का हस्तांतरण हुआ है? अभी तो नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं। यदि 'सेंगोल' को ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक विरासत के तौर पर तमिल पुजारियों ने प्रधानमंत्री को सौंपा है, तो उस 'राजदंड' को लोकसभा स्पीकर के आसन की बगल में स्थापित क्यों किया गया है? देश के प्रधानमंत्री ने अयोध्या में भगवान राम और महादेव की मूर्तियों के सामने भी दंडवत प्रणाम किया था। 'सेंगोल राजदंड' को भी दंडवत प्रणाम किया गया। क्या वह दैवीय और अवतारीय है? क्या लोकसभा का सदन 'राजदंड' के जरिए ही संचालित किया जाएगा? लोकतंत्र में हमारे पास संविधान है, जिस पर संविधान सभा के हमारे पुरखों ने खूब विमर्श किया था और डा. भीमराव अंबेडकर ने संविधान को लिखा था। समय और आवश्यकता के अनुसार हमारी संसद ने संविधान में 100 से अधिक संशोधन पारित किए हैं। भारत संविधान और कानून के जरिए सौहार्द्द और सहजता से चलता रहा है।

## कुछ अलग

# एनपीएस की कतरब्यौंत

**आइंदा** डाक्टरों की भर्ती में भी हिमाचल सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन के पैगाम चस्पां करते हुए 'एनपीएस' यानी नॉन प्रैक्टिस अलाउंस हटा दिया है। सरकारी सेवा में डाक्टरों की सौ फीसदी प्रतिबद्धता के लिए एनपीएस का प्रावधान उन्हें नैतिकता का पाठ पढने को बाध्य करता था, लेकिन अब नई भर्तियों के डाक्टर इस तरह के लाभ से वंचित होंगे। इस तरह बीस प्रतिशत की दर से मिलने वाले नॉन प्रैक्टिस अलाउंस की कटौती से अब मेडिकल प्रोफेशन की नई व्याख्या होगी। चिकित्सक संघ ऐसे फैसले से नाखुश नजर आता है और सवाल यह पैदा जरूर होगा कि क्या आगे चलकर सरकारी डाक्टरों को इसके बदले निजी प्रैक्टिस या निजी अस्पतालों में ड्यूटी के बाद काम करने की छूट मिलेगी। बहरहाल व्यवस्था परिवर्तन की दूरबीन से यह तो देखा जा रहा है कि कहां धन का अपव्यय हो रहा है या वेतन विसंगतियों को एक जैसा या सीधा किया जाए। ऐसे कुछ अन्य प्रोफेशनल हैं जो ड्यूटी के बाद अपने हुनर के कारण अतिरिक्त कमा सकते हैं, लेकिन उन्हें सरकारी तौर पर ऐसा न करने के लिए वित्तीय प्रोत्साहन नहीं दिए गए। डाक्टरों को नैतिकता के बदले वित्तीय प्रोत्साहन देने की परंपरा, कर्मचारियों के एक बड़े वर्ग की आंखों में खटकती रही है। दूसरी ओर निजी क्षेत्र के साथ अपनी गलबहियों के कारण कई वरिष्ठ व विशेषज्ञ संदेह के घेरे में आते रहे हैं। देखना यह होगा कि सरकार एनपीएस का फैसला लेते हुए धन की बचत कर रही है या नीतिगत सुधार ला कर ऐसी किसी गुंजाइश को सदा-सदा के लिए हटा रही है। जो भी हो इस तरह के फैसले का साहस दिखा कर सुक्खू सरकार ने एक ऐसी शुरुआत की है जिससे 'विशेष कैटेगरी' में होने के लाभों की कतरब्यौंत होगी। फिलहाल यह फैसला नई भर्तियों पर लागू होगा और इसके माध्यम से डाक्टरी व्यवस्था की परिभाषा से वित्तीय प्रयोग होगा। यह फैसला एक तरह की नैतिकता की फीस बन कर एनपीएस को अपना वित्तीय अधिकार मानने वाले डाक्टरों की पगार को मॉनिटर कर रहा है। जाहिर है ओपीएस बहाली के पलड़े पर कई ऐसे फैसले भी सवार होंगे ताकि वेतन के बिलों का प्रबंधन मैनेज हो सके। इसे हम आर्थिक सुधार की दृष्टि से जोड़ कर देखें, तो भविष्य में सरकार को भी अपने खर्चों में कटौती, फिजूलखर्ची में पूर्ण रोक तथा सरकार का कद घटाना होगा। अभी ऐसा कोई कदम दिखाई नहीं दे रहा, लेकिन कड़े निर्णय लिए बिना कर्जदार हिमाचल खुद को आर्थिक दबाव से बचा नहीं पाएगा। कर्मचारी-अधिकारी बिरादरी को भी अपने-अपने संदर्भों में प्रदेश की कंगाली देखनी होगी। सरकारी क्षेत्र के एक कर्मचारी या अधिकारी को मासिक पगार देने के बदले प्रदेश के खजाने को वापसी में जो मिलता है, वह प्रदेश के प्रति व्यक्ति के हिसाब से बढ़ते ऋण की दर से मालूम हो जाएगा। करीब 75 हजार करोड़ के ऋण की ब्याज अदायगी ही अगर अतिरिक्त कर्ज का बोझ बढ़ा रही है, तो इस स्थिति का कहीं तो अंत करना होगा। हम यह नहीं जानते कि एनपीएस बंद करके सरकार अपने खजाने की कितनी रक्षा कर पाएगी या इस दस्तूर को कितना आगे बढ़ा पाएगी, लेकिन इतना तो स्पष्ट है कि वर्तमान सरकार कठिन राहों पर चलते हुए कठिन फैसले ले सकती है।

## भारत का मजबूत आर्थिक प्रदर्शन दुनिया में भारत की अहमियत बढ़ा रहा

# प्रतिस्पर्धी देश के रूप में भारत की अनुकूलताएं

डा. जयंती लाल भंडारी

> भारत की वास्तविक वृद्धि दर वित्त वर्ष 24 में 6 प्रतिशत रहेगी क्योंकि निवेश और उपभोक्ताओं का रुख वृद्धि में अलगे कुछ साल तक मददगार रहेगा। ऐसे में वित्त वर्ष 25 और वित्त वर्ष 26 में भारत के लिए 6 .9 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। गौरलतब है कि 11 मई को प्रमुख वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिलिस ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में चुनौतीपूर्ण वैश्विक वित्तीय स्थिति के बावजूद भारत वैश्विक आर्थिक झटकों को इसलिए सलरतापूर्वक झेल जाएगा, क्योंकि भारत का चालू खाते के घाटे( सीएडी) में सुधार हुआ है। चालू खाते का घाटा कम अवधि की प्रमुख विदेशी देनदारी के रूप में पहचाना जाता है।

**इन** दिनों प्रकाशित हो रही विभिन्न वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों की रिपोर्टों में यह रेखांकित हो रहा है कि वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच भी भारत अनुकूल क्रेडिट रेटिंग के साथ दुनिया में आर्थिक प्रतिस्पर्धी देश के रूप में उभरकर आगे बढ़ रहा है। 18 मई को दुनिया की प्रमुख अमरीका की एसऐंडपी ग्लोबल रेटिंग ने भारत की सॉवरिन रेटिंग स्थिर परिदृश्य के साथ दीर्घावधि के लिए 'बीबीबी' और कम अवधि के लिए 'ए-3' रखी है। यह परिदृश्य बताता है कि भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था और राजस्व में अच्छी वृद्धि राजकोष को मजबूती प्रदान करेगी। साथ ही एसऐंडपी ने उम्मीद जताई है कि भारत की वास्तविक वृद्धि दर वित्त वर्ष 24 में 6 प्रतिशत रहेगी क्योंकि निवेश और उपभोक्ताओं का रुख वृद्धि में अगले कुछ साल तक मददगार रहेगा। ऐसे में वित्त वर्ष 25 और वित्त वर्ष 26 में भारत के लिए 6.9 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। गौरतलब है कि 11 मई को प्रमुख वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में चुनौतीपूर्ण वैश्विक वित्तीय स्थिति के बावजूद भारत वैश्विक आर्थिक झटकों को इसलिए सरलतापूर्वक झेल जाएगा, क्योंकि भारत का चालू खाते के घाटे (सीएडी) में सुधार हुआ है। चालू खाते का घाटा कम अवधि की प्रमुख विदेशी देनदारी के रूप में पहचाना जाता है। इससे विनिमय दर और विदेशी निवेशकों की धारणा प्रभावित होती है। यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि 9 मई को वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच ने भारत की रेटिंग बीबीबी बरकरार रखी है। दीर्घ अवधि के ऋण पर भारत का परिदृश्य स्थिर रखा है। रेटिंग निर्धारित करते हुए फिच ने कहा कि भारत में पिछले कुछ वर्षों में सरकार के सहयोग से कंपनियों और बैंकों के बहीखाते में काफी सुधार हुआ है और आधारभूत संरचना के विकास पर भी अधिक ध्यान दिया जा रहा है। निजी क्षेत्र भी बड़े स्तर पर निवेश करने की तैयारी कर रहा है। फिच ने कहा कि बढ़ी महंगाई, ऊंची ब्याज दरों और वैश्विक स्तर पर मांग में कमी की बड़ी चुनौतियां के बीच भारत की आंतरिक वित्तीय स्थिति थोड़ी कमजोर जरूर है और प्रति व्यक्ति आय और विश्व बैंक के मानकों पर भी भारत थोड़ा फिसला है। लेकिन दूसरे देशों की तुलना में भारत की आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं काफी मजबूत हैं और विदेश से आने वाले वित्तीय संसाधन भी संतोषप्रद हैं। निवेश की बेहतर संभावनाओं के बीच वित्त वर्ष 2023-24 में देश की विकास दर 6 फीसदी और वित्त वर्ष 2024-25 तक देश की आर्थिक वृद्धि दर बढक़र 6.7 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। इसी प्रकार एक्यूट क्रेडिट रेटिंग्स एंड रिसर्च ने वित्त वर्ष 2023 के लिए भारत के चालू खाते के घाटे से संबंधित अपने पूर्वानुमान को संशोधित किया है। इसे 106 अरब डॉलर से घटाकर 68 अरब डॉलर कर दिया है और भुगतान संतुलन घाटा भी पहले के 38 अरब डॉलर से घटाकर 17 अरब डॉलर कर दिया है। कहा गया है कि इस वर्ष कच्चे तेल का आयात बिल कम होने, निर्यात बढने व प्रवासियों से विदेशी मुद्रा की अधिक प्राप्ति से भारत की वैश्विक साख बढ़ी है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में भी कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की बढ़ी हुई अनिश्चितताओं के बीच भारत का मजबूत आर्थिक प्रदर्शन दुनिया में भारत की अहमियत बढ़ा रहा है। वर्ष 2023 में कुल वैश्विक विकास में भारत 15 फीसदी से भी अधिक का योगदान देगा। जहां पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में भारत की विकास दर दुनिया में सबसे अधिक रही है, वहीं आगामी वित्त वर्ष 2023-24 में भी भारत की विकास दर 6.1 फीसदी के साथ फिर सर्वोच्च होगी। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक सामायिक मामलों के विभाग के द्वारा प्रस्तुत 'विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं 2023' रिपोर्ट में भी भारत को उद्योग कारोबार और निवेश के मद्देनजर विश्व का प्रमुख निवेश स्थल बताया गया है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारत का बढ़ता विदेश व्यापार और भारत का बढ़ता निर्यात भारत की वैश्विक क्रेडिट रेटिंग को संतोषप्रद बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रहा है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च 'इनीशिएटिव' (जीटीआरआई) के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया की आर्थिक अस्थिरताओं के बावजूद वित्त वर्ष 2022-23 में भारत का विदेश व्यापार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचते हुए 1.6 लाख करोड़ डॉलर मूल्य की ऊंचाई पर रहा है। वित्त वर्ष 2021-22 में भारत का विदेश व्यापार 1.43 लाख करोड़ डॉलर रहा था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का विदेश व्यापार पिछले वर्ष के विदेश व्यापार से और अधिक ऊंचाई पर पहुंच सकता है। इस समय भारत के तेजी से बढ़ते निर्यातों का ग्राफ इस बात का प्रतीक है कि भारतीय उत्पादों की मांग दुनियाभर में बढ़ रही है। भारत का वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में 447.46 अरब डॉलर रहा है, जो एक साल पहले 422 अरब डॉलर था। साथ ही सेवाओं का निर्यात पिछले वित्त वर्ष में 322.72 अरब डॉलर रहा है,जो एक साल पहले 254.53 अरब डॉलर था। ऐसे में वित्त वर्ष 2022-23 में वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात 770.18 अरब डॉलर की सर्वोच्च ऊंचाई पर पहुंच गया है। बढ़ते हुए वैश्विक खाद्यान्न संकट के बीच भारत में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और खाद्यान्न का बढ़ता निर्यात भारत की दुनिया में आर्थिक व मानवीय साख बढ़ा रहा है। भारत विश्व पटल पर कृषि निर्यात के नए उभरते हुए देश के रूप में उपस्थिति दर्ज करते हुए मानवता के आधार पर दुनिया के जरूरतमंद देशों के लिए खाद्यान्न की आपूर्ति भी सुनिश्चित कर रहा है। भारत से खाद्य पदार्थों अनाज, गैर बासमती चावल, बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाज के अलावा फलों एवं सब्जियों के निर्यात में भारी वृद्धि देखी गई है। सरकार के द्वारा कृषि क्षेत्र में ज्यादा मूल्य और मूल्यवर्धित कृषि निर्यात को बढ़ावा दिया गया है। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक सरकार ने वर्ष 2021-22 में 50 अरब डॉलर से अधिक का कृषि निर्यात किया है, वह वर्ष 2022-23 में 56 अरब डॉलर से अधिक की ऊंचाई पर है तथा अब नई विदेश व्यापार नीति से कृषि निर्यात नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचेगा। वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के द्वारा प्रकाशित वैश्विक कृषि व्यापार में रुझान रिपोर्ट 2021 के मुताबिक दुनिया में कृषि निर्यात में भारत ने नौवां स्थान हासिल किया है। यद्यपि दुनियाभर में भारत सबसे तेज अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में रेखांकित हो रहा है और भारत की वैश्विक आर्थिक साख संतोषप्रद है।



# भारत में खाद्यान भंडारण समस्या एवं सुझाव

> भारत में इस समय अनाज का भंडारण कैप या कवर तथा पलथि विधि द्वारा किया जाता है। एक आंकड़े के मुताबिक भारतीय खाद्य निगम के गोदामों और किराए वाली जगहों पर इस तरह के ढांचे में 30 .52 मिलयिन टन चालव, गेहूं, मक्का, चना और ज्वार का भंडारण किया जाता है। भारत में खाद्य पदार्थों के भंडारण की खराब स्थिति से उत्पन्न समस्याओं पर नीति निर्माताओं द्वारा कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जाता है। जहां भारत में सीमेंट और अन्य भवन सामग्री, धन तथा तकनीकी जानकारियां बहुतायात में उलपब्ध हैं, परंतु सरकार उचित तरीके से अनाज भंडारण के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास क्यों नहीं कर रही है। संसद में इस संदर्भ में प्रश्न पूछने की आवश्यकता है। जो अनाज, यह नीति निर्धारक और जनता खाती है उसको तिरपॉलनि के नीचे खुले में रखा जाता है। यह अनाज नमी के साथ कवक तथा फफूंद युक्त होता है, जो विभिन्न बीमारियों का कारण बनता है।

**भारत** में हर साल लाखों टन अनाज भंडारण सुविधा के अभाव के कारण खराब हो जाता है। भारत की मौजूदा भंडारण व्यवस्था वैज्ञानिक युग में अवैज्ञानिक है, जिसके कारण अनाज की गुणवत्ता तो प्रभावित होती ही है साथ में बहुमूल्य खाद्य सामग्री भी बर्बाद होती है। भारत मे वार्षिक भंडारण हानि 14 मिलियन टन खाद्यान्न है। हरित क्रांति के कारण जो अनाज के उत्पादन में बढ़ोतरी हुई उसका बहुत बड़ा हिस्सा अवैज्ञानिक भंडारण व्यवस्था के कारण बर्बाद हो रहा है। भारत को अनाज के भंडारण के वैज्ञानिक तरीकों की सख्त जरूरत है। आज भी लाखों टन अनाज हर वर्ष सड़ जाता, जो मनुष्यों के उपभोग में तो क्या जानवरों के उपभोग के योग्य भी नहीं रहता। भारत को खाद्य समस्या के वो दिन नहीं भूलने चाहिए जब हमें पी एल 480 के अंतर्गत कई शर्तों सहित गेहूं का आयात करना पड़ता था ताकि भारत में गेहूं की कीमतें स्थिर हो सकें। भारत में अनाज की पैदावार बहुत है, परंतु भंडारण के लिए आधुनिक संरचनाओं की कमी है। भारत में इस समय अनाज का भंडारण कैप या कवर तथा पलिंथ विधि द्वारा किया जाता है। एक आंकड़े के मुताबिक भारतीय खाद्य निगम के गोदामों और किराए वाली जगहों पर इस तरह के ढांचे में 30.52 मिलियन टन चावल, गेहूं, मक्का, चना और ज्वार का भंडारण किया जाता है। भारत में खाद्य पदार्थों के भंडारण की खराब स्थिति से उत्पन्न समस्याओं पर नीति निर्माताओं द्वारा कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जाता है। जहां भारत में सीमेंट और अन्य भवन सामग्री, धन तथा तकनीकी जानकारियां बहुतायात में उपलब्ध हैं, परंतु सरकार उचित तरीके से अनाज भंडारण के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास क्यों नहीं कर रही है। संसद में इस संदर्भ में प्रश्न पूछने की आवश्यकता है। जो अनाज, यह नीति निर्धारक और जनता खाती है उसको तिरपॉलिन के नीचे खुले में रखा जाता है। यह अनाज नमी के साथ कवक तथा फफूंद युक्त होता है, जो विभिन्न बीमारियों का कारण बनता है। अनाज को सही तरीके से भंडारण करना हो तो वह साइलो में ही होता है, इसमें अनाज को नमी, फफूंद और कीट के हमले से बचाया जा सकता है। बहुत से देश स्टील के साइलो में ही अनाज का भंडारण करते हैं। भारत में केवल चार ही साइलो हैं पांचवां साइलो पंजाब में सार्वजनिक तथा निजी सांझेदारी में 50000 टन सटोरेज क्षमता का एक आधुनिक साइलो, तापमान नियंत्रित चावल के निर्यात के लिए बनाया है। ये साइलो भारत के लिए बहुत ही कम हैं। भारत में शेष अनाज को खराब स्थिति में संग्रहित किया जाता है। भारत में अनाज के उत्पादन को प्रोत्साहित किया गया है। बहुत से कृषि वैज्ञानिक इस क्षेत्र में अपना अभूतपूर्व योगदान दे रहे हैं, परंतु यह प्रयास नहीं किया जाता कि सलाना खरीदे जाने वाले अनाज को अच्छी तरह से संग्रहित या भंडारित कैसे किया जाए। कुछ वर्ष पहले पंजाब तथा हरियाणा में भंडारण सही ढंग से न करने के कारण हजारों टन गेहूं सड़ गया उधर कई राज्यों में लोग अनाज की कमी से जूझ रहे हैं। भारत भले ही विकासशील देश से विकसित देश की तरफ काफी तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन भूख के मामलों में आज भी स्थिति बदतर है। भारत में 38 प्रतिशत बच्चे कुपोषण के शिकार हैं, 2021 में भारत 116 देशों की सूची में भूख के इंडेक्स में 101 स्थान पर रहा और 2020 में 94 स्थान पर था। भारत में कुछ लोग जूठन खा कर गुजारा कर रहे हैं उधर अनाज का सही ढंग से भंडारण तथा रखरखाव न करके भारत में हजारों टन अनाज खुले में या भंडारों में सड़ रहा है। अन्न को ब्रह्मा माना गया है, अन्न को साक्षात देवता मानकर इसका आदर करना चाहिए क्योंकि अन्न से ही प्राणों की रक्षा होती है। भारत को पाकिस्तान और श्रीलंका की मौजूदा स्थिति से सीखना चाहिए। अन्नदाता की फसल अगर प्राकृतिक आपदा जैसे बेमौसमी बारिश, बाढ़, सूखा, कीटों के हमले से खेतों में ही नष्ट हो जाती, उसका उसे दुःख तो होता पर कुछ नहीं कर सकता क्योंकि यह प्राकृतिक कारण हैं। परंतु अगर फसल को खरीद केंद्र में पहुंचा दिया जाए और वहां खरीद से पहले ही भीग जाए क्योंकि वहां पर भंडारण या रखरखाव की सुविधा नहीं होती,जिसका नुकसान किसान को भुगतना पड़ता और आम जनता को भी घटिया और नमी युक्त अनाज को खाना पड़ता और वह भी उस युग में जिसमें विज्ञान ने अभूतपूर्व तरक्की कर ली है, परंतु इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जो कि खेद का विषय है। इस वर्ष भी गेहूं खरीद केंद्रों में गेहूं को रखने के लिए मंडियों में सही व्यवस्था नहीं थी नतीजन किसान अपने अनाज को श्मशानघाट या साथ लगते स्कूलों में रखने के लिए मजबूर हो गए और जो अनाज खरीद के लिए मंडी में खुले में रखा गया उसको खरीद करने के बाद भी उठाया नहीं गया, जिस कारण वह भी बेमौसमी बारिश के कारण बुरी तरह भीग गया जिसका नुकसान आखिरकार देश को होता है। फसल कटाई के बाद अनाज के सही प्रबंधन से अनाज को सुरक्षित और संरक्षित कर मात्रात्मक एवं गुणात्मक नुकसान को रोकने के लिए मजबूत भंडारण व्यवस्था की आवश्यकता है, जिसके लिए वर्तमान भंडारण व्यवस्था जो पलिंथ/कवर विधि है उसे तापमान नियंत्रित स्टील के बड़े-बड़े साइलो से बदलना चाहिए। भंडारण ढांचे को बनाने के लिए सरकारी क्षेत्र के साथ निजी क्षेत्र को भी इसमें सम्मिलित करना, पुराने भंडारण स्थलों को साइलो में बदलना, जहां-जहां अनाज मंडियां हैं उनके इर्द-गिर्द या उन्हीं के नीचे भूमिगत भंडारण व्यवस्था करना ताकि यातायात का खर्चा कम किया जा सके और खरीद के लिए जगह को जल्दी खाली किया जा सके।



## नागरिक बोध

# रूस यूक्रेन की जंग ने दुनिया को हिलाकर रखा, युद्ध से किसी भी समस्या का हल नही

**रूस** की बढ़ती ताकत की वजह से रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने अहंकार में चूर चूर होकर एक छोटे देश यूक्रेन पर हमला कर दिया ।इस समय युद्ध चल रहा है। जिसकी लंबी अवधि के बाद कोई सामाधन नही निकलता दिख रहा है। चींटी पर पंसेरी मारने की कहावत चरितार्थ होती जा रही हैरूस जैसे शक्तिशाली और धनाढय देश की तानाशाही किसी भी हाल में न्यायसंगत नही है। यूक्रेन की कोई हैसियत नही होने के बाद भी नाटो की रहम के साये में रूस जैसे शक्तिशाली देश से टक्कर लेना सहनशीलता की निशानी है। खंडहर में तब्दील होते रूस और यूक्रेन ने दुनिया की हालत पतली कर दी है। घर मे अशांति और विरोध का वातावरण होने पर पूरा घर चिंता में डूब जाता है। वैसी स्थिति यूक्रेन की बनी हुई है। आज लाखो लोग पलायन कर चुके है। अरबो रुपए का नुकसान हो गया है। ये दोनों देश डूब चुके है। रूस की बात करे तो उसके पास आय के स्त्रोत है,लेकिन यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेन्सकी व्लादिमीर की हालत खराब है ।युद्ध को पूर्ण विराम लगने के बाद नाटो यूक्रेन को मदद करना बंद कर देंगे ।कारण की रूस की तानशाही और नाटो की इमेज को ध्यान में रखकर यूक्रेन के हाथ मजबूत किए जा रहे है । रूस की तानाशाही कब तक सहन करते रहेंगे। जो देश यूक्रेन को हथियारो की मदद कर रहे है,वो कितने दिन टिक सकते है युद्ध ने विनाशकारी वातावरण खड़ा कर दिया है। युद्ध से किसी भी समस्या का सामाधन नही है आगामी एक वर्ष तक रूस यू ही मनमानी कर यूक्रेन पर हमला करता रहेगा तो तीसरे विश्व युद्ध का बिगुल बज सकता है। महिलाओ,बच्चो और पुरुषों को बंकर में रात बिताने के लिए मजबूर किया जा रहा है। युक्रेन के लिए यह घातक और विनाशक है। कोई देश झुकने के लिए तैयार नही है ।इन दोनों देशों की लड़ाई में तीसरा देश आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। रूस महाशक्ति था। जबकि इस समय अमेरिका दीवालिया होने की कगार पर है। अमेरिका की आर्थिक स्थिति पटरी पर नही आती है तो बाज पक्षी की तरह नजर गाढ़े बैठा चीन विश्व की महसत्ता की और प्रयाण कर सकता है। अमेरिका की संपत्ति में कमी आई है। एक खबर के अनुसार अमेरिका का अडाणी नेटवर्क से कम पैसा बचा है। तब दुनिया की महाशक्ति कैसे कह सकते है? अमेरिका के पास 57 अरब डॉलर का केश बचा है। अमरीकी संघीय सरकार उधार लेकर आर्थिक मजबूती से देश को दिवालिया होने से बचा सकती है। उतर कोरिया की सीमा पर युद्याभ्यास में ड्रोन दिखाई दिए है। उतर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच रिस्ते ठीक नही है। उधर उतर कोरिया अमेरिका को कई बार हमला करने की धमकी दे चुका है। न्यूक्लियर की धमकी देने वाले उतर कोरिया मजबूत स्थिति में है ।चीन और पाकिस्तान की भारत पर निगाह है। मोदी सरकार बदल जाती है तो उनके मंसूबे सफल हो जाएंगे। इस तरह अवसरवादी मानसिकता वाले देश है।

## देश दुनीया से

# बेशर्मी पर कर देना होगा

**किसी** भी खुशहाल समाज या देश के लिए मांगने वालों को देखना सहज नहीं। यह जानते-समझते देश की कई सरकारें गुजर गईं, लेकिन देखने के आदर्श नहीं बना पाईं। किसे देखें, किसे नजरअंदाज करें। अब कहीं जाकर सरकार को पहल करनी पड़ी ताकि देखने से जहां कहीं देश असहज हो, वहां कर लगा दिया जाए। वैसे भी देश की कर प्रणाली केवल सरकारों को सहज बनाने के लिए आम लोगों की असहजता देखती भी कहां है, सो फैसला हुआ कि सर्वप्रथम भीख मांगने वाले को देखना अब कर के दायरे में आएगा। जो भी कोई देश के भिखारियों को देख-देख कर रहम खाने की तवज्जो देना चाहता है, पहले इसके एवज में कर अदा करे। इसी तरह देश में जहां भी देख कर शर्म महसूस होने की नौबत आती, वहां देखने वालों पर कर लगा देने से यह भी बजट की कमाई का साधन हो गया। धीरे-धीरे यह सूची लंबी होने लगी और जहां कहीं भी जनता को देश अच्छा नहीं लगता, वह खुशी-खुशी कर अदा करने लगी। कर की दरें बेशर्मी की हद और गंदगी की गुंजाइश पर तय होने लगीं। गंदगी, बेशर्मी, भीख व लाचारी जैसे शब्द अब बजटीय हो गए तथा इस तरह कर उगाही से देश की छवि सुधरने लगी। इधर सरकार बेशर्मी और गंदगी के कारण कमाने लगी, उधर जनता इनसे बचने लगी। पहली बार सरकार को मालूम हुआ कि देश भिखारियों, बेशर्मों और गंदगी फैलाने वालों के कारण इतना आत्मनिर्भर होने लगा है कि खुद सरकार को अब पता नहीं चल पा रहा कि वह इस मद में कमा कितना लेगी। सरकार जितना आयकर से नहीं कमा रही थी, उससे अधिक अब आयकर की चोरी देखने वालों पर कर लगा कर कमाने लगी। जिस किसी को इलेक्टोरल बान्ड बेशर्म लग रहे हैं, उसे अब इसके लिए कर देना पड़ रहा है। मंत्रालय इतने सतर्क हो गए कि जो कोई मुफ्त में भारत की गंदगी देख रहा था, उस पर कर लगा कर उसे देखने की काबिलीयत से दूर करने लगे। मरीज ने सरकारी अस्पताल की गंदगी देखी नहीं कि उसके तीमारदार पर कर लग गया। पहली बार नगर निकाय तसल्ली से कर इसलिए वसूलने लगे कि शहरों की गंदगी देखने वालों पर कर ठोंका जा रहा था। बेशर्मों को देखने की तो इससे भी ज्यादा कर अदायगी होने लगी, नतीजतन आम जनता को अब कहीं बेशर्म नजर नहीं आ रहे। उसके लिए बेशर्म वे हो गए, जो सत्ता में नहीं हैं। जनता समझ गई है कि अगर उसे मनोरंजन कर से मुक्त फिल्में देखनी हैं, तो क्या कुछ तथा किस हद तक की बेशर्मी चुपचाप देख लेनी चाहिए। एक समय था जब रेडियो पर अच्छी खबरें सुनने के लिए पचास रुपए का लाइसेंस लेना पड़ता था, लेकिन अब जनता मुफ्त के लिए कुछ भी सुन और चुन लेती है। वह खबरिया चैनलों की बेशर्मी, एंकरों की गंदगी को देख कर भी अनदेखा कर देती है ताकि कहीं ऐसा देखने पर भी सरकार कर ही न लगा दे। अब देश और देश के नागरिक मुफ्त में मांग कर भी शर्मिंदा नहीं होते। नेताओं के ऊल जुलूल भाषण सुन कर भी बुरा नहीं मानते। देश अपनी शर्मिंदगी पर भी खुश है क्योंकि सरकार को इस हालत पर कर उगाहने में मजा आने लगा है। देश के अस्सी करोड़ लोग फ्री में राशन खा रहे हैं और यही देख कर जिन्हें शर्मिंदगी हुई, वही बुरा देखने के बदले इसका कर चुका रहे हैं। अब तो जनता जिस कमाई को तरस रही, जिस दिहाड़ी को तरस रही है, उसे पाने से पहले करंसी की गंदगी से डर रही है। पता नहीं किस दिन कोई नोट गंदा निकल आए और इसे देखने पर कर लगा दिया जाए। नोटबंदी के बाद हमारे कारण दो हजार का नोट बेशर्म हो गया या हमारे देखते-देखते उसकी बेशर्मी बढ़ गई कि अब सरकार को बचाने आगे आना पड़ा। महंगाई के बावजूद दो हजार का नोट सरकार ने हटा दिया, वरना इसकी बेशर्मी पर कर लग जाता। अब हम महंगाई व बेरोजगारी के मुद्दों को इसलिए अनदेखा कर रहे हैं ताकि कहीं सरकार को पता न चल जाए कि देश की इस तरह की गंदगी को भी लोग देख रहे हैं। ऐसे में जिस दिन बेशर्म महंगाई और बेरोजगारी देख ली, सरकार कर लगा देगी। सरकार अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त में अनाज खिला रही है और यह हमें गरीबी देखने जैसा लगा, तो भुगत रहे हैं न इसका कर। जनता होशियार हो गई है। एक ओर प्रधानमंत्री को 91 बार गाली दे दी गई और हम इसे विपक्ष की बेशर्मी नहीं मान रहे हैं। पता है क्योंकि जिस दिन प्रधानमंत्री की गाली जनता को बुरी लगी, देश इस बुराई का भी कर तो हमसे ही वसूल लेगा।

> देश भिखारियों, बेशर्मों और गंदगी फैलाने वालों के कारण इतना आत्मनिर्भर होने लगा है कि खुद सरकार को अब पता नहीं लच पा रहा कि वह इस मद में कमा कितना लेगी। सरकार जितना आयकर से नहीं कमा रही थी, उससे अधिक अब आयकर की चोरी देखने वालों पर कर लगा कर कमाने लगी। जिस किसी को इलेक्टोलर बान्ड बेशर्म लग रहे हैं, उसे अब इसके लिए कर देना पड़ रहा है। मंत्रालय इतने सतर्क हो गए कि जो कोई मुफ्त में भारत की गंदगी देख रहा था, उस पर कर लगा कर उसे देखने की काबिलीयत से दूर करने लगे।


## न्यूज ब्रीफ

### अगर इमरान 9 मई को हुई हिंसा के लिए मांगे माफी, तो सरकार बात करने को तैयार : वित्तमंत्री इशाक डार



**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान में लगातार सियासी बवाल मचा हुआ है। इस बीच, पाकिस्तान के वित्तमंत्री इशाक डार ने संकेत दिया है कि देश में जारी सियासी गतिरोध को दूर करने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से बातचीत कर सकते हैं। हालांकि, उन्होंने इसके लिए शर्त रखी है की इमरान अपनी गलतियों को ठीक करने के लिए कदम उठाएं और नौ मई को हुई हिंसा के लिए देश से माफी मांगें। उल्लेखनीय है कि इमरान खान की इस्लामाबाद उच्च न्यायालय परिसर से हुई गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों ने देशभर में हिंसक प्रदर्शन किया था और सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया था। डार ने रविवार को ऐसे समय में ये संकेत दिया है जब सत्तारूढ़ गठबंधन पहले ही खान की वार्ता की पेशकश को यह कहकर ठुकरा चुका है कि बातचीत नेताओं से होती है न कि आतंकवादियों से। गौरतलब है, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने नौ मई की हिंसा के मामले में प्रशासन द्वारा बड़े पैमाने पर की जा रही कार्रवाई के बीच सरकार से चुनाव की तारीखों पर वार्ता के लिए सात सदस्यीय समिति गठित की है। उल्लेखनीय है कि पीटीआई के खिलाफ की जा रही कार्रवाई की वजह से पार्टी अस्तित्व के संकट से गुजर रही है और कई वरिष्ठ नेता रोजाना दल को छोड़ रहे हैं।

### शनि का चंद्रमा अंतरिक्ष में छोड़ रहा पानी के फव्वारे, धरती के बाहर भी संभव हो सकता है जीवन



**ह्यूस्टन।** शनि ग्रह का एक छोटा चांद अंतरिक्ष में इसके ध्रुव से पानी के विशालकाय फव्वारे छोड़ रहा है। इंसीलेडस नामक चांद से निकलने वाले पानी की बौछारों की लंबाई कई किमी तक है। नासा के जेम्स वेब टेलीस्कोप ने इसकी तस्वीर ली है। इंसीलेडस इन फव्वारों के साथ जैविक और रासायनिक कण फैला रहा है। इंसीलेडस से निकलने वाले पानी के फव्वारे हमें इस बात का प्रमाण देते हैं कि धरती से बाहर भी जीवन संभव है। या हो सकता है कि वहां पर जीवन हो, जिसके बारे में हमें पता नहीं है। नासा के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर की प्लैनेटरी एस्ट्रोनॉमर सारा फैगी ने कहा कि ये विशालकाय फव्वारे हैं। असल में इंसीलेडस के क्रस्ट में मौजूद तरल बर्फीले समुद्र को सूरज की गर्मी भाप बनाती है। इससे शनि ग्रह के गुरुत्वाकर्षण से अकसर ऐसे फव्वारे छूटते दिखते हैं। साल 2008 से 2015 के बीच नासा के कैसिनी स्पेसक्राफ्ट ने इस चंद्रमा के फव्वारों को देखा तो वैज्ञानिक हैरान रह गए। स्पेसक्राफ्ट में लगे मास स्पेक्ट्रोमीटर ने जीवन को पैदा करने वाले जैविक कणों यानी ऑर्गेनिक मॉलिक्यूल्स को इन फव्वारों के साथ निकलते देखा। इसके अलावा मॉलीक्यूलर हाइड्रोजन, कार्बन डाईऑक्साइड, मीथेन और पत्थरों के टुकड़े भी निकलते देखे गए।

### पोलैंड सीमा पर बच्चों के साथ फंसे प्रवासी बोले- हम बेलारूस में सुरक्षित नहीं



**वारसा।** बेलारूस से लगती पोलैंड की सीमा पर प्रवासियों का जमावड़ा लगा हुआ है। बेलारूस से आए लोग छोटे बच्चों सहित पोलैंड में शरण चाहते हैं। पोलिश मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने जानकारी दी कि करीब 30 प्रवासियों का एक समूह तीन दिनों से बेलारूस से लगी पोलैंड की सीमा पर फंसा हुआ है। मानवाधिकार कार्यकर्ता मार्ता स्टैनिस्जुस्का ने बताया कि सभी प्रवासी पौलेंड में शरण चाहते हैं और बेलारूस उन्हें वापस जाने की अनुमति नहीं दे रहा। बेलारूस में, वे सुरक्षित नहीं हैं। आगे बताया कि बेलारूस लौटने के नाम पर उनको धमकी दी जाती है कि अगर वापस लौटे तो उन्हें पीटा जाएगा या उन्हें मार डाला जाएगा।

# रूस का साथ देने पर मिलेंगे परमाणु हथियार:बेलारूस के राष्ट्रपति ने किया ऐलान; 1991 के बाद पहली बार विदेशी धरती पर रूसी न्यूक्लियर वेपन



**रूस/बेलारूस ।** रूस गत गुरुवार से पड़ोसी देश बेलारूस में अपने परमाणु हथियार तैनात करना शुरू कर चुका है। इसके 3 दिन बाद अब बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंको ने कहा है कि जो देश पुतिन और उनका साथ देंगे उन्हें परमाणु हथियार दिए जाएंगे।

लुकाशेंको ने ये बात रविवार को एक ऑन कैमरा इंटरव्यू में कही। वो इस दौरान कजाकिस्तान से रूस के रिश्तों को लेकर बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि साथी देश यूनाइटेड स्टेट ऑफ बेलारूस और रूस में शामिल हो जाएं तो उन्हें परमाणु हथियार मिल जाएंगे।

1991 में सोवियत संघ के टूटने के बाद पहली बार ऐसा होगा जब रूस किसी विदेशी धरती पर परमाणु हथियारों को तैनाती करेगा। हालांकि इन पर रूस का ही कब्जा रहेगा। इस समझौते पर लुकाशेंको ने कहा था कि हमें परमाणु हथियारों के लिए स्टोरेज फैसिलिटी बनानी थी। ये काम पूरा हो चुका है। रूस से परमाणु हथियारों का स्थानांतरण भी शुरू हो चुका है। वहीं, जब उनसे परमाणु हथियारों के बेलारूस पहुंचने पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, हो सकता है पहुंच गए हों, मुझे जाकर देखना होगा। 25 मार्च को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने बेलारूस में रूस के परमाणु हथियार तैनात करने की घोषणा की थी। पुतिन ने कहा था कि बेलारूस के राष्ट्रपति लुकाशेंको काफी समय से परमाणु हथियारों को उनके देश में तैनात करने की मांग कर रहे हैं। बेलारूस के साथ रूस के करीबी सैन्य संबंध हैं। पुतिन ने कहा था कि रूसी परमाणु हथियारों की बेलारूस में तैनाती का कारण ब्रिटेन का यूक्रेन को आर्मर पियर्सिंग शेल मुहैया कराना बताया था, जिसमें यूरेनियम होता है। पुतिन का कहना था कि परमाणु हथियारों को बेलारूस में रख कर रूस वही कर रहा है जो अमेरिका ने कई दशकों से बेल्जियम, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड्स और तुर्की में परमाणु हथियारों को रख कर किया। पुतिन ने यह भी कहा था कि रूस का कदम परमाणु हथियारों से जुड़ी किसी अंतरराष्ट्रीय संधि की अवहेलना नहीं करता है। अमेरिका ने नाटो सहयोगियों के इलाके में हथियार तैनात कर संधि का उल्लंघन किया है। पुतिन ने यह साफ किया था कि बेलारूस में परमाणु हथियारों की देखरेख रूसी सैनिकों के हाथ में होगी। इससे परमाणु अप्रसार समझौते का कोई उल्लंघन नहीं होता है।

### एर्दोगन दूसरी बार बनेंगे तुर्किये के राष्ट्रपति

# 20 साल से सत्ता में; महंगाई, भूकंप में 50 हजार मौतों के बाद भी चुनाव जीता

**अंकारा।** रेसेप तैयप एर्दोगन एक बार फिर तुर्किये के राष्ट्रपति होंगे। एर्दोगन ने 28 मई को रन-ऑफ राउंड में बाजी मारी। एर्दोगन को कुल 52.1 प्रतिशत वोट मिले, वहीं विपक्षी नेता कमाल केलिकदारोग्लू को 47.9 प्रतिशत वोट हासिल हुए। ये चुनाव जीतने के बाद एर्दोगन 2028 तक राष्ट्रपति रहेंगे।

ये चुनाव तुर्किये में आए जानलेवा भूकंप के 3 महीने बाद हुआ, जिसमें 50 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। भूकंप के बाद 20 साल से तुर्किये की सत्ता में बैठे एर्दोगन पर सवाल खड़े किए गए थे। तुर्किये की करेंसी भी डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर पर है। महंगाई 40 प्रतिशत से ज्यादा है। इसके बावजूद एर्दोगन चुनाव जीतने में कामयाब रहे हैं। हालांकि, इस चुनाव में एर्दोगन को विपक्षी नेता कमाल केलिकदारोग्लू से कड़ी टक्कर मिली।

**2003 से सत्ता में है एर्दोगन-** एर्दोगन 2003 से तुर्किये की सत्ता में हैं। 2014 तक वो देश के प्रधानमंत्री रहे थे। 2016 में तुर्किये में तख्तापलट की कोशिश हुई। इसके बाद एर्दोगन ने देश में रेफरेंडम कराकर प्रेसिडेंशियल सिस्टम लागू कराया। वो तब से देश के राष्ट्रपति हैं। इस तरह देश के मुखिया के तौर पर पिछले 20 सालों में उन्हें 11वीं बार सत्ता मिली है।



चुनाव के नतीजे आने के बाद एर्दोगन ने इस्तानबुल में अपने घर की बालकनी से 3 लाख से ज्यादा लोगों संबोधित किया। इस दौरान एर्दोगन ने कहा कि ये पूरे तुर्किये की जीत है। भाषण के दौरान उन्होंने विपक्षी पार्टी का मजाक उड़ाते हुए कहा- बाय-बाय केलिकदारोग्लू।

**14 मई को हुए चुनाव में नहीं मिला था बहुमत-** तुर्किये में रविवार को राष्ट्रपति चुनाव के लिए दूसरी बार (रन-ऑफ राउंड) वोटिंग हुई थी। इससे पहले 14 मई को चुनाव में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिल पाया था। एर्दोगन की पार्टी एकेपी को तब 49.4 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं, तुर्किये के गांधी कहे जाने वाले कमाल केलिकदारोग्लू की पार्टी को 45.0 प्रतिशत वोट मिले थे। जबकि सत्ता में आने के लिए किसी भी पार्टी को 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिलने चाहिए।

**शरणार्थियों को देश से बाहर करने पर लड़ा चुनाव-** प्रचार के आखिरी चरण में दोनों ही मुख्य पार्टियों ने सीरिया के प्रवासियों को देश से बाहर करने के मुद्दे पर वोटरों को लुभाने की कोशिश की थी। अलजजीरा के मुताबिक, देश में 30 लाख से ज्यादा सीरियाई शरणार्थी हैं।

एर्दोगन तुर्किये की पार्टी के अध्यक्ष हैं। तुर्किश भाषा में एकेपी का मतलब जस्टिस एंड डेवेलपमेंट पार्टी है। उधर, कमाल सीएचपी से मैदान में थे। इसका मतलब रिपब्लिकन पीपल्स पार्टी है।

**नाटो देश होने के बावजूद रूस से अच्छे संबंध -** तुर्किये यूरोप में रूस को चुनौती देने के लिए बनाए नाटो का सदस्य देश है। इसके बावजूद रूस से उसके संबंध अच्छे हैं। 2022 में जब रूस ने यूक्रेन पर हमला किया को एर्दोगन ने उसकी आलोचना की, पर दूसरे पक्रिमी देशों की तरह कोई पाबंदियां नहीं लगाईं। एर्दोगन जब भी रूस के राष्ट्रपति पुतिन का जिक्र करते हैं तो उन्हें दोस्त कहकर संबोधित करते हैं।

वहीं, कश्मीर पर तुर्किये के स्टैंड के चलते एर्दोगन को भारत विरोधी माना जाता है। हाल ही में श्रीनगर में हुई ल20 की टूरिज्म की बैठक में भी वो शामिल नहीं हुए थे। संयुक्त राष्ट्र संघ में कई बार कश्मीर का मसला उठा चुके हैं।

**तुर्किये के अब तक के दूसरे सबसे बड़े लीडर एर्दोगन -** फर्स्ट वर्ल्ड वॉर में ऑटोमन एम्पायर की हार हो गई थी। इसके बाद एम्पायर की आर्मी में कमांडर रहे मुस्तफा केमाल अतातुर्क ने तुर्किये की स्थापना 1923 में की थी। उस समय वहां की सोसाइटी कट्टरपंथी थी। इसके बावजूद केमाल ने तुर्किये को एक सेक्युलर देश बनाया।

सालों तक तुर्किये में इस्लामिक ताकतों को इससे परेशानी रही और वो इसका विरोध करते रहे। एर्दोगन खुद 1999 में तुर्किये के सेक्युलर कानूनों का विरोध करने पर जेल गए। इसके ठीक 4 साल बाद 2003 वो पहली बार देश के प्रधानमंत्री बने। ये सिलसिला 2016 में हुई तख्तापलट की कोशिश तक जारी रहा। देश के प्रधानमंत्री रहते हुए उन्हें दक्षिणपंथी समूहों से खूब समर्थन मिला। 2017 में हुए रेफरेंडम के बाद वो देश के पहले राष्ट्रपति बने। नतीजा ये रहा कि लगातार चुनावों में जीत मिलने से अब वो तुर्किये को बनाने वाले नेता कमाल अतातुर्क जितने बड़े नेता बन गए।

# नीदरलैंड ने रूसी राष्ट्रपति के पूर्व दामाद की जमीन की जब्त



**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन चर्चा का पात्र बने रहते हैं। कभी यूक्रेन पर किए जा रहे युद्ध को लेकर तो कभी किसी मामले को लेकर वह सुर्खियों में बने रहते हैं। अब रूसी राष्ट्रपति अपने पूर्व दामाद को लेकर खबरों में आ गए। दरअसल, नीदरलैंड में पुतिन के पूर्व दामाद की जमीन के एक हिस्से को अधिकारियों ने जब्त कर लिया है।

रिपोर्ट के अनुसार, डच में ली गई जमीन की रजिस्ट्री से संबंधित एक दस्तावेज से खुलासा हुआ है कि वित्तीय, आर्थिक और पर्यावरण संबंधी अपराधों के लिए राष्ट्रीय लोक अभियोजक के कार्यालय द्वारा 12 मई को भूमि के हिस्से को जब्त कर लिया गया था।

बताया जा रहा है कि रूसी राष्ट्रपति की बड़ी बेटी मारिया वोरोन्त्सोवा के पूर्व पति और डच व्यवसायी जोरिट फासेन ने डुइवेंड्रेक्ट में एक प्लॉट खरीदा था। दस्तावेजों से पता चला कि एक आपराधिक जांच के हिस्से के रूप में जमीन को जब्त कर लिया गया है। वहीं, सूत्रों की माने तो फासेन हाल ही में जब नीदरलैंड के शिफोल हवाई अड्डे पर पहुंचे, तो अधिकारियों ने उनसे पूछताछ शुरू कर दी।

कहा जा रहा है कि जांचकर्ताओं को संदेह हुआ था कि फासेन पूछताछ से बच रहे हैं। इसी को लेकर उनसे पूछताछ की और उनका लैपटॉप व मोबाइल फोन जब्त कर लिया। सूत्रों ने बताया कि पूछताछ के तुरंत बाद ही वह मास्को लौट आए। वहीं, जब पत्रकारों ने फासेन से मामले में उनका पक्ष जानना चाह तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

बताया जा रहा है कि जोरिट फासेन मास्को में रहते हैं और उन्होंने दो साल पहले डुइवेंड्रेक्ट भूमि पर निर्माण की अनुमति के लिए आवेदन किया था। हालांकि, व्लादिमीर पुतिन द्वारा यूक्रेन में युद्ध शुरू करने के बाद उनका परमिट रोक दिया गया था।

गौरतलब है, रूसी हमलों से यूक्रेन में हर तरफ तबाही ही तबाही है। इस बीच व्लादिमीर पुतिन की दोनों बेटियों के खिलाफ अमेरिका और यूरोपीय संघ ने प्रतिबंध लगा दिया था। अमेरिका की ओर से पुतिन की बेटियों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने का मुख्य मकसद रूसी राष्ट्रपति को ही निशाना बनाना बताया गया। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की दो बेटियां हैं। इनके नाम कैटेरीना और मारिया है। ये दोनों बेटियां उनकी पहली पत्नी ल्यूडमिला की संतान हैं।

# पुतिन से मुलाकात के तुरंत बाद बेलारूस के राष्ट्रपति अस्पताल में भर्ती, जहर देने की आशंका

**मॉस्को ।** बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंकों को मॉस्को के एक अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती कराया गया है। लुकाशेंको रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करने मॉस्को पहुंचे थे लेकिन पुतिन से मुलाकात के तुरंत बाद ही उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बेलारूस में विपक्ष के नेता वालेरी सेपकालो ने बताया कि लुकाशेंकों को तबीयत खराब होने के बाद मॉस्को के सेंट्रल क्लीनिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि लुकाशेंको और पुतिन के बीच बंद कमरे में बातचीत हुई थी, जिसके बाद लुकाशेंको की तबीयत बिगड़ गई। सेपकालो ने बताया कि रूस के शीर्ष डॉक्टर लुकाशेंको का इलाज कर रहे हैं लेकिन उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। सेपकालो ने जानकारी दी कि लुकाशेंको के खून को साफ करने की प्रक्रिया चल रही है। बता दें कि आमतौर पर शरीर में जहर पहुंचने के बाद खून को साफ करने की प्रक्रिया की जाती है। यही वजह है कि लुकाशेंको को जहर देने की चर्चाएं चल रही हैं। हालांकि अभी आधिकारिक तौर पर इस बारे में कुछ नहीं कहा गया है।

बेलारूस के राष्ट्रपति लुकाशेंको को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का बेहद करीबी माना जाता है। इससे पहले रूस के विक्ट्री डे परेड में भी लुकाशेंको शामिल हुए थे। हालांकि वह परेड खत्म होते ही अपने देश रवाना हो गए थे। लुकाशेंको की तबीयत भी बीते काफी समय से खराब चल रही है। हालांकि लुकाशेंको ने दावा किया था कि सब ठीक है और वह जल्द ही इससे उबर जाएंगे।



लुकाशेंको ने रविवार को ही रूस के एक मीडिया चैनल के साथ इंटरव्यू में कहा था कि जो देश यूनियन स्टेट बेलारूस और रूस के साथ आते हैं तो उन्हें परमाणु हथियार दिए जाएंगे। इससे पहले गुरुवार को ही लुकाशेंको ने ये भी दावा किया था कि रूस से उसे कुछ रणनीतिक रूप से अहम परमाणु हथियारों का ट्रांसफर शुरू हो गया है। इस संबंध में दोनों देशों में एक समझौता भी हुआ है।

### इजराइल और सऊदी के रिलेशन नॉर्मल होंगे

# इजराइली खुफिया एजेंसी के पूर्व चीफ बोले- दोनों देशों के निडर नेता जल्द करेंगे फैसला

**तेल अवीव/रियाद** इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के पूर्व चीफ योसी कोहन के मुताबिक, इजराइल और सऊदी अरब के बीच रिश्ते जल्द सामान्य हो सकते हैं। कोहेन ने कहा- मेरे हिसाब से दोनों मुल्कों के बीच नॉर्मल रिलेशन शुरू होने में अब कोई दिक्कत नहीं है। ये बिल्कुल मुमकिन है कि इजराइल और सऊदी एक प्लेटफॉर्म पर नजर आएं।

कोहेन ने आगे कहा- दोनों देशों के पास ऐसे नेता हैं जो बिना डरे और परेशान हुए इस तरह के फैसले ले सकते हैं। उन्हें अच्छी तरह पता है कि इन मुश्किल कामों को किस तरह किया जाता है।

योसी कोहेन 2016 से 2021 तक मोसाद के चीफ रहे। उनके दौर में इजराइल ने पांच गल्फ कंट्रीज के साथ डिप्लोमैटिक रिलेशन शुरू किए। ये वही



दौर था जब डोनाल्ड ट्रम्प की कोशिशों से अमेरिका ने इजराइल और गल्फ कंट्रीज के साथ अब्राहम अकॉर्ड नाम से एक समझौता कराया।

आज यूएई और बहरीन भी इजराइल के साथ इंटरनेशनल फोरम पर नजर आते हैं। इन देशों के साथ इजराइल की तमाम कंपनियां अरबों डॉलर का ट्रेड कर रही हैं और इससे दोनों देशों को फायदा हो रहा है।

कोहेन के दौर में ही इजराइल ने ईरान पर जबरदस्त दबाव बनाया था। उसके कई टॉप साइंटिस्ट्स और आर्मी जनरल को मार गिराया गया था। आरोप इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद पर लगा था। इजराइल और सऊदी अरब के बीच अमेरिका दोस्ती कराने की कोशिश कर रहा है। पिछले हफ्ते मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पिछले हफ्ते दो बार सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से बातचीत की। यह बातचीत इजराइल में रहने वाले अरब मूल के लोगों को डायरेक्ट फ्लाइट से हज यात्रा पर भेजने के बारे में हुई। उस वक्त सलमान बहरीन में थे। बहरीन के फॉरेन मिनिस्टर अब्दुल्लाह लतीफ बन राशिद अल जयानी ने इस बातचीत में मीडिएटर का रोल प्ले किया।

### 31 मई को भारत आएंगे नेपाल के पीएम, बेटी समेत 50 लोगों को डेलिगेशन भी आएगा

# बॉर्डर से जुड़े मसलों समेत अन्य मुद्दों पर होगी बातचीत

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कुमार दहल उर्फ प्रचंड 31 मई से 3 जून तक भारत दौरे पर रहेंगे। पिछले साल दिसंबर में प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रचंड पहली बार आधिकारिक दौरे पर भारत आ रहे हैं।

प्रचंड के साथ बेटी गंगा भी भारत आ रही हैं। इसके अलावा करीब 50 लोग भी इस दौरे पर उनके साथ रहेंगे। इनमें मंत्रियों के अलावा अफसर और जर्नलिस्ट्स शामिल हैं। दोनों देशों के बीच बॉर्डर से जुड़े मसलों पर भी बातचीत होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रचंड को भारत आने का न्योता दिया था।

#### कुछ समझौते संभव

नेपाल के अखबार 'काठमांडू पोस्ट' की रिपोर्ट के मुताबिक- प्रचंड की इस विजिट के दौरान दोनों देशों के बीच कुछ अहम समझौते भी हो सकते हैं। भारत और नेपाल के बीच बॉर्डर से जुड़े कुछ पुराने विवाद हैं। माना जा रहा है कि इनसे जुड़ा कोई समझौता भी सामने आ सकता है।

नेपाल की कुछ पार्टियों ने कहा है कि प्रचंड को भारत के साथ बॉर्डर इश्यूज पर जरूर बात करनी चाहिए, क्योंकि इनकी वजह से कई बार रिश्तों में तनाव आ जाता है। कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा वो बॉर्डर पॉइंट्स हैं, जिन पर दोनों देशों के दावे हैं। हालांकि, नेपाल सरकार भी मानती है कि बॉर्डर इश्यूज पर जल्द कोई समझौता होना आसान नहीं है, क्योंकि इन पर बातचीत चल रही है और इसमें वक्त लग सकता है।



दोनों देशों ने बॉर्डर से जुड़े मामलों को हल करने की जिम्मेदारी बाउंड्री वर्किंग ग्रुप बनाया है। 2014 में यह ग्रुप बनाया था। 2019 से इसकी कोई मीटिंग अब तक नहीं हुई है।

#### इंटीग्रेटेड चेक पॉइंट्स बनाए जाएंगे

दोनों देश इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट बनाने पर भी समझौता कर सकते हैं। इसके दो हिस्से होंगे। दोनों देशों की बॉर्डर फोर्स साथ पेट्रोलिंग और चेकिंग करेंगी। इसके अलावा टूरिज्म और सिविल एविएशन सेक्टर में भी कुछ समझौते हो सकते हैं।

नेपाल सरकार चाहती है कि भारत उसकी डिजिटल पेमेंट सिस्टम को तैयार करने में मदद करे। भारत ने इसके लिए कुछ शर्तें रखी हैं। नेपालगंज एयर रूट को खोलने पर भी विचार हो सकता है। भारत चाहता है कि नेपाल और बांग्लादेश के बीच ट्रेड रूट बनाया जाए जो भारत से होकर गुजरे। इस मसले पर लंबे वक्त से बातचीत चल रही है, हालांकि कोई नतीजा अब तक नहीं निकला। माना जा रहा है कि चीन के दबाव में नेपाल हामी नहीं भर रहा।

#### मोदी से मुलाकात होगी

प्रचंड नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा वो राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, वाइस प्रेसिडेंट जगदीप धनखड़ और लोकसभा अध्यक्ष से भी मिलेंगे। वो नेपाल-इंडियान बिजनेस समिट को भी संबोधित करेंगे।

नेपाल के प्रधानमंत्री भारत यात्रा के दौरान उज्जैन और इंदौर भी जाएंगे। उज्जैन में वो महाकाल के दर्शन करेंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक- भारत और नेपाल टेम्पल डिप्लोमैसी के जरिए आगे बढ़ना चाहते हैं। पिछले साल तब के नेपाली प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा वाराणसी गए थे। मई 2022 में जब मोदी नेपाल गए थे तो उन्होंने लुम्बिनी और मायादेवी मंदिर के दर्शन किए थे।

### चीन पहली बार स्पेस में भेजेगा आम नागरिक

# अब तक सिर्फ सेना के एस्ट्रोनॉट ही अंतरिक्ष गए, आज लॉन्च होगा मिशन

**बीजिंग।** चीन की कम्यूनिस्ट सरकार पहली बार किसी आम एस्ट्रोनॉट को स्पेस में भेजने की तैयारी कर रही है। इससे पहले चीन की तरफ से सिर्फ सेना के एस्ट्रोनॉट्स अंतरिक्ष में गए हैं। चीन अपना मिशन मंगलवार सुबह 9.31 पर जिउगुआन सैटेलाइट सेंटर से लॉन्च करेगा।

चीन की स्पेस एजेंसी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। बताया कि इस मिशन पर जाने के लिए बीजिंग की यूनिवर्सिटी ऑफ एयरोनॉटिक्स और एस्ट्रोनॉटिक्स के प्रोफेसर गुई को चुना गया है। वहीं, मिशन के कमांडर जिंग हाइपेंग होंगे। जो पीपल्स लिबरेशन आर्मी से हैं। इस मिशन में दोनों के अलावा एक इंजीनियर झू यांगझू भी होंगे। इसके लिए चीन की मिलिट्री के स्पेस प्रोग्राम पर कई बिलियन खर्च किए जा चुके हैं। न्यूज वेबसाइट के मुताबिक चीन स्पेस रेस में अमेरिका और रूस की बराबरी करना चाहता है। पिछले साल चीन ने अपना तीसरा परमानेंट स्पेस स्टेशन बनाने का काम पूरा कर लिया था। जिसे तियानगोंग नाम दिया गया है। इसे लॉन्च करने के बाद 10 साल तक धरती के ऑर्बिट में रखा जाएगा। जिससे सबसे लंबे वक्त तक इंसान के स्पेस में रहने का रिकॉर्ड बनेगा। 2011 में अमेरिका ने अपनी स्पेस एजेंसी नासा को चीन की स्पेस एजेंसी के साथ काम करने से इनकार कर दिया था।

## गुवाहाटी–उदयपुर सिटी–गुवाहाटी स्पेशल रेलसेवा शुरू

**उदयपुर ( हिंस )।** रेलवे द्वारा ग्रीष्मकालीन मौसम में अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए गुवाहाटी–उदयपुर सिटी–गुवाहाटी स्पेशल (5 ट्रिप) रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी सं. 05616, गुवाहाटी–उदयपुर सिटी स्पेशल रेलसेवा 28.05.23 से 25.06.23 तक (5 ट्रिप) गुवाहाटी से प्रत्येक रविवार को शाम सवा छह बजे रवाना होकर मंगलवार को जयपुर स्टेशन पर दोपहर एक बजकर पांच मिनिट पर पहुंचेगी तथा वहां से सवा बजे प्रस्थान कर रात नौ बजकर पांच मिनिट पर उदयपुर सिटी पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी सं. 05615, उदयपुर सिटी–गुवाहाटी स्पेशल रेलसेवा 31.05.23 से 28.06.23 तक (5 ट्रिप) उदयपुर सिटी से प्रत्येक बुधवार को दोपहर दो बजकर बीस मिनिट पर रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर रात नौ बजकर पैतीस मिनिट पर पहुंचेगी और वहां से पौने दस बजे प्रस्थान कर शुक्रवार को रात साढ़े ग्यारह बजे गुवाहाटी पहुंचेगी।

## गहलोत का पायलट पर निशाना, बोले

# कांग्रेस में फार्मूला जैसा कुछ नहीं, कुछ लोग खबरें बनवाते हैं

**नई दिल्ली/जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट पर एक बार फिर निशाना साधा। गहलोत ने कहा कि कांग्रेस एक मजबूत संगठन है और अभी तक ऐसी स्थिति नहीं आई है कि आप किसी को मनाने के लिए ऑफर करो कि आप कौन सा पद स्वीकार करोगे। ऐसा आज तक नहीं हुआ है, ना कभी होगा, ना किसी कार्यकर्ता अथवा नेता की इतनी हिम्मत है कि वह कहे कि मैं यह नहीं, वह पद लूंगा। यह सब स्टोरी अखबारों में चलती रहती हैं या फिर कुछ लोग चलाते रहते हैं या कुछ लोग स्टोरी बनवाते रहते होंगे। गहलोत नई दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात से पूर्व पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। विधानसभा चुनावों से पूर्व सचिन पायलट की नाराजगी शांत करने के उद्देश्य से पार्टी द्वारा कोई फार्मूला तय किए जाने से जुड़े सवाल पर गहलोत ने कहा कि मैंने कांग्रेस में पूरी जिंदगी में कभी इन फार्मूलों के बारे में नहीं सुना। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में ऐसा रिवाज नहीं है कि कोई भी नेता मांगे कि वह पद मुझे मिल जाए या हाईकमान ऑफर करे कि आप कौन सा पद लेंगे। ये सब मीडिया वाले प्रचार करते हैं, स्टोरी बनाते रहते हैं या लोग बनवाते रहते होंगे। उसमें कोई दम नहीं होता है। कांग्रेस हाईकमान आज भी मजबूत है। बैठक से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि दिल्ली आना जाना लगा रहता है और रहेगा भी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी परसों 31 मई को अजमेर आ रहे हैं। चुनाव का बिगुल एक तरीके से बज चुका है तो यह आने जाने का सिलसिला लगा रहेगा। उन्होंने दावा किया कि हमारे महंगाई राहत शिविरों से प्रधानमंत्री और उनके तमाम पार्टी के नेता घबरा गए हैं। प्रधानमंत्री को यह ब्रीफ किया गया है कि आप लगातार आओ। मैंने सुना है कि वह हर जिले में आ रहे हैं। मोदी जी राजस्थान को इतना महत्व दे रहे हैं। गहलोत ने कहा कि राजस्थान का जनादेश हमें सरकार चलाने, विकास करने के लिए, जनकल्याणकारी योजनाएं लागू करने और गुड गवर्नेंस देने के लिए मिला है। मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि हमने प्रदेश में बहुत शानदार तरीके से काम किया है, बहुत शानदार तरीके से गवर्नेंस दी है और बहुत शानदार तरीके से हमने सरकार चलाई है। गहलोत ने कहा कि मैंने जो पांच बजट पेश किए हैं, एक में भी टैक्स नहीं लगाया है। इतनी बड़ी राहत हमने लोगों को दी है, लोग बहुत खुश हैं। इससे घबराकर प्रधानमंत्री जी बार–बार राजस्थान आ रहे हैं। हम चुनाव केवल अपनी योजनाओं पर लड़ेंगे। मुझे यकीन है कि यह चुनाव पार्लियामेंट का नहीं, राजस्थान सरकार का चुनाव है और इन चुनाव में विधानसभा के हिसाब से ही लोगों की सोच रहेगी।

## कैबिनेट मंत्री ने बागबानी निदेशक कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, गैर–हाजिर मिले कर्मचारी



**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के बागबानी और सूचना एवं लोक संपर्क मंत्री चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने सोमवार सुबह 7.30 बजे निदेशक बागबानी, पंजाब के मुख्य दफ्तर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 06 अधिकारी/ कर्मचारी गैर–हाजिर पाए गए। कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों/कर्मचारियों को दफ्तर में समय के पाबंद रहने के लिए कहा। सरकार द्वारा दफ्तरों के समय में बदलाव के फैसले की सराहना करते हुए जौड़ामाजरा ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री का उद्देश्य राज्य में सरकारी दफ्तरों के कामकाज को और अधिक सुचारू बनाना है। इससे आम लोग दिन के शुरुआती घंटों के दौरान जरूरी सरकारी सेवाएं प्राप्त करने के योग्य होंगे। दिन के शुरुआती घंटों के दौरान ही जरूरी सेवाएं प्राप्त करने के उपरांत लोग अपनी अन्य पारिवारिक जिम्मेदारियों की ओर ध्यान दे सकते हैं। इसी तरह उनको शाम पांच बजे तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि सरकारी कर्मचारियों को भी अपनी आदत बदलने की जरूरत है। हर सरकारी कर्मचारी सुबह 7.30 बजे के निर्धारित समय पर दफ्तर में उपस्थित होना चाहिए। उन्होंने कर्मचारियों को भगवंत मान के रंगला पंजाब का सृजन करने के सपने को पूरा करने के लिए इस बदलाव के प्रेरक बनने के लिए कहा। उन्होंने आगे कहा कि लोगों को सरकारी दफ्तरों में सेवाएं प्राप्त करने में किसी भी तरह की असुविधा का सामना नहीं करने दिया जाएगा। भविष्य में यदि कोई कर्मचारी देरी करता पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त अनुशासनीय कार्यवाही की जाएगी। बागबानी मंत्री ने विभाग द्वारा चलाई जा रही अलग–अलग योजनाओं का जायजा भी लिया। जौड़ामाजरा ने डायरेक्टर बागबानी को हिदायत की कि विभागीय योजनाओं सम्बन्धी अधिक से अधिक किसानों को अवगत करवाया जाए, जिससे किसान विभागीय योजनाओं का लाभ ले सकें।

## आंगनबाड़ी वर्कर व हेल्परों ने एक दिन का किया धरना–प्रदर्शन



**यमुनानगर ( हिंस )।** जिला भर की आंगनबाड़ी वर्कर और हेल्परों ने अपनी समस्याओं को लेकर सोमवार को लघु सचिवालय के सामने एक दिवसीय धरना दिया। खंड बिलासपुर की प्रधान कमलेश ने बताया कि समय पर मानदेय देना, मजदूरी का पैसा देना, स्टेशनरी का सामान, प्रति केंद्र में राशन का पहुंचाना आदि समस्याओं पर जिला प्रशासन भी कोई जवाबदेही नहीं ले रहा है। उन्होंने कहा कि बाल वाटिका व प्ले स्कूल की दोहरी नीति बच्चों के साथ खिलवाड़ है। जबकि सुप्रीम कोर्ट की हिदायतों के अनुसार 5 साल तक की आयु के बच्चे का खेल–खेल में ही सामाजिक, शारीरिक व मानसिक विकास किया जाना चाहिए। सरकार अपनी ही मैन्यू के हिसाब से राशन नहीं भेज रही है। गर्मियों के मौसम में मूंगफली व बाजरे की सप्लाई की जा रही है। जिसका लाभार्थी पात्र खुलेआम विरोध कर रहे हैं। इससे वर्कर, हेल्पर और लाभ पात्रों के आपसी सामंजस्य पर बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्ले वे के केंद्रों के लिए जो सामान दिया है। वह रखने के लिए और उसका बच्चों के विकास के लिए प्रयोग करने के लिए किराए के भवनों में स्थान ही नहीं है। पिछले 2 वर्षों से इंधन (गैस) के लिए पुरजोर मांग करते आ रहे हैं पर सरकार ने कोई इसकी और ध्यान नहीं दिया। जबकि सिलेंडर के रेट पिछले कुछ सालों में 3 गुना से भी ज्यादा बढ़ चुके हैं। इन समस्याओं का जल्द समाधान किया जाए। इस मौके पर पूरे जिले से सेंकड़ों वर्कर शामिल रही।

## पंजाब के स्कूलों में एक जून से गर्मी की छुट्टियां

**चंडीगढ़( हिंस )।** पंजाब सरकार ने राज्य के स्कूलों में एक जून से गर्मी की छुट्टियों का एलान कर दिया है। सोमवार को इस संबंध में सरकार ने अधिसूचना जारी करते हुए कहा है कि प्रदेश में दो जुलाई तक गर्मी की छुट्टियां रहेंगी। जारी आदेश में कहा गया है कि पंजाब के सभी सरकारी प्राइवेट एडिड व मान्यता प्राप्त स्कूलों में एक जून से 2 जुलाई तक अवकाश रहेगा। पंजाब सरकार ने सर्दियों में भी स्कूली छात्रों और टीचरों की सुरक्षा के मद्देनजर स्कूल खुलने और बंद किए जाने के समय में बदलाव किया था। पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस ने प्रदेश के सभी स्कूली अध्यापकों का आह्वान किया है कि वह बच्चों को छुट्टियों के मद्देनजर विषयों के गृहकार्य के अलावा गुणात्मक व नैतिक शिक्षा संबंधी भी काम दें।

## सांसद दीया ने फिर उठाया कुंभलगढ़ में टाइगर सेंचुरी का मुद्दा




**राजसमंद ( हिंस )।** राजस्थान से राजसमंद की सांसद दीया कुमारी ने भोपाल में केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की 23वीं बैठक में एक बार फिर कुंभलगढ़ में टाइगर सेंचुरी का मुद्दा उठाया है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की बैठक में सांसद दीया कुमारी द्वारा कुंभलगढ़ अभयारण्य को टाइगर सेंचुरी बनाने का मुद्दा उठाए जाने पर राजस्थान चीफ वाइल्डलाइफ वार्डन अरिंदम तोमर ने बताया कि वन विभाग राजस्थान ने कुंभलगढ़ अभयारण्य को टाइगर सेंचुरी घोषित करने के लिए अपनी अनुशंसा राज्य सरकार को प्रेषित कर दी है, उम्मीद है राज्य सरकार शीघ्र ही इस पर कार्यवाही कर केंद्र सरकार को भिजवाएगी, जिससे कुंभलगढ़ में टाइगर सेंचुरी की योजना को मूर्त रूप दिया जा सकेगा।

## विवाहिता से दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर किया वायरल

**पलवल ( हिंस )।** जिले में विवाहिता को प्रेम जाल में फंसाकर संबंध बनाए। अश्लील वीडियो–फोटो के नाम ब्लैकमेल करके बार–बार संबंध बनाने को मजबूर किया। पैसे मांगे, मानसिक तौर पर परेशान किया। विरोध करने पर वीडियो–फोटो वायरल कर दिए, जो ससुरालियों तक पहुंचे तो उन्होंने विवाहित को रखने से इनकार कर दिया। आरोपी के खिलाफ सोमवार को दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया। मिली जानकारी के अनुसार हथीन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने शिकायत दी। इसमें उसने बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी एक वर्ष पूर्व नूंह जिले के एक गांव में की थी। शादी के 4 माह बाद हुजेफा नामक युवक ने उसकी बेटी के साथ बहला–फुसला कर दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना ली। फोटो भी खींच लिए। व्यक्ति के अनुसार अब युवक उनको वायरल करने की धमकी देकर बेटी को ब्लैकमेल करके मानसिक तौर पर परेशान करने लगा है। उसकी बेटी ने जब विरोध किया और उसकी बात नहीं मानी तो आरोपी ने बेटी की अश्लील वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। ससुराल वालों के नंबरों पर भी सेंड कर दिए। पीड़ित के अनुसार अब ससुराल वाले बेटी को रखने से इनकार कर रहे हैं। आरोपी के कारण बेटी का घर टूट गया। वह मानसिक तौर पर परेशान रहने लगी है। बदनामी अलग से उठानी पड़ी। वहीं महिला थाना प्रभारी सुशीला ने सोमवार को बताया कि आरोपी हुजेफा के खिलाफ शिकायत मिल गई है।

### मोबाइल शॉप की आड़ में हवाला कारोबार

## पुलिस ने छापा मार कर पकड़ी 50 लाख की नकदी



**चित्तौड़गढ़ ( हिंस )।** शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने न्यू क्लॉथ मार्केट क्षेत्र में स्थित एक मोबाइल शॉप पर छापा मारा है। यहां पर हवाला कारोबार चलाया जा रहा था। मौके से करीब 50 लाख रुपए की नकदी बरामद की है। पुलिस ने यहां दुकान और मकान की तलाशी ली। इसके अलावा पुलिस एक प्रिंटर मशीन, ब्लैंक चेक, दो नोट गिनने की मशीन और हिसाब की डायरी अपने साथ थाने लेकर गई है। कोतवाली सीआई विक्रम सिंह राणावत ने बताया कि पुलिस को शहर के ऋषभ कांप्लेक्स में स्थित ज्ञानमल चपलोत की मोबाइल शॉप में अवैध तरीके से रुपयों की ट्रेडिंग किए जाने की जानकारी मिली थी। इसके बाद पुलिस ने सोमवार को यहां पर दबिश दी। पुलिस के छापा मारने की सूचना मिलते ही आसपास हड़कंप मच गया। ज्ञानमल चपलोत का घर भी दुकान के ऊपर ही बना हुआ है। पुलिस ने मकान और दुकान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान यहां भारी मात्रा में नकदी मिली है। वहीं, पास में नोट गिनने के दो मशीन और एक प्रिंटर भी मिले। पुलिस के प्रारंभिक रूप से गिनती करने पर करीब 50 लाख रुपए मिले। जब वहां मौजूद सभी जनों से पूछताछ की गई तो कोई भी उन रुपयों के बारे में सही जवाब नहीं दे पाया। वहां से कई हिसाब किताब की डायरी और ब्लैंक चेक भी मिले। रुपयों का हिसाब किताब पूरा नहीं मिलने पर इसे हवाला ही माना जा रहा है। कोतवाली सीआई ने बताया कि प्रारंभिक रूप से यहां 50 लाख रुपए मिले, लेकिन गिनती और कार्रवाई दोनों जारी है। फिलहाल पुलिस ने सब कुछ अपने पास रखें और थाने लेकर आए। वहां पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पंजाब सरकार ने जिला योजना समितियों के लिए जारी की 13 करोड़ की ग्रांट



**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी और कराधान मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने सोमवार को जिला योजना समितियों (डीपीसी) के चेयरपर्सनों को बताया कि सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए जिला विशेष योजनाओं के अंतर्गत जिला योजना समितियों के अनटाइड फंडों के तौर पर 13 करोड़ रुपए का बजट रखा है जबकि वित्तीय वर्ष 2021–22 में यह बजट केवल 6 करोड़ रुपए था। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर इस बजट में अपेक्षित बदलाव किया जाएगा। यहां पंजाब भवन में जिला योजना समितियों के चेयरपर्सनों की कार्यकारी समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने चेयरपर्सनों को अपने–अपने जिलों के तेजी से विकास को सुनिश्चित बनाने के लिए सक्रियता से काम करने के लिए कहा। उन्होंने चेयरपर्सनों को कहा कि वह सरकार द्वारा चलाई जा रही अलग–अलग योजनाओं का गहराई से अध्ययन करें जिससे जनता के पैसों के सही प्रयोग को सुनिश्चित बनाने के लिए वह विकास योजनाओं का नक्शा तैयार कर सकें। चेयरपर्सनों को कैबिनेट मंत्रियों, पार्लियामेंट सदस्यों और विधायकों के साथ तालमेल को और बढ़िया बनाने के लिए प्रेरित करते हुए हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि जिला योजना समितियां इन शख्सियतों के ऐच्छिक फंडों और इनसे संबंधित विभागों के फंडों को बेहतरीन ढंग से बरतने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। चीमा ने उनको अपने जिलों के लिए विकास प्रस्तावों का नक्शा तैयार करने और यह प्रस्ताव अपने डिप्टी कमिश्नरों के द्वारा योजना विभाग को भेजने के लिए कहा जिससे उसके अनुसार रणनीति तैयार की जा सके। इस मौके पर उन्होंने संयुक्त सचिव योजना राकेश कुमार को भी जिला योजना समितियों की बढ़िया कारगुजारी के लिए इन चेयरमैनों को हर संभव सहायता मुहैया करवाने की हिदायत दी। इस दौरान जिला योजना समितियों के चेयरपर्सनों ने उनको दरपेश कुछ समस्याएं भी साझा कीं।

## समय पर करों की अदायगी करके विवादों से बचे उद्योगपति : यादव




**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के टैक्सेशन कमिश्नर केके यादव ने कहा कि कोई भी कारोबारी अगर समय पर सभी तरह के करों की अदायगी करेगा तो वह किसी प्रकार के कानूनी विवाद में नहीं उलझेगा। सरकार की तय समय सीमा को आधार मानकर ही उद्योगपतियों को अपनी कर अदायगी योजनाएं बनानी चाहिए। टैक्सेशन कमिश्नर केके यादव सोमवार को स्थानीय पीएचडी हाउस में आयोजित पीएचडी चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री के जीएसटी कांक्लेव को संबोधित कर रहे थे। इस कॉनक्लेव में पंजाब, हिमाचल व चंडीगढ़ के उद्योगपतियों के अलावा सीए प्रोफेशनल्स ने भी भाग लिया। इस मौके पर यादव ने कहा कि उद्योगपतियों के करों की अदायगी समय पर किए जाने से कई तरह की समस्याओं का समाधान होता है। जीएसटी नियमों का लगातार सरलीकरण किया जा रहा है। पीएचडीसीसीआई टैक्सेशन कमेटी के चेयर बिमल जैन ने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य उद्योगपतियों को ऐसा मंच प्रदान करना है, जहां बैठकर वह अपनी जीएसटी के संबंध में अपनी समस्याओं, शंकाओं का समाधान मौके पर कर सकें। कार्यक्रम कोमें सीजीएसटी कमिश्नरेट लुधियाना के सहायक कमीश्नर डॉ. बलजीत सिंह व पंजाब के स्टेट टैक्स (ऑडिट) अतिरिक्त आयुक्त रवनीत खुराना ने कहा कि आमतौर पर यह देखने में आया है कि उद्योगपति अपनी किताबें तथा अन्य रिकार्ड को पूरा रखते हैं लेकिन कर जमा करवाने में समय लगाते हैं। यह परंपरा बदलनी होगी।

## दिल्ली में महिला खिलाड़ियों से दुर्व्यवहार के विरोध में उतरे संगठन


**भिवानी ( हिंस )।** दिल्ली आंदोलनरत महिला पहलवानों को न्याय दिलाने के लिए महिलाओं किसानों को दिल्ली जाने से रोकने, उनके नेताओं को गिरफ्तार करने, महिला पहलवानों को जबरदस्ती उठाकर उन पर संगीन मुकदमें बनाने व उनका धरना स्थल उठवाने से गुस्साए किसानों, मजदूरों व महिलाओं ने संयुक्त रूप से सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने उपायुक्त के माध्यम से पहलवानों को न्याय देने के लिए राष्ट्रपति को ज्ञापन भिजवाया है। इस मौके पर कामरेड ओमप्रकाश, कमल प्रधान व बिमला ने कहा कि 28 मई को हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब व दिल्ली से महिला पहलवानों के समर्थन में जाने वाले किसानों व महिलाओं को गिरफ्तार किया तथा दिल्ली में महिला खिलाड़ियों के साथ बर्बरता की गई। जिसकी वे कड़ी निंदा करते हैं और लोकतंत्र की हत्या करने वाली राज्य व केंद्र सरकार को आगाह करते हैं कि वह अपनी तानाशाही हरकतों से बाज आए अन्यथा भाजपा–जजपा के लोगों का बहिष्कार करने पर मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि नई लोकसभा भवन का उद्घाटन करते समय प्रधानमंत्री ने भारत के लोकतंत्र को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बताया।

## देश के विकास में अहम भूमिका निभाएगा अमृतसर–जामनगर एक्सप्रेसवे




**चंडीगढ़ ( हिंस )।** अमृतसर–जामनगर एक्सप्रेसवे लंबे समय से देश की कनेक्टिविटी को बदलने के लिए एक और महत्वपूर्ण परियोजना के रूप में उभरा है। एक्सप्रेसवे का निर्माण पूरा होने के बाद यह प्रमुख आर्थिक शहरों और रिफाइनरियों के बीच एक लिंक स्थापित करेगा, जो चार राज्य पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात को आपस में कनेक्ट करेगा। एक्सप्रेसवे के कारण पूरे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे तथा रियल एस्टेट क्षेत्र में भी विकास को गति मिलने की उम्मीद है। अमृतसर और जामनगर के बीच की दूरी को 1, 316 किमी कम करने और यात्रा के समय को 26 घंटे से घटाकर 13 घंटे करने के लिए उत्तर–पश्चिम भारत में 1, 257 किमी से अधिक का दूसरा सबसे लंबा एक्सप्रेसवे विकसित किया जा रहा है, जो अमृतसर, बठिंडा, बीकानेर, संगरिया, सांचौर, समाखियाली, और जामनगर जैसै प्रमुख शहरों को आपस में जोड़ेगा। इससे राज्यों के बीच व्यापार और परिवहन को भी बढ़ावा मिलेगा। यह एक्प्रेसवे भटिंडा और जामनगर में प्रमुख प्रतिष्ठानों सहित एक्सप्रेसवे के किनारे स्थित कई रिफाइनरियों के साथ जुड़ा हुआ है। ट्रांजिट समय को कम करके यह एक्सप्रेसवे पेट्रोलियम उद्योग को सशक्त करेगा, लॉजिस्टिक एफिशिएंशी में वृद्धि कर पूरे देश की आर्थिक ताकत में योगदान देगा। इसके अलावा एक्सप्रेसवे में रोजगार के अवसर प्रदान करने और आसपास के क्षेत्रों से कुशल और अकुशल श्रमिकों को आकर्षित करने की अपार संभावनाएं हैं। इसके अतिरिक्त बेहतर कनेक्टिविटी नए व्यवसायों को अपने कॉरिडोर के साथ खुद को स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करेगी जिससे विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी के अवसरों में वृद्धि होगी। अल्फा कॉर्प के कार्यकारी निदेशक और सीएफओ संतोष अग्रवाल ने कहा कि एक्सप्रेसवे भारत के चार राज्यों में प्रमुख शहरों को जोड़ता है और इस परिवर्तन से विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। यह रियल एस्टेट उद्योग के लिए भी एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा, आर्थिक अवसरों के खजाने को अनलॉक करेगा और इससे औद्योगिक क्षेत्रों के विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। बेहतर कनेक्टिवटी के कारण यह एक्सप्रेसवे बेहतर विकास की खोज कर रहे लोगों को एक बेहतर वातावरण प्रदान करेगा। यह एक्सप्रेसवे अमृतसर जोन को विभिन्न उद्योगों की स्थापना के लिए एक केंद्र के रूप में बढ़ाएगा।

## हिंदुत्व राष्ट्र की पहचान है : बोहरा



**उदयपुर ( हिंस )।** हिंदुत्व क्या है और हिंदू कौन है? इस विषय पर विनायक दामोदर सावरकर ने रत्नगिरि जेल में रहते हुए 1923 में एक आलेख लिखा। यह आलेख छिपाकर जेल से बाहर भेजा गया और उनके छद्म नाम *महरत्ता* से प्रकाशित किया गया। यह पाठ हिंदुत्व शब्द के गुण और पर्याय को समझाता है। सावरकर के अनुसार हिंदू में संस्कृत के त्व प्रत्यय के जुड़ने से हिंदुत्व बना है। इसका अर्थ होता है, हिंदू होने का गुण। बाद में यह हिंदू राष्ट्रवाद के कुछ समकालीन मूलभूत पाठों में शामिल किया गया। यह बात भारतीय इतिहास संकलन समिति, राजस्थान के क्षेत्रीय संगठन मंत्री छगनलाल बोहरा ने वीर सावरकर जयंती पर भारतीय इतिहास संकलन समिति उदयपुर की ओर से गोष्ठी में कही। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य डॉ. महावीर प्रसाद जैन ने कहा कि सावरकर हिंदुत्व को एक सजातीय, सांस्कृतिक तथा राजनैतिक पहचान मानते थे। उनके अनुसार हिंदू भारतवर्ष के देशभक्त वासी हैं जो कि भारत को अपनी पितृभूमि एवं पुण्यभूमि मानते हैं। *आसिन्धु सिन्धु पर्यन्ता यस्य भारतभूमिका: । पितृभूपुण्यभूश्चौव स वै हिन्दुरितिस्मृत: ।।* की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति जो सिंधु से समुद्र तक फैली भारतभूमि को साधिकार अपनी पितृभूमि एवं पुण्यभूमि मानता है, वह हिंदू है। इस अवसर पर समिति के उदयपुर जिला मंत्री चैनशंकर दशोरा ने कहा कि सावरकर सभी भारतीय धर्मों को *हिंदुत्व* शब्द में शामिल करते हैं तथा *हिंदू राष्ट्र* के संदर्भ में अपना दृष्टिकोण पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में फैले अखंड भारत के रूप में प्रस्तुत करते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विवेक भटनागर और डॉ. जीवन सिंह खरकवाल ने किया। कार्यक्रम में मथुरालाल धाकड़, बीएन सोनी, दीपक शर्मा, डॉ. मनीष श्रीमाली, डॉ. हेमेंद्र चौधरी, डॉ. कुलशेखर व्यास आदि उपस्थित रहे।



# अफवाहों से बचें निवेशक जांच-परखकर करें निवेश

**नई दिल्ली।**
शेयर बाजार में निवेश अफवाहों या खबरों के आधार पर कई बार आपको जमीन पर ला पटकता है। ऐसे बहुतेरे मामले सामने आए हैं, जब निवेशकों की गाढ़ी कमाई इन वजहों से डूब गई है। ताजा मामला अदाणी समूह का है। इस पूरे मामले में अब सुप्रीम कोर्ट की नियुक्त समिति की रिपोर्ट ने उन सभी अटकलों पर विराम लगा दिया है जो अदाणी समूह को और नीचे गिराने की प्रतीक्षा कर रहे थे। दुर्भाग्य से, इस तरह का माहौल खड़ा किये जाने से किसी भी तरह से निवेशकों को कोई राहत नहीं मिलने वाली है, क्योंकि शेयरों को अपने पिछले स्तर पर वापस आने में काफी समय लगेगा। पैरा 103 में यह निष्कर्ष निकाला गया है कि अदाणी के शेयरों ने आंशिक रूप से अपने नुकसान की भरपाई की है, पर उस स्तर पर नहीं, क्योंकि बाजार सेंटिमेंट को भी महत्व देता है।

**हिंडनबर्ग रिपोर्ट ने सेबी के संदेह को बढ़ाया** - हिंडनबर्ग रिपोर्ट ने सेबी के संदेह को बढ़ा दिया है। सवाल यह भी है, जब कोई कहता है कि एसबीआई या एलआईसी डूब जाएगा। या अदाणी, माल्या-नीरव मोदी की तरह भाग जाएगा। लेकिन, इससे पहले यह समझना जरूरी है कि इनकी विश्सनीयता क्या है। एसबीआई के पास सबसे बड़ा ग्राहक आधार है। सभी म्यूचुअल फंड कंपनियों की संपत्तियों से ज्यादा एलआईसी के पास पॉलिसी हैं। इन खबरों से अगर कल एलआईसी-एसबीआई कारोबार खो देते हैं, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा

**शेयरधारकों को भारी नुकसान** - देखा जाए तो समिति को किसी भी आरोप में कोई सच्चाई नहीं मिली, फिर भी शेयरधारकों को बहुत नुकसान हुआ है। शोध और विवेक का इस्तेमाल किएबिना सभी ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को एक सच्चाई के रूप में स्वीकार किया। जिस समय रिपोर्ट आई उसने इसके भरोसे को और भी ज्यादा हिला दिया। इन सबका असर कर्मचारियों और निवेशकों पर पड़ेगा। पर, जो अहम सवाल है, वह यह कि जो नुकसान निवेशकों का हुआ है, क्या उसकी भरपाई वे लोग कर सकते हैं, जिन्होंने इस रिपोर्ट के भरोसे पूरे बाजार को तहस नहस कर दिया। इस प्रकरण में कानून का उल्लंघन साबित नहीं हुआ है और जांच केवल संदेह के आधार पर जारी है।

इस स्तर पर दो सवाल उठते हैं। संदेह की सीमा क्या है और तलवार कितनी देर तक लटक सकती है क्या यह अनिश्चितकालीन हो सकता है समिति ने खुद सुप्रीम कोर्ट के मामलों के आधार पर कहा है कि जांच को समाप्त करने की एक अवधि होनी चाहिए। मौजूदा कीमत न केवल गवर्नेंस के मुद्दों की जटिलता को दर्शाती है, बल्कि वृद्धि की उन बाधाओं को भी दर्शाती है जिससे समूह को सामना करना पड़ रहा है। सेबी के साथ केवल सहानुभूति रखी जा सकती है, क्योंकि सभी पक्षों से सेबी पर बेवजह दबाव भी पड़ता है।


## न्यूज ब्रीफ

### जोमैटो डायल4242 के सहयोग से डिलिवरी पार्टनर्स को उपलब्ध कराएगी चिकित्सा सहायता

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो ने घोषणा की कि उसने डिलीवरी पार्टनर्स को मोबाइल मेडिकल यूनिट्स (एमएमयू) के माध्यम से एम्बुलेंस और चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए डायल4242 के साथ सहयोग किया है। इससे जोमैटो से जुड़े डिलीवरी पार्टनर सुविधाजनक जगहों पर अपनी मुफ्त स्वास्थ्य जांच और आंखों की जांच करा सकते हैं। एमएमयू वर्तमान में दिल्ली और गुरुग्राम में स्थापित हैं। जोमैटो के फूड ऑर्डरिंग और डिलीवरी कारोबार के सीओओ रिंशुल चंद्रा ने कहा, हम जनवरी 2023 से डायल4242 की एम्बुलेंस सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। मोबाइल मेडिकल यूनिट सेटअप करने के साथ डायल4242 के साथ अपने सहयोग को और मजबूत करते हुए हमारा उद्देश्य अपने डिलीवरी पार्टनर्स को निवारक स्वास्थ्य देखभाल सहायता प्रदान करना है। कंपनी के अनुसार एमएमयू की तैनाती के दो सप्ताह के भीतर लगभग 500 डिलिवरी पार्टनर्स ने सेवाओं का लाभ उठाया है। डायल4242 एंबुलेंस सर्विसेज के सह-संस्थापक जितेंद्र लालवानी ने कहा, इस तरह की जीवन रक्षक पहलों के लिए जोमैटो के साथ हमारा विस्तारित सहयोग प्रत्येक भारतीय को 10 मिनट के भीतर एम्बुलेंस उपलब्ध कराने के हमारे मिशन को पूरा करने में सक्षम बनाने के लिए बेहतर प्रक्रियाओं और प्रणालियों का निर्माण करने के लिए हमें प्रोत्साहित करता है। जोमैटो के पास आपातकालीन स्थिति में पुलिस/एम्बुलेंस सहायता के लिए बडी डिलीवरी पार्टनर पहल सहित 24गुना7 समर्पित ऑनलाइन आपातकालीन सहायता है। इस साल की शुरुआत में जोमैटो के संस्थापक और सीईओ दीपिंदर गोयल ने घोषणा की कि कंपनी पूरी गिग इकॉनमी और विभिन्न कंपनियों के वितरण भागीदारों का समर्थन करने के लिए सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रही है।




### प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने नये सीवीसी के रूप में ली शपथ, राष्ट्रपति भवन की ओर से बयान जारी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सतर्कता आयुक्त प्रवीण कुमार श्रीवास्तव को केंद्रीय सतर्कता आयुक्त (सीवीसी) पद की शपथ दिलाई। राष्ट्रपति भवन से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। श्रीवास्तव केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के पद पर सुरेश एन पटेल का कार्यकाल पूरा होने के बाद पिछले साल दिसंबर से कार्यवाहक केंद्रीय सतर्कता आयुक्त (सीवीसी) के तौर पर काम कर रहे थे। बयान में कहा गया है, राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के तौर पर शपथ ली। उन्होंने राष्ट्रपति के समक्ष पद और गोपनीयता की शपथ ली। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। केंद्रीय सतर्कता आयोग में सतर्कता आयुक्त का एक पद रिक्त है। फिलहाल निकाय में पूर्व खुफिया ब्यूरो प्रमुख अरविंद कुमार एकमात्र सतर्कता आयुक्त हैं। श्रीवास्तव, असम-मेघालय कैडर के 1988-बैच (सेवानिवृत्त) के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी हैं। वह पिछले साल 31 जनवरी को सचिव (समन्वय), कैबिनेट सचिवालय के पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

### सीबीआई ने रोल्स रॉयस और कंपनी से जुड़े अधिकारियों के खिलाफ दर्ज किया केस




**नई दिल्ली।** सीबीआई ने रोल्स रॉयस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से हॉक विमान की खरीद के मामले में भारत सरकार को धोखा देने के आरोप में ब्रिटिश एयरोस्पेस कंपनी रॉल्स रॉयस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, रोल्स रॉयस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर टिम जोन्स के खिलाफ मामाला दर्ज किया है। इसके अलावे निजी व्यक्तियों सुधीर चौधरी, भानु चौधरी और अन्य अज्ञात लोक सेवकों व निजी व्यक्तियों के खिलाफ भी केस दर्ज कराया गया है। यह कार्रवाई ब्रिटेन की मेसर्स रोल्स रॉयस टर्बोमेका लिमिटेड और उसके सहयोगी समूह की अन्य कंपनियों से किए गए लेनदेन के सिलिसले में की गई है।

## इसरो का नेविगेशन सैटेलाइट एनवीएस-01 लॉन्च

# मोबाइल लोकेशन बेहतर होगी ; आर्मी को दुश्मनों के ठिकानों की सटीक जानकारी मिलेगी

**बेंगलुरु।**
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से नेविगेशन सैटेलाइट एनवीएस-01 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। इससे हमारा नेविगेशन सिस्टम और मजबूत होगा। नाविक सैटेलाइट्स से हमारी सेनाओं को दुश्मनों के ठिकानों की सटीक जानकारी मिलेगी। इनके अलावा, नेविगेशन सर्विस भी मजबूत होगी। इसरो प्रमुख डॉ. एस सोमनाथ ने बताया कि भारत के पास 7 नाविक सैटेलाइट्स थे। इनमें से 4 ही काम कर रहे हैं। 3 खराब हो चुके हैं। अगर हम तीनों को बदलते तब तक ये 4 भी बेकार हो जाते। इसलिए हमने पांच नेक्स्ट जेनरेशन नाविक सैटेलाइट्स एनवीएस को छोड़ने की तैयारी की। एनवीएस-01 उनमें से एक है।

**3 फायदे जो नाविक से भारत को मिलेंगे** - जोमैटो और स्विगी जैसे फूड डिलीवरी और ओला-उबर जैसी सर्विसेज नेविगेशन के लिए इस्तेमाल करती हैं। इन कंपनियों के लिए नेविगेशन सब्सक्रिप्शन कॉस्ट को कम कर सकता है और एक्यूरेसी बढ़ा सकता है। अमेरिका के निर्भरता कम होगी और इंटरनेशनल बॉर्डर सिक्योरिटी ज्यादा बेहतर होगी। चक्रवातों के दौरान मछुआरों, पुलिस, सेना और हवाई/जल परिवहन को बेहतर नेविगेशन सिक्योरिटी मिलेगी। टेक्नोलॉजी ट्रैवल और टूरिज्म इंडस्ट्री को मदद कर सकती है। इसके जरिए टूर को ज्यादा इनफॉर्मेटिव और इंटरैक्टिव बनाकर गेस्ट का एक्सपीरिएंस और ज्यादा बेहतर बनाया जा सकता है। आम लोग लोकेशन के लिए भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**कभी अमेरिका ने मदद करने से इनकार कर दिया था** - 1999 में कारगिल वॉर के दौरान भारत सरकार ने घुसपैठ करने वाले पाकिस्तानी सैनिकों की पोजीशन जानने के लिए अमेरिका से मदद मांगी थी। तब अमेरिका ने सपोर्ट देने से मना कर दिया था। इसके बाद से ही भारत अपना नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम बनाने में जुट गया था।

**रॉकेट ने सुबह उड़ान भरी** - श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर के दूसरे लॉन्च पैड से सुबह ने उड़ान भरी। लॉन्च के करीब 18 मिनट बाद रॉकेट से पेलोड अलग हो गया। इसने एनवीएस-1 सैटेलाइट को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में डिप्लॉय किया। इसके बाद इंजीनियरों ने सैटेलाइट को सही ऑर्बिट में प्लेस करने के लिए ऑर्बिट-रेजिंग मैनुवर परफॉर्म किए।



**7 सैटेलाइट का कॉन्सटेलेशन है नाविक** - इसरो ने नेविगेशन विद इंडियन कॉन्स्टेलेशन नाम के एक रिजनल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम को डेवलप किया है। 7 सैटेलाइट का कॉन्सटेलेशन 24×7 ऑपरेट होने वाले ग्राउंड स्टेशनों के साथ मिलकर काम करता है। पहले इंडियन रीजनल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम के रूप में जाना जाता था। अभी का वर्जन बैंड के साथ कॉम्पेटिबल है। यह इंटरनेशनल फ्रीक्वेंसी कोऑर्डिनेशन और कॉम्पेबिलिटी के अनुसार है। बैंड सिविलियन सेक्टर में तेजी से पैठ बनाने में मदद करेगा। एनवीएस-01 और आगे के सभी सैटेलाइट में बैंड होगा।

**दो सर्विसेज प्रोवाइड करता है:**

- 1. सिविलियन के लिए स्टैंडर्स पोजीशन सर्विस
- 2. स्ट्रैटजिक यूजर्स के लिए रेस्ट्रिक्टेड सर्विस

**एनएवीएलसी को क्यों डेवलप किया गया** - देश में सिविल एविएशन सेक्टर की बढ़ती आवश्यकताओं को देखते हुए ये सिस्टम डेवलप किया गया है। ये नेटवर्क भारत और उसकी सीमा से 1500 किमी तक के क्षेत्र को कवर करता है। इसका इस्तेमाल टेरेस्टियल, एरियल और मरीन ट्रांसपोर्टेशन, लोकेशन बेस्ड सर्विसेज, पर्सनल मोबिलिटी, रिसोर्स मॉनिटरिंग और साइंटिफिक रिसर्च के लिए किया जाता है। नाविक की पोजीशन एक्यूरेसी सामान्य यूजर्स के लिए 5-20 मीटर और सैन्य उपयोग के लिए 0.5 मीटर है। इसकी मदद से एनिमी टारगेट पर ज्यादा एक्यूरेसी से अटैक किया जा सकता है। वहीं ये एयरक्राफ्ट और शिप के साथ रोड पर चलने वाले यात्रियों की मदद करता है। गूगल की तरह विजुअल और वॉइस नेविगेशन फीचर भी इसमें मिलते हैं।

**नेविगेशन के लिए किस देश के पास कौन सी टेक्नोलॉजी**

- इंडिया: नाविक
- अमेरिका: जीपीएस
- यूरोप: गैलिलियो
- रूस: गलोनास
- चीन: बाईडूयू
- जापान: क्यूजेडएसएस

**जीपीएस का काम** - मोबाइल में जीपीएस रिसीवर होता है। जब हम लोकेशन ऑन करते हैं तो यह अमेरिका के 31 सैटेलाइट से सीधे तौर पर कनेक्ट हो जाता हैं। सैटेलाइट को आपकी पोजीशन मिलती है और आपको सैटेलाइट से मैप। अब यह काम हमारा नाविक भी कर सकता है।

गूगल मैप है तो नाविक की किया जरूरत नाविक की पोजीशन एक्यूरेसी सामान्य यूजर्स के लिए 5-20 मीटर है। यानी अगर आप किसी लोकेशन को सर्च करते हैं तो उस लोकेशन की एक्यूरेसी 5 मीटर से 20 मीटर के आस-पास होगी। वहीं गूगल मैप्स लोकेशन सर्च के लिए जीपीएस का इस्तेमाल करता है।

इसकी पोजीशन एक्यूरेसी 20 मीटर है। यानी अगर आप किसी लोकेशन को सर्च करते हैं तो उस लोकेशन की एक्यूरेसी 20 मीटर के आस-पास होगी। इस हिसाब से देखे तो नाविक की पोजीशन एक्यूरेसी ज्यादा बेहतर है। नाविक अभी रीजनल है इसे ग्लोबल ले जाने का प्लान है।

## 2000 के नोट से जुड़ी याचिका हाईकोर्ट में खारिज

# बिना पहचान प्रमाण के जमा होते रहेंगे नोट, बीजेपी नेता अश्विनी ने हाईकोर्ट में इसे चुनौती दी थी



**नई दिल्ली।**
दिल्ली हाईकोर्ट ने भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई के 2000 के नोटों को चलन से वापस लेने से जुड़ी जनहित याचिका को खारिज कर दिया। याचिका में बिना किसी पहचान प्रमाण के 2000 के नोट बदलने की अनुमति को चुनौती दी गई थी। याचिका बीजेपी नेता और एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय ने दायर की थी।

मंगलवार यानी 23 मई को कोर्ट ने इस पर सुनवाई कर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जे सुब्रमण्यम प्रसाद की बेंच ने ये फैसला सुनाया है। 2000 के नोट को लेकर एक और जनहित याचिका दायर की गई है जिसमें कहा गया है कि आरबीआई के पास 2000 के नोट को सर्कुलेशन से वापस लेने का सर्कुलर जारी करने का अधिकार नहीं है। आरबीआई ने 19 मई को 2000 का नोट सर्कुलेशन से वापस लेने का ऐलान किया था। इसके तीन बाद यानी 23 मई से देशभर के बैंकों में इस नोट को बदलने की प्रोसेस शुरू हो गई। लोग बैंकों में अपने नोट बदलने के लिए पहुंच रहे हैं। आरबीआई ने 30 सितंबर तक 2000 के नोट बदलने या अकाउंट में जमा कराने को कहा है। रिजर्व बैंक ने अपने सर्कुलर में कहा है कि वो 2000 का नोट सर्कुलेशन से वापस लेगा, लेकिन मौजूदा नोट अमान्य नहीं होंगे। आरबीआई ने बताया था कि क्लीन नोट पॉलिसी के तहत रिजर्व बैंक ने यह फैसला किया है। लोग किसी भी बैंक में एक बार में 10 नोट बदलवा सकते हैं, जबकि डिपॉजिट की कोई लिमिट नहीं है। 2 हजार का नोट नवंबर 2016 में मार्केट में आया था। तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 500 और 1000 के नोट बंद कर दिए थे। इसकी जगह नए पैटर्न में 500 का नया नोट और 2000 का नोट जारी किया गया था। जब पर्याप्त मात्रा में दूसरे डिनॉमिनेशन के नोट उपलब्ध हो गए तो 2018-19 में 2000 के नोटों की छपाई बंद कर दी गई थी।

# खरीद सकेंगे सस्ती पॉलिसी, दावा निपटान होगा आसान, ये सुविधाएं मंच को बनाती हैं खास

**नई दिल्ली।**
भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडाई) पॉलिसीधारकों की सुविधा के लिए जल्द ही एक ऑनलाइन मंच बीमा सुगम शुरू करने वाला है। इस पर तेजी से काम चल रहा है। यह बीमा पॉलिसी की बिक्री और नवीनीकरण समेत कई सेवाओं के लिए वन-स्टॉप मंच के रूप में काम करेगा। इसकी मदद से न सिर्फ आप कम प्रीमियम पर पॉलिसी खरीद सकेंगे बल्कि दावों का निपटान भी आसान हो जाएगा। इरडाई चेयरमैन देबाशीष पांडा ने कहा, बीमा सुगम से बीमा उद्योग में यूपीआई जैसी क्रांति आ जाएगी। यह शॉपिंग मॉल की तरह होगा। इसके जरिये आप अपनी पंसद की पॉलिसी का चुनाव कर सकते हैं।बीमा नियामक एक अगस्त, 2023 से बीमा सुगम सुविधा की शुरुआत कर सकता है।

**क्या है बीमा सुगम** - यह एक प्रकार का ई-कॉमर्स मंच है। इस डायरेक्ट-टू-कस्टमर (डी2सी) मंच पर बीमा कंपनियां अपने उत्पाद बेच सकेंगी। इस पर पॉलिसी खरीदने, नवीनीकरण कराने, दावा निपटान और एजेंट पोर्टेबिलिटी सहित सभी तरह की सेवाएं उपलब्ध होंगी। इस मंच पर पॉलिसी खरीदने पर उसकी सॉफ्ट कॉपी इलेक्ट्रॉनिक इंश्योरेंस अकाउंट के जरिये ग्राहक तक पहुंच जाएगी। खास बात है कि पॉलिसी से जुड़ीं सभी जानकारियां ऑनलाइन उपलब्ध होने से दावा निपटान अनुभव में भी सुधार होगा।



**केवाईसी जरूरी, पर गोपनीय रहेगी जानकारी** - बीमा सुगम का लाभ लेने के लिए केवाईसी की जरूरत पड़ेगी। आप जैसे ही इस मंच पर जाएंगे, आपसे आधार नंबर मांगा जाएगा। इसके जरिये ही केवाईसी पूरी की जाएगी। इस मंच पर आपकी (ग्राहकों) की गोपनीयता का पूरा ख्याल रखा जाएगा। उनकी निजी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।

# चिदंबरम को निर्मला का जवाब; कहा- आरबीआई के निर्णय पर संदेह करना पूर्व वित्तमंत्री के लिए अच्छा नहीं

**नई दिल्ली।**
आरबीआई ने हाल ही में दो हजार रुपये के नोटों को वापस लेने का एलान किया था। साथ ही रिजर्व बैंक ने यह भी कहा था कि ये मुद्रा वैध परिचालन में बनी रहेगी। इन नोटों को वापस लेने के बाद विपक्ष लगातार सरकार पर निशाना साध रही है। इस बीच, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने भी इसे लेकर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि 2000 रुपये के नोट की शुरुआत और उसे वापस लेने के तमाशे ने भारतीय मुद्रा की अखंडता और स्थिरता पर संदेह पैदा किया है। उनकी टिप्पणी पर वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने पलटवार किया है। निर्मला सीतारमण ने पूर्व वित्तमंत्री की आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह के मामलों में केंद्रीय बैंक के निर्णय पर आक्षेप लगाना पूर्व वित्त मंत्री को शोभा नहीं देता।



**निर्मला सीतारमण ने किया पलटवार** - पूर्व वित्त मंत्री के इसी बयान पर निर्मला सीतारमण ने पलटवार किया है। उन्होंने कहाकि इस प्रकार के मामलों, मुद्रा, केंद्रीय बैंक के निर्णय पर संदेह करना पूर्व वित्त मंत्री के लिए अच्छा नहीं है। वह मंत्रालय के साथ रहे हैं। संप्रग सरकार के 10 साल के कार्यकाल में वे लंबे समय तक वह वित्त मंत्री रहे थे। उसी समय हमने संसद में कई सवाल उठाए थे और हमारे पास उनके लिए कोई ठोस जवाब नहीं था। सीतारमण ने कहा कि मुझे लगता है कि हम सभी के लिए यह बेहतर होगा कि हम स्थिति को समझें। आरबीआई द्वारा लिए गए निर्णय के अनुरूप टिप्पणी करें और तुच्छ टिप्पणी न करें।

**क्या बोले थे पूर्व वित्त मंत्री चिदंबरम** - वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व वित्तमंत्री पी चिदंबरम ने 2000 के नोटों को वापस लेने के आरबीआई के निर्णय पर तंज कसते हुए कहा कि 2,000 रुपये के नोट की शुरुआत और इसके बाद इसे वापस लेने से भारतीय मुद्रा की अखंडता और स्थिरता पर संदेह पैदा हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रमुख आर्थिक संकेतक गिरावट की ओर इशारा कर रहे हैं और इस बात का कम भरोसा है कि अर्थव्यवस्था में मजबूती दिखेगी। मुंबई में एक प्रेस कांफ्रेस को संबोधित करते हुए पूर्व वित्तमंत्री ने मणिपुर के हालात को लेकर भी केंद्र पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मणिपुर की स्थिति बेहद खतरनाक है। वहां हाल के जातीय संघर्षों में 75 से अधिक लोगों की जान चली गई है।

# अमेरिका-भारत समेत 14 देशों के समझौते से चीन को होगा बड़ा नुकसान

**वाशिंगटन।**
हिंद प्रशांत आर्थिक ढांचा (आईपीईएफ) के सदस्यों ने चीन पर अपनी निर्भरता खत्म करने के लिए लॉजिस्टिक और संपर्क में सुधार सहित आपूर्ति श्रृंखला पर एक समझौता किया है। आईपीएफ के अमेरिका और भारत सहित 14 देशों ने पर्याप्त बातचीत करके समझौते की घोषणा की।

आईपीईएफ में ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, फिजी, भारत, इंडोनेशिया, जापान, कोरिया, मलेशिया, न्यूजीलैंड, फिलिपीन, सिंगापुर, थाइलैंड, वियतनाम और अमेरिका सहित 14 भागीदार देश शामिल हैं।

दरअसल, आपूर्ति श्रृंखला समझौते का लक्ष्य आईपीईएफ के देशों को बुरी परिस्थिति से बचाना है। कोरोना महामारी के जब मामले लगातार बढ़ते जा रहे थे तो उस समय दवा और वैक्सीन बनाने वाले सामानों की कमी हो गई थी। ये स्थिती व्यापार में बाधाओं और बेमतलब रोकटोक की वजह से उत्पन्न हुई थी। समझौते के बाद, आईपीईएफ में शामिल देश आपातकाल की स्थिती में एकजुट होकर काम कर सकते हैं। इसके अलावा, देशों को निवेश जुटाने में मदद मिलेगी।


बता दें, इस सप्ताह के अंत में डेट्रायट में आईपीईएफ देशों की दूसरी व्यक्तिगत मंत्रिस्तरीय बैठक में, समूह ने एक आईपीईएफ आपूर्ति श्रृंखला परिषद, आपूर्ति श्रृंखला संकट प्रतिक्रिया नेटवर्क और श्रम अधिकार सलाहकार नेटवर्क स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की है। सौदे में आईपीईएफ ने व्यापार, स्वच्छ अर्थव्यवस्था और ढांचे के निष्पक्ष अर्थव्यवस्था के स्तंभों की प्रगति को भी रेखांकित किया। साथ ही स्वच्छ अर्थव्यवस्था के तहत इच्छुक सदस्यों ने एक क्षेत्रीय हाइड्रोजन पहल स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की है। हालांकि, सौदे को अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन बैठक के बाद डेट्रॉयट ने इशारा किया है कि सौदा बहुत अच्छा हुआ है। अमेरिकी वाणिज्य सचिव जीना रायमोंडो ने ट्वीट किया कि उन्हें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आईपीईएफ ने अपनी तरह के पहले सप्लाई चेन समझौते पर बातचीत पूरी कर ली है। यह एक बड़ी बात है और पहली बार आपूर्ति श्रृंखलाओं पर एक अंतरराष्ट्रीय समझौता होगा जो पूरे भारत-प्रशांत में 14 भागीदारों को एक साथ लाएगा। गौरतलब है, भारत आईपीईएफ के चार स्तंभों में से तीन में शामिल हो गया है, जबकि व्यापार स्तंभ में एक पर्यवेक्षक बना हुआ है। वाणिज्य मंत्रालय ने यह जानकारी देते हुए कहा था कि महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने और कारोबार निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए सदस्य देशों को सहयोग करना चाहिए। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, 14 देशों के समूह आईपीईएफ की शुरुआत अमेरिका और भारत-प्रशांत क्षेत्र के अन्य भागीदार देशों ने मिलकर 23 मई को टोक्यो में की थी। व्यापार, आपूर्ति श्रृंखला, स्वच्छ अर्थव्यवस्था और निष्पक्ष अर्थव्यवस्था (कर और भ्रष्टाचार रोधी जैसे मुद्दे) से संबंधित चार स्तंभों के आधार पर यह ढांचा तैयार किया गया है। आईपीईएफ सदस्य बाजार के सिद्धांतों का सम्मान करते हुए, बाजार की रुकावटों को कम करके, व्यापार में अनावश्यक प्रतिबंधों और बाधाओं को कम करके और व्यवसायों की गोपनीयता बरकरार रखने के लिए सहमत हुए हैं। इन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए समूह ने तीन संस्थानों की स्थापना पर सहमति व्यक्त की है।



**केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने दी थी जानकारी** - भारत व्यापार को छोड़कर सभी स्तंभों में शामिल हो गया है। अमेरिका की मेजबानी में डेट्रॉयट में दूसरी आईपीईएफ मंत्रिस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए इस बैठक में शामिल हुए।

**आर्थिक जुड़ाव मजबूत करने पर जोर** - आईपीईएफ का लक्ष्य क्षेत्र में विकास, शांति और समृद्धि को आगे बढ़ाने के लक्ष्य के साथ भागीदार देशों के बीच आर्थिक जुड़ाव को मजबूत करना है। इस मंत्रिस्तरीय बैठक में आपूर्ति खंडों के तहत व्यापक स्तर पर बातचीत हुई, जबकि अन्य आईपीईएफ स्तंभों के तहत भी अच्छी प्रगति दर्ज की गई है। आपूर्ति श्रृंखला के तहत आईपीईएफ भागीदार आपूर्ति श्रृंखला को अधिक लचीला, मजबूत और अच्छी तरह से एकीकृत बनाने की मंशा रखते हैं। इस स्तंभ के तहत अपने संबोधन में गोयल ने बातचीत में तेजी लाने की सराहना की।

# दूसरी शादी को लेकर आशीष विद्यार्थी ने तोड़ी चुप्पी, अकेलापन खल रहा था



**मुंबई (ईएमएस)।** सोशल मीडिया पर लगातार आ रही जुमलेबाजी को लेकर एक्टर आशीष विद्याथी ने चुप्पती तोड़ते हुए कहा कि उन्हें अब अकेलापन खल रहा था। हिंदी फिल्मों में विलेन के तौर पर जाने-जाने वाले दिग्गज एक्टर आशीष विद्यार्थी इन दिनों अपनी दूसरी शादी को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। एक्टर ने रुपाली बरुआ संग दूसरी शादी रचा ली है। 57 साल की उम्र में आशीष की दूसरी शादी को लेकर सभी बेहद सरप्राइज हो रहे हैं। इसी बीच अब खुद एक्टर ने अपनी सेकेंड मैरिज को लेकर खुलासा किया है और बताया कि आखिर उम्र के इस पड़ाव पर उन्होंने दूसरी शादी क्यों रचाई है। आशीष विद्यार्थी ने 60 साल की उम्र में शादी रचाने की खबरों पर सफाई देते हुए कहा कि उनकी उम्र 57 साल है न कि 60 साल जैसा की सोशल मीडिया पर बताया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि रुपाली बरुआ भी 50 साल की हैं। आशीष ने यूट्यूब पर एक लंबा वीडियो शेयर कर पहली शादी में आए तनाव और परेशानियों को लेकर बात की। एक्टर ने बताया कि उनकी पहली शादी भले ही मुश्किल दौर से गुजरी मगर आज भी दोनों एक दूसरे का काफी सम्मान करते हैं। पहली वाइफ राजोशी बरुआ संग उनकी शादी काफी समय पहले ही खत्म हो चुकी है। लंबे वक्त तक अकेले रहने के बाद वो चाहते थे कि उनकी जिंदगी में कोई हमसफर आए। इसलिए उन्हें जैसे ही कोई अपना सा मिला, जिसके साथ उन्हें लगता है कि वो आगे की जिंदगी साथ बिता सकेंगे। उन्होंने शादी का फैसला कर लिया। जाहिर है कि आशीष विद्यार्थी ने पहली शादी एक्ट्रेस राजोशी बरुआ से की थी। करीब 22 साल तक साथ रहने के बाद दोनों का तलाक हो गया। पहली शादी से एक्टर को एक बेटा अर्थ भी हुआ। तलाक के करीब 2 साल बाद अब आशीष ने दूसरी शादी कर ली है। रुपाली बरुआ कोलकाता बेस्ड फैशन इंडस्ट्री से तालुक रखती हैं।

# सत्यप्रेम की कथा का गाना नसीब से हुआ रिलीज



**मुंबई (ईएमएस)।** अभिनेता कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की फिल्म सत्यप्रेम की कथा कुछ ही दिनों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में दोनों स्टार्स को फिर रोमांस करते देखा जाएगा। फिल्म का पहला टीजर कुछ दिन पहले ही आया था, इस टीजर को काफी पसंद किया गया। अब मेकर्स ने फिल्म के पहले गाने को रिलीज किया है। पहले गाने का नाम नसीब से है। गाने में कार्तिक और कियारा बर्फीली वादियों में घूमते और रोमांस करते नजर आ रहे हैं। दोनों वादियों में बाइक पर सवार घूमने, जंगल, नदी और सरसों के बीच समय बिताते एक दूसरे की बाहों में बाहें डाले हुए हैं। इतना ही नहीं, ठंड में मैगी का मजा भी वहां अपने ही अंदाज में ले रहे हैं। दोनों मस्तीभरे अंदाज में डांस भी करते दिखाई दे रहे। नसीब से गाने में कार्तिक और कियारा का रोमांस देखने लायक है। दोनों एक दूसरे की नजरों में खोए हुए हैं। गाने का अंत दोनों के किस करने से होता है। विशाल मिश्रा और पायल देव की सुरीली आवाज वाला ये गाना आपका दिल खुश कर देगा। इसके विजुअल्स के साथ दोनों सिंगर्स की आवाज आपको अलग ही दुनिया में लेकर जाती है। कुछ दिनों पहले फिल्म सत्यप्रेम की कथा का टीजर रिलीज हुआ था। इसमें कार्तिक और कियारा को एक दूसरे के प्यार में पड़ते और शादी करते देखा गया। उनके प्यार के साथ तकलीफ और परेशानियां भी दोनों की जिंदगी में आती दिखीं, जिनकी वजह से उनकी की आंखें भी नम हो रही थी। ये साफ हो गया था कि फिल्म सत्यप्रेम की कथा में प्यार-मोहब्बत की बातों के साथ काफी ड्रामा भी देखने को मिलने वाला है। डायरेक्टर समीर विध्वंस की बनाई ये फिल्म 29 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# सैक्सी व ऑन-फ्लीक स्टाइल सेंस के साथ इंस्टाग्राम पर हलचल मचा रही हैं श्रद्धा लाड

## खास फैशन लेबल के लिए रैंप वॉक करेंगी मॉडल श्रद्धा लाड



**मुबई (ईएमएस)।** सोशल मीडिया सनसनी श्रद्धा लाड सैक्सी व ऑन-फ्लीक स्टाइल सेंस के साथ इंस्टाग्राम पर हलचल मचा रही हैं। मॉडल श्रद्धा लाड खास फैशन लेबल के लिए रैंप वॉक करेंगी। टिनसेल्टाउन की इस चमकदार दुनिया में फैशन शो और रेड कार्पेट नया सामान्य है। हालांकि, हर किसी को इन आयोजनों में चमकने का मौका नहीं मिलता है, लेकिन हमेशा अपवाद होते हैं और सोशल मीडिया सनसनी श्रद्धा लाड उनमें से एक हैं। हाल ही में वह अपने सैक्सी और ऑन-फ्लीक स्टाइल सेंस के साथ इंस्टाग्राम पर हलचल मचा रही हैं। इसे देखते हुए एक प्रमुख फैशन लेबल ने उन्हें अपनी प्रेरणा के रूप में शामिल किया है। श्रद्धा लाड पहले ही एक मॉडल के रूप में अपने कर्तव्यों का पालन कर चुकी हैं और कई फैशन लेबल जैसे ब्लैकमूर कॉट्यूरियर, अमायरा कॉउचर, अनहया आदि के लिए रैंप वॉक कर चुकी हैं। श्रद्धा लाड का कहना है कि मैंने हमेशा फैशन ट्रेंडसेटर्स के एक शक्तिशाली स्रोत के रूप में फैशन लेवल की प्रतीक्षा की है और इसका हिस्सा बनना मुझे बेहद उत्साहित करता है।

मैं भविष्य में ऐसे फैशन प्लेटफॉर्म का हिस्सा बनना पसंद करूंगी। मुंबई की निवासी श्रद्धा लाड 29 साल की हैं और मॉडलिंग उद्योग में चार साल से अधिक समय से हैं। इंडस्ट्री के बारे में अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने कहा कि बचपन से ही मैं इस क्षेत्र का हिस्सा बनना चाहती थी। फैशन वॉक, फ्लैशिंग कैमरा, अवांट-गार्डे कॉउचर और इनोवेशन का रस इन सभी ने हमेशा प्रेरित किया है। एक मॉडल और सोशल मीडिया सनसनी श्रद्धा लाड अपनी सफलता के चरम पर हैं और उनका कहना है कि वह इसका हर पल आनंद ले रही हैं।


# खूब वायरल हो रही हैली की सैक्सी तस्वीरें



बीते दिनों एक्ट्रेस और सिंगर हैली स्टेनफेल्ड को स्पाइडर-मेनः अक्रास द स्पाइडर-वेर्से के लिए बेवर्ली हिल्स के एक होटल में आयोजित फोटोकॉल में भाग लेते देखा गया। इस दौरान वह अपने लुक से सबको इम्प्रेस करती नजर आईं। उनकी ये सैक्सी तस्वीरें अब अब इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो इस दौरान 26 वर्षीय हैली स्टेनफेल्ड का सबसे अलग लुक देखने को मिला। इवेंट में एक्ट्रेस वाइब्रेंट पैटर्न वाले आउटफिट में बेहद स्टाइलिश लगीं। इस आउटफिट के साथ उन्होंने ब्लैक शूज पेयर किए। मिनिमल मेकअप और खुले बालों से लुक को कंप्लीट करते हुए एक्ट्रेस का स्टाइल देखते ही बन रहा है। इवेंट में अपने लुक का जलवा दिखाते हुए हैली कैमरे के सामने एक से बढ़ कर एक पोज दे रही हैं। काम की बात करें तो हैली को आखिरी बार फिल्म चार्ली एंजेल्स में देखा गया था। अब वह जल्द ही स्पाइडर-मेनः अक्रास द स्पाइडर-वेर्से में नजर आएंगी। बता दें कि एक्ट्रेस और सिंगर हैली स्टेनफेल्ड हॉलीवुड इंडस्ट्री का एक जाना माना नाम हैं। वह अक्सर अपने लुक्स को लेकर चर्चा में रहती हैं।

# फिल्म 'गदरः एक प्रेम' कथा 22 साल बाद फिर होगी रिलीज, मचाएगी धमाल

## सनी देओल व अमीषा पटेल की है सुपरहिट फिल्म




**मुबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल और अभिनेत्री अमीषा पटेल की सुपरहिट फिल्म गदरः एक प्रेम कथा 22 साल के बाद फिर से रिलीज होगी। अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म गदरः एक प्रेम कथा वर्ष 2001 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सनी देओल, अमीषा पटेल और अमरीश पुरी ने अहम भूमिका निभाई थी। गदरः एक प्रेम कथा फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। सनी देओल ने सोशल अकाउंट के जरिए जानकारी दी है कि गदरः एक प्रेम कथा 9 जून को फिर से 22 साल बाद दर्शकों के सामने होगी। इसके साथ उन्होंने लिखा कि वही प्रेम, वही कथा, पर इस बार अलग होगा एहसास। सनी ने बताया कि इसका ट्रेलर भी जल्द रिलीज होगा। दरअसल, काफी दिनों से फिल्म गदर 2ः दि कथा कंटीन्यूज की शूटिंग चल रही है, जिसको लेकर दर्शकों में काफी एक्साइटमेंट है। जहां फैंस बेसब्री से गदर 2 का रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच पुराने दिनों की यादें ताजा करने के लिए सनी और मेकर्स ने एक बार फिर इस फिल्म गदरः एक प्रेम कथा को बड़े पर्दे पर दिखाने का मन बनाया है। इस फिल्म में सनी के साथ अमीषा पटेल और अमरीश पुरी अहम भूमिका में थे। उल्लेखनीय है कि गदरः एक प्रेम कथा का सीक्वल बनाया जा रहा है। गदर 2ः दि कथा कंटीन्यूज की शूटिंग चल रही है। यह फिल्म 11 अगस्त को रिलीज होगी। इस फिल्म में सनी के साथ अमीषा, उत्कर्ष शर्मा, मनीष वाधवा, सिमरत कौर, लव सिन्हा नजर आएंगे।

# सत्यप्रेम की कथा का टीजर पसंद आया फैंस को




बालीवुड की फिल्म सत्यप्रेम की कथा के टीजर से कार्तिक आर्यन की आवाज में प्रेम और रोमांस पर शायरी रोमांटिक प्रेमियों को पसंद आई और सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई। आज हमने बॉलीवुड फिल्मों की रोमांटिक कविताओं की एक पंक्ति तैयार की है जिन्होंने वर्षों से हमारा ध्यान अपनी ओर खींचा है। मालूम हो कि बॉलीवुड और रोमांस का बेहद पुराना रिश्ता है जो अक्सर ही बॉक्स-ऑफिस पर सफलता दिलाता है और यही कारण है कि शुद्ध रोमांस सालों से दर्शकों का ध्यान खींचने का मूल विचार रहा है। हालांकि, हाल के दिनों में, हिंदी फिल्में लीक से हटकर कुछ नया बनाने के अपने जुनून के कारण रोमांटिक फिल्मों से दूर रही हैं लेकिन, पाइपलाइन में सत्यप्रेम की कथा के जरिए दर्शक निश्चित रूप से बड़े पर्दे पर रोमांस के गहन की उम्मीद कर सकते हैं, जो पिछले कुछ सालों में नहीं देखा गया है।

# कॉन्स फिल्म फेस्टिवल में अनुष्का ने कर लिया डेब्यू



कॉन्स फिल्म फेस्टिवल में एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा ने फाइनलीडेब्यू कर लिया है। एक्ट्रेस ने कान्स के रेड कार्पेट पर वॉक किया तो उसके फैंस देखते रह गए। वहीं, पति विराट भी अपनी पत्नी की खूबसूरती दीवाने हो गए। अनुष्का शर्मा रेड कार्पेट की फोटोज को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इन फोटोज में एक दम परी सी लग रही थीं। अनुष्का रेड कार्पेट के लिए व्हाइट कलर के बॉडीफिट गाउन को चुना। जिसके साथ उन्होंने स्लिक बन बनाया व सिंपल मेकअप और एयरिंग के साथ अपने लुक को पूरा किया। उनके इस लुक की खूब तारीफ हो रही है। वहीं, पति विराट भी अनुष्का की खूबसूरती के कायल हो गए हैं। उन्होंने पत्नी की तारीफ में दो लफ्ज तो नहीं कहे हैं, लेकिन 4 दिल वाली इमोजी जरूर शेयर की हैं जो ये बताने के लिए काफी हैं कि उन्हें पत्नी का ये लुक कितना पसंद आया है। बता दें कि, अनुष्का ने लॉरियल के साथी एंबेसडर ईवा लोंगोरिया और एंडी मैकडॉवेल के साथ रेड कारपेट पर वॉक किया। उन्होंने द ओल्ड ओक के प्रीमियर में भाग लिया, जिसका डायरेक्शन दो बार पाल्मे डीओर विजेता केन लोच ने किया था।

# भाईजान का बदला मिजाज विक्की को लगाया गले, वीडियो वायरल

## सलमान की सिक्योरिटी ने विक्की को दिया था धक्का, फिर दोनों का हुआ आमना-सामना



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड के विक्की कौशल को एक दिन पहले आईफा अवॉर्ड-2023 में सलमान खान की सिक्योरिटी ने धक्का दिया था, अब एक्टर का नया वीडियो सुर्खियां बटोर रहा है, जिसमें टाइगर-3 स्टार को उन्हें गले लगाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में सलमान खान को अवॉर्ड फंक्शन के ग्रीन कारपेट पर चलते हुए देखा जा सकता है। सलमान इस बार भी सिक्योरिटी से घिरे नजर आए, हालांकि भाईजान ने बगल में खड़े विक्की कौशल पर ध्यान दिया। वे उनकी ओर चलकर आए और उन्हें गले लगाया। सलमान के बॉडीगार्ड शेरा ने भी विक्की से हाथ मिलाया। एक दिन पहले विक्की का फैंस के साथ सेल्फी लेते हुए वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें सलमान अपनी सिक्योरिटी के साथ उनके करीब से गुजरे थे। वीडियो में लोगों ने ध्यान दिया विक्की कौशल जहां सलमान का अभिवादन करने की कोशिश कर रहे थे, जबकि भाईजान की सिक्योरिटी उन्हें दूर धकेल रही थी और उन्हें सलमान से मिलने नहीं दे रही थी। वीडियो ने विक्की कौशल के फैंस को निराश कर दिया था। लोगों का एक वर्ग सलमान खान को अक्खड़ बता रहा था। वीडियो वायरल होने के बाद विक्की ने इसे लेकर कमेंट किया और बोले कि चीजें वैसी नहीं हैं, जैसी वीडियो में नजर आ रही हैं, इसलिए इस पर बात करने का कोई मतलब नहीं है। काम की बात करें, तो सलमान खान ने खुलासा किया था कि उन्होंने टाइगर-3 की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म दिवाली के मौके पर रिलीज होगी। वहीं विक्की कौशल जल्द ही सारा अली खान के साथ जरा हटके जरा बचके में नजर आएंगे। यह फिल्म 2 जून 2023 को रिलीज होगी।

# टाइगर के अवतार में रवि तेजा का लुक मचा रहा धमाल




दक्षिण भारत के सुपर स्टार रवि तेजा का नया लुक इंटरनेट पर धमाल मचा रहा है। रवि तेजा की मचअवेटेड पैन इंडिया फिल्म टाइगर नागेश्वर राव का फर्स्ट लुक सामने आ गया है। मेकर्स ने आइकनिक हैवलॉक ब्रिज पर फिल्म का फर्स्ट लुक लॉन्च किया है, जो बेहद शानदार नजर आ रहा है। इस लॉन्च का एक वीडियो फिल्म के प्रोड्यूसर अभिषेक अग्रवाल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है, जो खूब वायरल हो रहा है। बता दें कि द कश्मीर फाइल्स और कार्तिके 2 को अभिषेक अग्रवाल ने ही प्रोड्यूस किया था। फिल्म इसी साल 20 अक्टूबर को सिनेमाघरें में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म में टाइगर नागेश्वर राव के अलावा प्रवीण दाचारम, रेणु देसाई, मांडवा साई कुमार और राजीव कुमार अनेजा भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

# "जलजीरा" लेकर आए राकेश मिश्रा ने बढ़ाया भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री का पारा

भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में लगातार हिट गाने देने वाले सिंगरों में से एक राकेश मिश्रा ने अपने नए गाने "जलजीरा" से धमाल मचा दिया है। यूं तो गर्मियों में "जलजीरा" लोगों को राहत देती है, लेकिन भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में राकेश मिश्रा के "जलजीरा" ने पारा ही बढ़ा दिया है। हर बार की तरह राकेश मिश्रा का यह गाना भी बेहद धमाकेदार और मनोरंजक है। इस वजह से इस गाने को 24 घंटे में ढाई मिलियन से अधिक लोगों ने देख लिया है और यह तेजी से वायरल भी हो रहा है। राकेश मिश्रा की गिनती भी भोजपुरी के उन सिंगरों में होती है, जिनके गाने रिलीज होने के साथ ही मिलियन क्लब के आंकड़े को छू लेते हैं। राकेश मिश्रा के इस गाने को बहुत प्रतिष्ठित म्यूजिक कंपनी टी सीरीज हमार भोजपुरी ने अपने ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया है। इस बार भी राकेश मिश्रा ने यह गाना भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री की खूबसूरत आवाज की मलिका शिल्पी राज के साथ मिलकर गाया है, जिसे राकेश मिश्रा के फैंस के साथ-साथ भोजपुरी म्यूजिक लवर्स भी खूब पसंद कर रहे हैं। गाना जलजीरा को लेकर राकेश मिश्रा ने कहा कि गर्मी के दिनों में "जलजीरा" का महत्व काफी बढ़ जाता है। यह लोगों को राहत दिलाती है। उसी तरह हमारा यह गाना दर्शकों को राहत देगा और खूब सारा मनोरंजन भी।

हम अपने चाहने वालों से बस यही अपील करेंगे कि आप हमारे इस गाने को भी दूसरे अन्य गानों की तरह खूब प्यार और आशीर्वाद दें और उसे सुपर-डुपर हिट बनाएं। राकेश मिश्रा के साथ गाना जलजीरा में पारुल ठाकुर की केमिस्ट्री भी लोगों को खूब पसंद आ रही है। दोनों ने मिलकर म्यूजिक वीडियो में जमकर धमाल मचाया है।

## सूडोकु नवताल- 6446

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6445 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## शब्दजाल - 7193

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गं | रा | ब | द्री | ना | थ | य | ऋ | ज | पे | यी |
| द | गा | ल | प्रे | व | जी | म | षि | ह | कां | गं |
| वि | स | की | वै | को | ह | रा | के | ल | ख | गो |
| के | स | स | क | ष्णो | वा | ज | ष | ह | श | त्री |
| दा | आ | र | ग | स | दे | ना | तू | रि | झ | प |
| र | ल | ला | र | दि | म | वी | ती | द्वा | घ | रिं |
| ना | व | का | शी | प | बा | ज | र | र | ना | थ |
| थ | वा | ई | द | ब | ई | डू | ए | श | सि | मी |
| ड | ल | अ | म | र | ना | थ | ग | शी | क | र |
| गॉ | ल | प | लि | जी | शी | ला | कौ | ल | द | वि |
| वा | रा | ण | सी | क्षी | डि | त | ब | प | म | र |

*शब्दजाल में दस धार्मिक स्थलों के नाम ढूंढिए. दिये गए नाम उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.*

हरिद्वार,गंगोत्री,वैष्णोदेवी,बद्रीनाथ,नासिक, केदारनाथ,अमरनाथ,ऋषिकेष,काशी, वाराणसी

### शब्दजाल - 7192 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कु | क | ल | ह | वा | म | ह | ल | सी | गे | ज |
| र | तु | ल | दे | र | ण | थ | म्भौ | र | ट | वा |
| त | स | ब | ल | र्म | छ | रा | रा | औ | वे | द |
| वि | ज | ज | मी | पु | र | रा | प | र | ऑ | ब |
| वे | गा | इं | ग | ना | लं | ज | जं | गी | फ | र्नि |
| का | क | व | डि | ह | र | पू | त | ता | इं | ग |
| नें | अ | स | त | या | प | त | र | ज | डि | ट्रे |
| द | ता | दा | ई | ह | गे | सा | मं | ड | या | ला |
| स्मा | बा | चे | न | ब्रा | जी | ट | त | ल | प | ल |
| र | पा | ला | ल | शो | ले | दु | र | झी | स्त्री | कि |
| क | रा | जी | व | ता | ज | म | ह | ल | म | ला |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6146

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 4 | 6 | | 5 | |
| | 32 | | 32 | | 30 | 3 |
| 1 | | 5 | | | 7 | 2 |
| | 26 | | 37 | | 37 | |
| | 3 | 2 | | 6 | 1 | |
| 6 | 34 | | 34 | | 28 | 4 |
| 7 | | | 3 | | | 1 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6145 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 6 | 28 | 1 | 36 | 2 | 30 | 4 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 33 | 2 | 34 | 3 | 29 | 6 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 |
| 5 | 33 | 7 | 37 | 4 | 33 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore




# काइलियन एम्बाप्पे लगातार चौथी बार बने प्लेयर ऑफ द ईयर

**पेरिस।**
**पेरिस सेंट जर्मेन के काइलियन एम्बाप्पे ने लगातार चौथे साल रिकॉर्ड लिग 1 प्लेयर ऑफ द ईयर का खिताब अपने नाम किया। वह 2019, 2021 और 2022 में लीग 1 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए। लगातार चार सीजन में ट्रॉफी जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने। एक और पेरिस सेंट-जर्मन के फॉरवर्ड ने लीग में 28 गोल और 5 असिस्ट किए।**

एम्बाप्पे ने फ्रांस 24 के हवाले से कहा, यह खुशी की बात है, मैं हमेशा जीतना चाहता था, लीग के इतिहास में अपना नाम दर्ज कराना चाहता था। लेकिन मैंने इतनी जल्दी जीतने की उम्मीद नहीं की थी।

ज्लाटन इब्राहिमोविक (2016), एडिन्सन कैवानी (2017), नेमार जूनियर (2018) और किलियन एम्बाप्पे (2019) के नक्शेकदम पर चलते हुए पेरिस सेंट-जर्मेन के एक खिलाड़ी ने लगातार सातवें वर्ष प्लेयर ऑफ द ईयर की ट्रॉफी जीती है।

इसी श्रेणी में पिछले सीजन में नामांकित, नूनो मेंडेस को यूएनएफपी 2023 लिग 1 यंग प्लेयर ऑफ द ईयर नामित किया गया था।

महज 20 साल की उम्र में, पुर्तगाली फुल-बैक ने कैपिटल क्लब के लिए रिकॉर्ड तोड़ 11 फ्रेंच चैंपियनशिप हासिल करने में बड़ी भूमिका निभाई, इसमें छह सहायता प्रदान की और 23 मैचों में एक गोल किया।

क्लब को दूसरे स्थान पर ले जाने और दो दशकों में पहली बार चैंपियंस लीग फुटबॉल में वापसी करने के बाद आरसी लेंस के फ्रेंक हाइज को सीजन का कोच नामित किया गया।

इसके अलावा, चार पीएसजी खिलाड़ियों एम्बाप्पे, अचरफ हकीमी, लियोनेल मेस्सी और मेंडेस को लीग 1 टीम ऑफ द ईयर में नामित किया गया है।

इस सत्र में 31 मैचों में 16 असिस्ट और 16 गोल के साथ मेसी को पहली बार सर्वश्रेष्ठ एकादश में नामित किया गया। मेंडेस ने लगातार दूसरे वर्ष प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ लेफ्ट-बैक का खिताब अपने नाम कर अपने सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी गोंग का अनुसरण किया।

स्ट्रासबर्ग में 1-1 से ड्रॉ के बाद, पीएसजी ने इतिहास रच दिया, क्योंकि उन्होंने रिकॉर्ड 11 वीं बार फ्रेंच चैंपियंस का ताज पहनाया, एएस सेंट-इटियेन के 10 खिताबों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### राहुल के स्ट्रिप क्लब वीडियो पर अथिया शेट्टी का रिएक्शनः बोलीं- मैं चुप रहती हूं पर लोगों को कुछ कहने से पहले फैक्ट्स चेक करना चाहिए

**नई दिल्ली।** बीते कुछ दिनों से अथिया शेट्टी और उनके हस्बैंड क्रिकेटर के एल राहुल का एक वीडियो



वायरल हो रहा है। कहा जा रहा है कि इस वीडियो में अथिया और राहुल एक स्ट्रिप क्लब में एंजॉय करते नजर आ रहे हैं। अब एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक स्टोरी शेयर करते हुए इस पूरे मामले पर अपना रिएक्शन दिया है। अथिया ने कहा कि वे आमतौर पर चुप रहती हैं और रिएक्शन देना पसंद नहीं करतीं पर लोगों को कुछ भी कहने से पहले फैक्ट्स चेक कर लेने चाहिए। अथिया और राहुल इन दिनों लंदन में हैं। कुछ समय पहले ही लंदन में राहुल की सर्जरी हुई थी। इस मामले पर अथिया ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक स्टोरी शेयर कर रिएक्शन दिया। उन्होंने लिखा, 'मैं आमतौर पर चुप रहना पसंद करती हूं और कोई प्रतिक्रिया नहीं देती पर कभी-कभी खुद के लिए खड़ा होना जरूरी हो जाता है। राहुल, मैं और हमारे दोस्त एक रेगुलर जगह गए थे, जैसे कि सभी जाते हैं। चीजों को कॉन्टेक्स्ट (संदर्भ) के बाहर लेना बंद कर दें और कुछ भी कहने से पहले अपने तथ्यों की जांच करें। शांति और प्यार। अथिया के बयान जारी करने के बाद कई सोशल मीडिया यूजर्स कपल के सपोर्ट में सामने आए। एक यूजर ने लिखा,आप दोनों में से किसी को तो कुछ बोलना ही चाहिए था। अथिया ने सही किया। जानता हूं कि लोग अभी भी आप दोनों को जज करना नहीं छोड़ेंगे पर कम से कम आप दोनों तो पॉजिटिव रहोगे। एक अन्य यूजर ने लिखा, अथिया ने अपने पति को जस्टिफाई किया है जो कि नॉर्मल लोगों की तरह ही बाहर गए थे। सेलेब होना भी कितना बड़ा सिरदर्द है। आथिया और राहुल ने 3 साल रिलेशनशिप में रहने के बाद जनवरी 2023 में शादी की थी।

### इंटर एनसीए टूर्नामेंट में पारुषी प्रभाकर का धमाकेदार शतक, शानदार प्रदर्शन से टीम को दिलाई जीत

**चंडीगढ़।** यूटीसीए अंडर-19 टीम की कप्तान और चाइनामैन बॉलर पारुषी प्रभाकर ने 23 से 31 मई तक



जारी इंटर एनसीए (नेशनल क्रिकेट एकेडमी) टीमों के बीच चल रहे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। गुजरात के राजकोट में आयोजित टूर्नामेंट में पारुषी प्रभाकर ने बी टीम के खिलाफ खेलते हुए 100 रनों की धमाकेदार पारी खेली। जानकारी अनुसार पारुषी ने 16 चौके और दो छक्कों की मदद से 100 रन बनाए और टीम की जीत में अहम योगदान दिया। पारुषी की टीम ने विरोधी टीम को 24 रनों से हरा दिया। हाल ही में बीसीसीआइ की ओर से अंडर-19 वुमेन क्रिकेटर के लिए एनसीए कैंप आयोजित किया था। कैंप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों के बीच यह टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। पारुषी टीम एफ की कप्तान हैं। टीम के तीन मैच हो चुके हैं और अभी दो मैच बाकी हैं। इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए बीसीसीआई की ओर से सीनियर टीम के लिए दावेदारी मजबूत होगी। यूटीसीए की तरफ से खेलने वाली पांच खिलाड़ियों का एनसीए टूर्नामेंट के लिए चयन हुआ है। इस टूर्नामेंट में छह टीमें खेल रही हैं। यूटीसीए की अन्य वुमेन क्रिकेटर में गुलनाज,मानवी तोमर,दीप्ति वालिया और सराह महाजन भी हिस्सा ले रही हैं।

### महिला प्रशंसक ने पुलिसकर्मी को थप्पड़ मार, धक्का दिया



**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 16 वें सत्र में बारिश के कारण खिताबी मुकाबला नहीं हो पाया था। इस दौरान जहां कई लोग आराम से खेल शुरु होने का इंतजार कर रहे थे , वहीं एक महिला प्रशंसक किसी बात पर भड़ककर स्टेडियम में तैनात पुलिसकर्मी को थप्पड़ लगाने के साथ ही धक्का देकर नीचे गिरा देती है। इसका एक वीडियो भी आया है। इसमें देखा जा सकता है कि पुलिसकर्मी महिला से कुछ कह भी रहा है पर महिला उसे नीचे गिरा देती है। इसके बाद पुलिसकर्मी फिर से खड़ा होता है तो महिला फिर से धक्का देकर उसे नीचे गिरा देती है। इस महिला की पुलिसकर्मी के साथ झड़प क्यों हुई, इसे लेकर अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है। गौरतलब है कि बारिश के कारण आईपीएल 2023 का फाइनल मुकाबला निर्धारित दिन नहीं हुआ। अब ये रिजर्व दिन खेला जाएगा।

## हॉकी इंडिया सब-जूनियर चैंपियनशिप

# ओडिशा को फाइनल मुकाबले में 7-1 से हराकर उत्तरप्रदेश ने खिताब पर किया कब्जा

**राउरकेला।**
**ओडिशा के बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में चल रही 13वें हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2023 के खेले गए फाइनल मैच में उत्तरप्रदेश ने ओडिशा को 7-1 से हराकर खिताब पर कब्जा जमा लिया।**




### उज्जवल और इन खिलाड़ियों ने दिखाया जलवा

उत्तरप्रदेश की ओर से उज्जवल पाल ने खेल के 6वें मिनट पर ही पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर अपने टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी थी। बाद में उवल ने 38, 47 वें मिनट पर टीम के लिए दो और गोल दागे। वहीं राहुल यादव ने 30वें मिनट पर, केतन कुशवाह ने 39 मिनट पर, राहुल राजभर ने 52 वें मिनट पर और अजित यादव ने 54वें मिनट पर एक-एक गोल और ओडिशा की ओर से दीनानाथ नानवार ने 57 वें मिनट पर एक गोल मारा था।

### हरियाणा ने मध्यप्रदेश को 3-2 से हराया

तीसरे और चौथे स्थान के लिए खेले गए मैच में हरियाणा ने मध्यप्रदेश को 3-2 से हरा अपना स्थान तीसरे नंबर पर फाइनल कर लिया। दोनों ही टीमें चैंपियनशिप के मजबूत टीमों की गिनती में थी, जिसके कारण दोनों टीमों का मैच भी जबरदस्त देखने को मिला। मध्यप्रदेश की टीम मैच के शुरू होते ही अपना दबदबा बनाना शुरू कर दी थी।

उसके खिलाड़ी तुषार परमार ने 14वें तथा सुभन आबीद ने 22 वें मिनट पर गोल कर अपने इरादे जाहिर कर दिए थे। लेकिन हाफ टाइम से पहले 29 वें मिनट पर हरियाणा के सुनील ने एक गोल दाग कर अपनी टीम को 2-1 पर ला दिया था।

वहीं हाफ टाइम के बाद 37वें मिनट पर टीम के हैप्पी ने एक गोल कर अपनी टीम को 2-2 की बराबरी पर ला दिया था। जबकि 51 मिनट पर हरियाणा के सुनील ने फिर से एक गोल कर अपनी टीम को 3-2 की बढ़त दिला दी। वहीं 58वें मिनट पर नीरज ने एक गोल कर अपनी टीम को 4-2 से जीत दिला दी।

### रायडू ने आईपीएल से संन्यास की घोषणा की

**अहमदाबाद।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बल्लेबाज अंबाती रायडू ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से संन्यास की घोषणा कर दी है। रायडू ने कहा, 2 महान टीमें एमआई और सीएसक से मैंने खेला है , इसमें 204 मैच, 14 सत्र, 11 प्लेऑफ, 8 फाइनल, 5 ट्रॉफी मिली हैं।आप सभी का धन्यवाद। नो यू टर्न। रायडू ने साल 2010 में मुंबई इंडियंस की ओर से आईपीएल की शुरुआत में 2017 सत्र तक तीन खिताब जीते। रायुडू को सीएसके ने 2018 सत्र के लिए खरीदा था, जहां उन्होंने 16 पारियों में 43 की औसत से 602 रन बनाकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया इससे पहले साल 2022 में भी रायडू ने संन्यास की घोषणा की थी। तब उन्होंने लिखा था, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि यह मेरा आखिरी आईपीएल होगा। मैंने इसे खेलते हुए और 13 साल तक 2 शानदार टीमों का हिस्सा बनकर बहुत अच्छा समय बिताया है। शानदार सफर के लिए मुंबई इंडियंस और सीएसके को दिल से धन्यवाद देना चाहूंगा। तब रायडू ने कुछ समय के अंदर ही अपना ये पोस्ट हटा भी लिया था पर इस बार उनका फैसला अंतिम है।

# तिलक वर्मा को अपनी कमजोरियों पर काम करना चाहिए : वीरेंद्र सहवाग

**नई दिल्ली।**
**भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग युवा मुंबई इंडियंस (एमआई) के बल्लेबाज तिलक वर्मा के प्रदर्शन से प्रभावित हैं और उन्हें अपने खेल को बढ़ाने में मदद करने के लिए कुछ टिप्स दिए है। 2022 में आईपीएल में पदार्पण करने वाले वर्मा ने 14 मैचों में 36.09 की औसत से 397 रन बनाए। उन्होंने 2023 के सीजन में अपने खेल में सुधार किया और 11 मैचों में 42.88 की औसत से 343 रन बनाए।**



वर्मा ने क्वालिफायर टू में जीटी के खिलाफ 234 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई के लिए सिर्फ 14 गेंदों में 43 रनों की शानदार पारी खेली। वर्मा के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए, सहवाग ने उनसे कहा कि वे अपनी फिटनेस में सुधार पर ध्यान दें और उन कौशलों की पहचान करें जिन पर वह काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा, उसे दो चीजों पर ध्यान देना चाहिए, अपनी फिटनेस में सुधार करना और उस कौशल की पहचान करना जिस पर वह काम कर सकता है, साथ ही मानसिकता भी। ऐसा अक्सर होता है जब आप नियमित क्रिकेट खेलते हैं, आप समय के साथ खुद को बदलते हैं। लेकिन जब आप नहीं खेल रहे होते हैं तो आपको अपनी फिटनेस और अपने कौशल पर ध्यान देना चाहिए, सूर्यकुमार यादव की तरह, जिन्होंने अपने शॉट्स के लिए बहुत अभ्यास किया। सहवाग ने तिलक को अपनी कमजोरियों पर काम करने पर फोकस करने की भी सलाह दी, इस बात पर प्रकाश डाला कि 20 वर्षीय खिलाड़ी ने उन्हें खुद की याद दिला दी। तिलक वर्मा को अपनी कमजोरी को सुधारने पर ध्यान देना चाहिए। यह मुझे खुद की याद दिलाता है, जब मैं 1999 में पहली बार भारत के लिए खेला था, तो मुझे शोएब अख्तर ने आउट कर दिया था। इससे पहले कि मैं अपना बल्ला नीचे लाता, गेंद मेरे पैड पर लग गई। सहवाग ने कहा, तो, दादा (सौरव गांगुली) ने मुझे एक बात बताई .. वापस जाओ, तेज गेंदबाजी के खिलाफ अभ्यास करो, ताकि तुम बेहतर तरीके से तैयार होकर आओ। मैं मध्य क्रम में खेलता था, मुझे स्पिन मिली, और जब तक तेज गेंदबाज आए, मैंने पहले ही एक शतक बना लिया था। इसी तरह, तिलक वर्मा को यह देखने की जरूरत है कि उनकी कमजोरियां कहां हैं।

# आईपीईएफ हाइब्रिड मॉडल के स्पोर्ट में नहीं: एशिया कप को लेकर फैसला अब तक नहीं; श्रीलंका और बांग्लादेश भारतीय बोर्ड के समर्थन में

**नई दिल्ली।**
एशिया कप 2023 के आयोजन को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के हाईब्रिड मॉडल के स्पोर्ट में नहीं है। एशिया कप को लेकर में इंडियन प्रीमियन लीग 2023 के फाइनल के दौरान एशियन क्रिकेट काउंसिल के सदस्य बोर्ड की मीटिंग भी हुई। मीटिंग के दौरान कोई निर्णय नहीं निकला। बीसीसीआई सचिव और एसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा था कि आईपीएल 2023 का फाइनल देखने बांग्लादेश, अफगानिस्तान और श्रीलंका के अध्यक्ष आएंगे। इस दौरान 2023 एशिया कप की मेजबानी पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।



### एशिया कप 2023 की मेजबानी पाकिस्तान के पास

बता दें कि इस साल एशिया कप 2023 की मेजबानी का अधिकार पाकिस्तान के पास है। लेकिन बीसीसीआई सुरक्षा कारणों की वजह से पाकिस्तान में टीम इंडिया को भेजने से इंकार कर चुका है। बीसीसीआई ने एशिया कप किसी न्यूट्रल वेन्यू पर कराने को कहा था, लेकिन पीसीबी नहीं माना। इसके बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की ओर से हाईब्रिड मॉडल पेश किया गया जिसके तहत भारत के मैचों का आयोजन किसी दूसरे देश में करवाने का ऑफर दिया गया।

### श्रीलंका और बांग्लादेश ने किया था बीसीसीआई का समर्थन

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पीसीबी के इस हाइब्रिड मॉडल को सदस्य देशों (श्रीलंका और बांग्लादेश) ने खारिज कर दिया था। हालांकि एशियन क्रिकेट काउंसिल ने कोई औपचारिक बयान नहीं दिया था। वहीं श्रीलंका क्रिकेट और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने एशिया कप टूर्नामेंट को पाकिस्तान से बाहर (न्यूट्रल वेन्यू) करने के मामले में बीसीसीआई का समर्थन किया था।

# कैंसर से जंग लड़ रही पावर लिफ्टर: हश्मीत कौर के पास इलाज के लिए रुपये नहीं; स्टेट मेडलिस्ट बेटे को सरकार से आस

**धमतरी।**
छत्तीसगढ़ की पावर लिफ्टर हश्मीत कौर। नेशनल पावर लिफ्टिंग में 13 मेडल जीत चुकी हैं। करीब 36 से युवतियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया, लेकिन खुद कैंसर से जंग लड़ रही हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हश्मीत कौर को ब्रेस्ट कैंसर है। वह सेकेंड स्टेज पर हैं और जिंदगी-मौत के बीच संघर्ष जारी है। उनके पास इलाज के लिए रुपये तक नहीं बचे हैं। हश्मीत के 11वीं में पढ़ने वाले स्टेट मेडलिस्ट बेटे हर्षदीप सिंह कहते हैं कि सारी जमा-पूंजी मां के इलाज में खर्च हो चुकी है, लेकिन उन्हें ठीक नहीं कर सके। अब सरकार से ही उम्मीदें हैं।





**बेटे ने जनता से भी मांगा सहयोग** - धमतरी के वार्ड 12 में रहने वाली हश्मीत कौर अब तक 13 मेडल जीत चुकी हैं। इसमें पांच गोल्ड भी शामिल हैं। उन्होंने युवतियों को निशुल्क कोचिंग देकर नेशनल स्तर तक पहुंचाने हर संभव काम किया है। उनकी बदौलत कई खिलाड़ी नेशनल में खेल भी रहे हैं। आगे बढ़ने के लिए सबका मनोबल बढ़ाने में माहिर हश्मीत कौर खुद कैंसर से इस लड़ाई को हार रही हैं। इस खेल में न जाने उन्हें कब सफलता मिलेगी। ऐसे में उनके बेटे हर्षदीप ने प्रदेश सरकार के अलावा आम जनता से भी सहयोग राशि की अपील की है।

**तीन बार नेशनल स्पोर्ट्स अवॉर्ड, महिला कोच** - हश्मीत कौर 2015 में महिला कोच बनी और 2017 से लगातार खेल रही है। पहले साल स्टेट लेवल पर गोल्ड मिला, फिर कोलकाता में नेशनल मेडल। इसके बाद लगातार छह साल से नेशनल में पांच गोल्ड, सात सिल्वर, एक ब्रांज मेडल लेकर आईं। इन्हें तीन बार नेशनल स्पोर्ट्स अवॉर्ड भी मिल चुका है। नेशनल खेल में रेफरशिप अच्छे से निभाई है। ऐसे में उनकी जिंदगी को बचाने में मिली सहायता, ठीक होने के बाद और युवतियों के भी आगे का मार्ग प्रशस्त कर सकती हैं। इनके मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को मंजिल मिलती है, तो खुद खेल कर देश में प्रदेश का मान बढ़ाती हैं।

**मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से लगाई सहयोग की गुहार** - पुत्र हर्षदीप सिंह अपनी मां के हालत को देखकर बहुत चिंतित है। वह उन्हें हर संभव इलाज देकर ठीक करना चाहता है। लेकिन आगे के इलाज के लिए उनके पास पैसे नहीं हैं। वह इधर-उधर जहां भी पैसे दिखे जा चुके हैं, अब कुछ नहीं रहा। उन्हें पूरा विश्वास है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इनकी मां के इलाज पर हर संभव प्रयास करेंगे। और उन्हें बड़े से बड़े अस्पताल उपचार के लिए भेजकर ठीक कराएंगे।

# नीरज चोपड़ा से लेकर सुनील छेत्री और इरफान पठान तक, पहलवानों के समर्थन में उतरे ये खिलाड़ी

**नई दिल्ली।**
दिल्ली के जंतर-मंतर में पहलवानों का धरना खत्म हो चुका है। लगभग चार महीने के अंतराल में भारत के शीर्ष पहलवान दो बार दिल्ली के जंतर-मंतर में धरने पर बैठ चुके हैं और दो बार उनका धरना खत्म हो चुका है। पहलवान पहले जनवरी में धरने में बैठे थे और तीन दिन के अंदर धरना खत्म हो गया था। इसके बाद अप्रैल में पहलवान दूसरी बार धरने में बैठे और यह 36 दिन बाद खत्म हुआ है। हालांकि, दोनों बार धरने के खत्म होने का तरीका अलग है।




जनवरी में खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने पहलवानों से बात की थी और उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन दिया था। इसके बाद पहलवानों ने तीन दिन के अंदर अपना धरना वापस ले लिया था। हालांकि, अप्रैल के महीने तक बृजभूषण सिंह पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो पहलवान दूसरी बार धरने पर बैठे। 36 दिन तक धरना चला, लेकिन पहलवानों की मांग नहीं पूरी हुई। ऐसे में दिल्ली पुलिस प्रदर्शन के दौरान पहलवानों को गिरफ्तार किया और धरना स्थल से उनके टेंट उखाड़ दिए। इसके अलावा उनका सारा सामान भी वहां से हटा दिया गया। पहलवानों का आरोप है कि उन्हें हिरासत में लिए जाने के दौरान उन्हें घसीटा भी गया। पहलवानों को हिरासत में लिए जाने के वीडियो भी सामने आए हैं। ऐसे में कई खिलाड़ियों ने पहलवानों के समर्थन में ट्वीट किया है।

**पहलवानों के खिलाफ एफआईआर** - दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे पहलवानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और धरने के आयोजकों के खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 149, 186, 188, 332, 353 और पीडीपीपी एक्ट के सेक्सन तीन के तहत मामला दर्ज किया है। इस पर साक्षी ने लिखा दिल्ली पुलिस को पहलवानों का यौन शोषण करने वाले बृजभूषण के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने में सात दिन लगते हैं और शांतिपूर्वक विरोध करने के लिए हमारे खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने में सात घंटे भी नहीं लगे। क्या इस देश में तानाशाही शुरू हो गई है पूरी दुनिया देख रही है कि सरकार अपने खिलाड़ियों के साथ कैसा व्यवहार कर रही है।

**क्या है मामला** - भारत के शीर्ष पहलवानों ने भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण के आरोप लगाए हैं। महिला पहलवानों की शिकायत पर दिल्ली पुलिस बृजभूषण के खिलाफ दो एफआईआर भी दर्ज कर चुकी है। एक एफआईआर पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज हुई है। पहलवान बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हुए हैं, लेकिन बृजभूषण खुद को निर्दोष बता रहे हैं।

### कमलजीत का ख्वाब इंटरनेशनल में गोल्ड मेडल जीता

**गौतम बुद्ध नगर।** रेवाड़ी के रहने वाले कमलजीत ने कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में चल रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, उत्तर प्रदेश 2022 में गोल्ड मेडल जीता है। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी वर्ल्ड कप में गोल्ड मेडल विजेता सरबजोत को हराया है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में कमलजीत इंदिरागांधी यूनिवर्सिटी, रेवाड़ी को रिप्रिजेंट कर रहे हैं।वह बताते हैं की निशानेबाजी करना उन्होंने अपने परिवार वालों के कहने पर शुरू किया। 2020 में उनके घर वालो ने एयर पिस्टल खेल खेलने को कहा। इसके बाद उन्होंने अपने परिवार वालों के सपने को साकार करने के लिए मैदान में उतर गया। इतने कम समय मे उन्होंने एक नेशनल और तीन स्टेट मेडल के अलावा करीब दो दर्जन मेडल जीत चुके हैं। उनके परिवार का खेलो से दूर दूर तक कोई नाता नहीं है। 10वीं की पढ़ाई के बाद जब आगे की पढ़ाई के लिए गैप लिया तो परिवार के लोगों ने कहा कि तुम स्पोर्ट्स में करियर आजमाओ। फिर मैं भी निशानेबाजी के खेल में जुट गया। हर दिन 7-8 घन्टे प्रैक्टिस करता हूं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के लिए मैदान में उतरने से पहले प्रतिद्वंद्वी सरबजोत से थोड़ा डर लग रहा था, क्योंकि वह वर्ल्ड कप में गोल्ड मेडल विजेता है। लेकिन मैदान में जब मैंने हाथ में पिस्टल थामा तो सारा भय दूर हो गया और सामने सिर्फ लक्ष्य था। मेरा लक्ष्य था गोल्ड मेडल और उसे मैंने जीत लिया।

## 20 मिनट की झपकी रखेगी सेहत को चुस्त-दुरुस्त

घर हो या ऑफिस, झपकी लेना बॉडी को चॉर्ज करने जैसा है। सिर्फ 15 से 20 मिनट की झपकी ही आपको फ्रेश कर देगी जिससे बॉडी को काम करने के लिए एनर्जी और दिमाग को नए-नए आइडियाज भी मिलते हैं। हेल्थ को मेंटेन करने के लिए 7-8 घंटे की नींद परफेक्ट होती है लेकिन इंस्टेंट एनर्जी के लिए झपकी लेना भी बेस्ट ऑप्शन है।

**स्ट्रेस कम करता है :** काम करने के दौरान महज 10-20 मिनट की झपकी लेकर आप स्ट्रेस फ्री हो सकते हैं। रिसर्च में पाया गया है कि उन लोगों में स्ट्रेस हॉर्मोन का लेवल बहुत ही कम होता है जो काम के दौरान बीच-बीच में झपकी से खुद को रिलैक्स करते रहते हैं। इतना ही नहीं झपकी( पावर नैप) लेने के बाद से माइंड दोगुनी स्पीड से काम करता है।

**एनर्जी बढ़ाता है :** रात को ठीक से नहीं सोने की वजह से अगर दिन में नींद आ रही है और उस वक्त सोना पॉसिबल नहीं तो पावर नैप इसका एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। नींद आने के बावजूद भी माइंड को एक्टिव रखने की कोशिश करना दिमाग पर पर बुरा असर डालता है। वहीं 20 मिनट की झपकी लेने से बॉडी को एनर्जी मिलती है और वो दोबारा काम करने के लिए एक्टिव हो जाती है।

**हार्ट को हेल्दी रखता है :** झपकी लेना सिर्फ माइंड ही नहीं पूरी बॉडी के लिए अच्छा होता है। इससे हार्ट से जुड़ी बीमारियों के होने की पॉसिबिलिटी काफी हद तक कम हो जाती है।

## आंखों के लिए अमृत है विटामिन ए

इस खूबसूरत दुनिया को देखने के लिए आंखों का स्वस्थ होना बहुत जरूरी है। उसकी रोशनी चली जाए तो चारों तरफ अंधेरा छा जाता है। इसलिए हमें अपनी आंखों की सेहत के लिए खासकर विटामिन ए पर विशेष ध्यान देना चाहिए। दरअसल विटामिन ए हमारी आंखों को तो स्वस्थ रखता ही है, हमारी त्वचा, बाल, नाखून, दांत, हड्डियों आदि के विकास में भी अहम भूमिका निभाता है।




# जब सहा न जाए दर्द



स्वस्थ और सेहतमंद रहने के लिए हम तमाम जतन करते हैं, लेकिन आज की जीवनशैली में कुछ बीमारियां, कुछ तकलीफें दबे पांव हमारे पास आ ही जाती हैं। ऐसी ही तकलीफों में शामिल है दर्द। कुछ दर्द तो ऐसे होते हैं, जो हमें छोड़ते ही नहीं। इन्हें डॉक्टरी भाषा में क्रॉनिक पेन कहा जाता है।

**तमाम** जतन के बाद भी कुछ दर्द ठहर जाते हैं। महीनों चले इलाज में हमें यह भ्रम जरूर होता है कि अब यह दर्द लौट कर नहीं आएगा, लेकिन तब तक दर्द अपनी नींव और मजबूत कर चुका होता है। दुनियाभर की दवाएं, इंजेक्शन, शारीरिक थैरेपी आदि कराने का कोई फायदा नहीं होता। डॉक्टरी भाषा में ऐसे दर्द को 'क्रॉनिक पेन' यानी स्थाई दर्द कहते हैं, जो समय के साथ जाता नहीं, रुक जाता है। एक सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक चार भारतीय महिलाओं में से एक और हर दस में एक पुरुष को कमर दर्द की समस्या है। हमारे देश में यह समस्या बहुत बड़ी है। लेकिन साथ निभाने वाली इस बीमारी का कोई तो इलाज होगा, कोई तो उपाय ऐसे होंगे, जिनकी सहायता से जोड़ों और मांसपेशियों के दर्द को हमेशा के लिए अलविदा कहना आसान होगा। आज उन्हीं रास्तों के बारे में बात करते हैं।

### दिमाग और दर्द

कई महीनों तक एक ही स्थान पर हो रहे दर्द के हम धीरे-धीरे आदी हो जाते हैं। इलाज होने के बाद भी हम उस जगह के दर्द को लेकर सचेत रहते हैं और हमें दर्द महसूस होने लगता है। मनोचिकित्सकों की मानें तो कभी-कभी वास्तव में दर्द न होते हुए भी हम किसी खास जगह पर दर्द महसूस करने लगते हैं। जिस तरह थकान न होने पर भी यदि हम ऐसा महसूस करें तो थकान महसूस होने लगती है।

### जब सताए जोड़ों का दर्द

हम में से हर चौथा व्यक्ति जोड़ों के दर्द से परेशान है। तेज भागती जिन्दगी की रफ्तार के बीच दबे पांव यह कब आ जाता है, पता नहीं चलता। हड्डियों के विशेषज्ञ के मुताबिक जोड़ों के दर्द की शुरुआत में ही हमें सचेत हो जाना चाहिए। डॉक्टर के अनुसार शुरुआती दौर में ही यदि हम नियमित व्यायाम करें और उपचार कराएं तो दर्द से राहत मिल जाती है। लेकिन दर्द पुराना हो जाए तो उसे उपचार और व्यायाम से ठीक नहीं किया जा सकता। उसके लिए महंगी सजरी करानी पड़ सकती है। हालांकि सजरी सबसे आखिरी स्थिति है, लेकिन कई बार बोन रिप्लेसमेंट की जरूरत पड़ती है।



### ऐसे रखें जोड़ों का खयाल

**काम करने का तरीका बदलें:** हम में से अधिकांश लोग कंप्यूटर के सामने घंटों काम करते हैं, लेकिन अपने बैठने के तरीकों पर ध्यान नहीं देते। कुर्सी पर बैठते हुए हमारी पीठ हमेशा सीधी होनी चाहिए। ध्यान रहे कि आपकी कुर्सी बहुत नीचे ना हो। इसके अलावा अगर आप काफी देर तक टाइप करते हैं तो अपनी अंगुलियों को थोड़ा आराम दें, क्योंकि काफी देर तक टाइपिंग की वजह से आपकी अंगुलियों में दर्द का ठहराव हो सकता है। अगर संभव हो तो अपने घुटनों को कमर से ऊपर रखें। इसके लिए आप पैरों के नीचे कुछ रख सकते हैं।

**थोड़ा आराम भी है जरूरी:** जोड़ों में दर्द खासकर कमर का दर्द लगातार काम करने की वजह से बढ़ जाता है, इसलिए शरीर को आराम देना भी उतना ही जरूरी है। हमारी हड्डियों की क्षमता की एक सीमा है। उससे ज्यादा समय तक काम करने पर हमारी हड्डियां कमजोर हो जाती हैं, इसलिए इनका आराम करना भी उतना ही जरूरी है।

**गुनगुने पानी में डुबो कर रखें:** मांसपेशियों और हड्डियों को राहत देने में गुनगुना पानी कारगर साबित होता है। दिनभर के काम के बाद कुछ देर शरीर को गुनगुने पानी में डुबो कर रखें। इससे मांसपेशियों और हड्डियों में नई ऊर्जा का संचार होगा और दर्द से आराम मिलेगा।

### योग और व्यायाम करें

हड्डियों को सपोर्ट देने वाली मांसपेशियों का मजबूत होना बहुत जरूरी है। इसके लिए योग और व्यायाम की सहायता ली जा सकती है। योग और व्यायाम काफी हद तक हमें कई बीमारियों से दूर रखते हैं। इसके अलावा शरीर की प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाते हैं।

### डॉक्टरी सलाह

- घुटनों में या दूसरे जोड़ों में बहुत दर्द हो तो उन पर ज्यादा जोर ना डालें, इससे स्थिति और खराब हो सकती है।
- किसी भी चमत्कारी दवा का इस्तेमाल ना करें। कई बार चमत्कारी दवा के नाम पर लोग धोखा करते हैं।
- खाने-पीने का खास ध्यान रखें और खाने में दूध और अंडे को शामिल करें।
- सिर्फ उसी व्यायाम या योग को आजमाएं, जिसमें जोड़ों पर बहुत ज्यादा जोर ना पड़ता हो।

### हेल्दी खाएं

हड्डियों के लिए विटामिन डी और कैल्शियम सबसे उपयोगी माना जाता है। ठंडी जगहों में रहने वालों को तो सप्लिमेंट के तौर पर विटामिन डी जरूर लेना चाहिए। विशेषज्ञों के मुताबिक हमारी हड्डियों के आसपास एक खास किस्म का तरल पदार्थ होता है, जिसकी वजह से वे घूमती और मुड़ती हैं। जैसे-जैसे यह तरल पदार्थ कम होता है, हड्डियों के बीच घर्षण बढ़ता है। इस तरह से हमारी हड्डियां कमजोर हो जाती हैं और धीरे-धीरे घिसने लगती हैं। इसलिए इनका संतुलन बने रहना बहुत जरूरी है। इसके लिए डॉक्टर ओमेगा-3 फैटी एसिड लेने की सलाह देते हैं। मछली में यह भरपूर मात्र में पाया जाता है। विटामिन डी के लिए धूप और कैल्शियम के लिए दूध सबसे अच्छा स्रोत है।

### ऐसे चलता है दर्द का चक्र


- दर्द शुरू होता है।
- आपकी सक्रियता कम हो जाती है।
- डॉक्टर के पास जाते हैं।
- टैस्ट कराते हैं और कई सारी दवाएं लेते हैं।
- दर्द में राहत मिलता है।
- आप ज्यादा काम करने की कोशिश करते हैं।
- पहले से ज्यादा दर्द महसूस करते हैं।
- सक्रियता और कम हो जाती है।
- बड़े ट्रीटमेंट की जरूरत पड़ती है।
- ताकत में कमी पाते हैं।
- पहले की तरह सक्रिय न रहने की वजह से निराशा होती है।
- आखिरकार आपकी मुश्किलें काफी बढ़ जाती हैं।

# सहयोग ही है सबसे बड़ा इलाज

**शुरुआती** दौर में डिमेंशिया की स्थिति में परिवार रोगी की मनोदशा व स्थिति को उम्र का असर मान अनदेखा करता है। यह उपेक्षा सहन न करने के कारण रोगी विरोध का सा माहौल बना लेता है और इमोशनल ट्रॉमा की अवस्था बन जाती है। हालांकि ऐसे में न्यूरोलॉजिस्ट काउंसलिंग कराने की सलाह देते हैं। सबसे बड़ा और कारगर इलाज है घर वालों का सहयोग। जो रोगी है, वह अपनी मदद स्वयं नहीं कर सकता, लेकिन घर वाले जानें कि यह बीमारी है और उन्हें इसमें पूरा सहयोग कर न केवल रोगी की स्थिति सुधारने में मदद करें, बल्कि यहां-वहां घूम कर व्यर्थ पैसा व श्रम बेकार न करें। जितनी जल्दी यह रोग पहचाना जाए, उतना ही अच्छा है। समय पर इलाज कराने से रोगी की स्थिति नियंत्रण में रहेगी। इलाज के दौरान लगने वाला समय अत्यंत लंबा हो सकता है, इसलिए परेशान न हों। इस संबंध में सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी परिवारजनों की है, क्योंकि वे ही सबसे पहले स्वभाव में आए परिवर्तनों को देख पाते हैं। रोगी की सही देखरेख और आत्मीयता उसके लिए मददगार हो सकती है।

### दिमागी कसरत है फायदेमंद

अल्जाइमर जैसे रोग को नियंत्रित करने के लिए व्यक्ति के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य का योगदान महत्वपूर्ण है। डॉक्टर इस बीमारी का इलाज भले ही न ढूंढ पाए हों, लेकिन वैज्ञानिकों का मानना है कि दिमागी कसरत इस बीमारी को दूर रख सकती है। नई भाषा सीखें, गेम, डांस, संगीत और खेलों में समय लगाएं।



### डाइट जो अल्जाइमर पर रखे नियंत्रण

ब्रेकफास्ट महत्वपूर्ण है शोध बताते हैं कि सुबह का नाश्ता दिन भर की एनर्जी के लिए जरूरी है। हेल्दी नाश्ते से दिमाग को ईंधन मिलता है। इससे याददाश्त इंप्रूव होती है व एकाग्रता बढ़ती है। लेकिन ज्यादा कैलोरी वाला खाना आपको आलसी बनाता है और एकाग्रता में कमी लाता है।

### चीनी कम

चीनी दिमाग को ईंधन देने का काम करती है, लेकिन टेबल शुगर नहीं, बल्कि खाने से मिला ग्लूकोज। तभी अत्यंत लो फील होने पर एक गिलास मीठा पेय आपको फुर्तीला बना देता है। एनर्जी बूस्टर का काम करता है कार्बोहाइड्रेट और शुगर। मधुमेह के शिकार हैं तो डाइटीशियन की सलाह लें।

### मछली

प्रोटीन का बेहतरीन स्रोत है मछली। ओमेगा थ्री जैसा फायदेमंद ब्रेन टॉनिक और किसी में नहीं मिलता। यह ब्रेन फंक्शन के साथ स्ट्रोक के खतरे को भी कम करती है। याददाश्त बढ़ाती है। हेल्दी ब्रेन व हार्ट के लिए सप्ताह में दो बार मछली खाएं।

### नट्स

एंटीऑक्सीडेंट गुणों के साथ विटमिन ई भी इनमें मौजूद है। नट्स हमार शरीर में बी टाइप की कोशिकाओं का सृजन करते हैं, जो एंटीबॉडीज बना कर हानिकारक बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद करती हैं। नट्स तनाव को झेलने की शक्ति भी देते हैं।

### ब्ल्यू बेरीज है सुपर ब्रेन फूड

रिसर्च बताती हैं कि बेरीज में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स मस्तिष्क के लिए फायदेमंद हैं। यह फल फ्रीरेडिकल्स से होने वाले नुकसान से दिमाग को बचाता है, अल्जाइमर के खतरे को कम करता है। सीखने की क्षमता को बढ़ाता है, मसल फंक्शन को ठीक करता है। न्यूरोट्रांसमीटर की सक्रियता बढ़ाता है।

## सोशल सेक्टर में हासिल करें सफलता की ऊंचाईयां

# मॉनीटरिंग और इवैल्यूएशन में बनाएं कॅरियर

मॉनीटरिंग की प्रक्रिया वर्तमान में चल रहे प्रोजेक्ट्स तथा प्रोग्राम्स से डाटा का सिस्टमैटिक कलेक्शन है ताकि भविष्य में प्रेक्टिस को सुधारा जाए, बाहरी जवाबदेही को सुनिश्चित बनाया जाए और जाने-पहचाने फैसले लिए जाएं। मॉनीटरिंग की गतिविधि एक ऐसा काम है जो किसी प्रोजेक्ट की प्लानिंग स्टेज से शुरू होता है। मॉनीटरिंग उन प्रक्रियाओं तथा अनुभवों का दस्तावेजीकरण है जिनका इस्तेमाल आगे चलकर प्रोजेक्ट डिसीकान मेकिंग में किया जाता है। मॉनीटरिंग से योजनाओं की प्रगति की जांच में भी सहायता मिलती है।



### जॉब एंड सैलरी

भारत में 3.3 मिलियन के लगभग एनजीओ यानि गैर-सरकारी संगठन कार्यरत हैं, जिनमें से 40 हजार विश्व स्तर पर काम कर रहे हैं। सोशल सेक्टर में काम करने के इच्छुक लोग सोशल सर्विस प्रोफेशनल, सोशल सर्विस असिस्टेंट या सोशल सर्विस एग्जीक्यूटिव के तौर पर जॉब कर सकते हैं। मास्टर ऑफ सोशल वर्क की डिग्री के साथ प्रथम श्रेणी वाला ग्रैजुएट सोशल वर्क क्षेत्र में शुरुआती तौर पर 20 से 25 हजार रुपए प्रति माह की सैलरी पा सकता है। अनुभव बढ़ने के साथ-साथ सैलरी भी बढ़ती जाती है। सोशल सेक्टर में बने रहने के लिए आपके मन में समाज परिवर्तन की इच्छा होने के साथ ही समाज कल्याण संबंधी प्रोजेक्ट्स की समझ होनी चाहिए। साथ ही प्रोजेक्ट की मॉनीटरिंग और इवैल्यूएशन अच्छी तरह आना चाहिए।

### योग्यता...

इवैल्यूएशन व मॉनीटरिंग में विशिष्ट ट्रेनिंग उम्मीदवार को सोशल सेक्टर में जॉब प्राप्त करने में सहायक होती है। सोशल सेक्टर ज्वाइन करने के लिए मुख्य योग्यता है किसी भी विषय में ग्रेजुएशन, साथ ही किसी भी विषय में मास्टर्स या मास्टर ऑफ सोशल वर्क। इसके लिए ग्रेजुएशन व सर्टीफिकेट कोर्स सोशल सेक्टर में काम करने के लिए सहायक होता है।

### डाटा की पहचान में मिलती है मदद

इवैल्यूएशन से डाटा की पहचान में सहायता मिलती है जो रणनीतिक निर्णय लेने में सहायक हो सकता है। इस तरह से यह प्रोजैक्ट्स के विभिन्न पहलुओं जैसे इसकी प्रासंगिकता, प्रभावी होना, निपुणता, प्रभाव तथा सस्टेनेबिल्टी संबंधी समाधान खोजने में सहायता करती है।

### सामाजिक प्रोग्राम या प्रोजेक्स से जुड़ा प्रमुख तत्व

मॉनीटरिंग एंड इवैल्यूएशन किसी भी सामाजिक प्रोग्राम या प्रोजेक्ट से जुड़ा हुआ प्रमुख तत्व है। सोशल सेक्टर में विकासात्मक प्रोजेक्ट्स के लिए एम एंड ई स्टेक होल्डर्स के लिए सस्टेनेबिल्टी तथा सूटेबिल्टी संबंधी एक दृष्टि उपलब्ध करवाती है। सोशल सेक्टर के विकास के साथ ही कई सरकारी सेक्टर तथा गैर-सरकारी सेक्टर्स द्वारा असंख्य स्कीमें शुरू की गई हैं, जिनके लिए मॉनीटरिंग तथा इवैल्यूएशन की प्रक्रिया की विशिष्ट जानकारी की जरूरत होती है।

# आलोचना के प्रति रखें सकारात्मक नजरिया

*सृजनात्मक आलोचना, रचनात्मकता, नवाचार और समस्या सुलझाने के लिए अनिवार्य है। चूंकि नेतृत्व में इन तीनों खूबियों की ही जरूरत होती है इसलिए लीडर्स को सिर्फ यही सुनिश्चित नहीं करना चाहिए कि वे आलोचना के प्रति सकारात्मक नजरिया रखें, बल्कि उन्हें सक्रिय रूप से इसकी तलाश भी करनी चाहिए। केवल सामान्य फीडबैक ही न मांगें, बल्कि लोगों-अधीनस्थों, समकक्षों, ग्राहकों से कहें कि वे आपके विचारों तथा नीतियों की कमियां बताएं। दरअसल, आलोचना विचारों को परखने और लोगों व टीमों को जवाबदेह रखने की उपयोगी नीति हो सकती है।*



### घटनाओं पर चिंतन...

गैर शाब्दिक संकेतों पर गौर करें जिनसे पता चल सके कि वक्ता क्या नहीं कह रहा है। अनकही बात भी अक्सर कही गई बात जितनी ही महत्वपूर्ण होती है। स्वयं के साथ नियमित मीटिंग्स करें ऐसी स्थिति में जब मुश्किल आर्थिक हालात में फंसे हुए हैं तो आप अपने काम को पटरी पर बनाए रखने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए क्या कर सकते हैं? सबसे बेहतर है कि आप खुद के साथ साप्ताहिक मीटिंग करें। आप चाहे जितने व्यस्त हों, यह कोई विलासिता नहीं है। यह तो अनिवार्य है। हर सप्ताह एक घंटे तक एकांत में हाल ही में घटी महत्वपूर्ण घटनाओं पर चिंतन-मनन करें-संघर्ष, असफलताएं, भुनाए गए अवसर, दूसरों के व्यवहार संबंधी अवलोकन, दूसरों से मिला फीडबैक। इस बारे में विचार करें कि आपकी प्रतिक्रिया कैसी थी, क्या अच्छी तरह हुआ, क्या अच्छी तरह नहीं हुआ और भविष्य में क्या ज्यादा कारगर हो सकता है। इस मीटिंग को कभी रद्द न करें-यह बेहद महत्वपूर्ण है।

### बेहतर श्रोता बनने करें प्रयास...

नेतृत्व विशेषज्ञ बरसों से प्रबंधकों को प्रोत्साहित करते आ रहे हैं कि वे अपनी सुनने की क्षमता को बेहतर बनाएं। अच्छी तरह सुनने का मतलब सिर्फ यही नहीं है कि वक्ता यह महसूस करे कि आप उसकी बात सुन रहे हैं और उसका सम्मान कर रहे हैं। इसका अर्थ तो यह सुनिश्चित करना भी है कि आप कही गई बात को पूरी तरह समझ गए हैं। बेहतर श्रोता बनने के तीन सुझाव दिए जा रहे हैं।

### समीक्षा करना भी जरूरी

किसी की बात सुनते समय आगे की सोचें और कल्पना करें कि वक्ता अब क्या कहने जा रहा है। सिर्फ शब्द ही न सुनें, बल्कि निष्कर्षों का अनुमान लगाने की कोशिश भी करें। कुछ देर ठहरें और मन ही मन बिंदुओं की समीक्षा करें।

## रेसिपी



### आम का अचार

**सामग्री**

- 2 कप छिले हुए कच्चे आम , स्ट्रिप्स् में कटे हुए
- 1/2 टी-स्पून हींग
- 1 टी-स्पून हल्दी पाउडर
- 2 टेबल-स्पून भुनी हुई सौंफ
- 2 टेबल-स्पून भुना हुआ जीरा
- 2 टेबल-स्पून लाल मिर्च पाउडर
- 1 टेबल-स्पून नमक
- 3 टेबल-स्पून सरसों का तेल

**विधि**

आम के स्ट्रिप्स और नमक को अच्छी तरह मिला लें। 1 घंटे के लिए रख दें। सारा आम का पानी नीचोड़ कर निकाल लें। आम के स्ट्रिप्स, हींग, हल्दी पाउडर, सौंफ, जीरा, लाल मिर्च पाउडर और सरसों को तेल को अच्छी तरह मिला लें। तुरंत परोसें या फ्रिज में 4 दिनों तक संग्रह करें।



### पनीर स्प्रिंग अनियन पराठा

**सामग्री**

- 1/2 कप कसा हुआ पनीर
- 1/2 कप बारीक कटी हुई हरी प्याज (सफेद भाग और पत्ते)
- 3/4 कप गेहूं का आटा
- 1 टी-स्पून बारीक कटी हुई हरी मिर्च
- नमक और ताजी पीसी हुई कालीमिर्च, स्वादअनुसार
- गेहूं का आटा, बेलने के लिए
- 2 टी-स्पून तेल, पकाने के लिए

**विधि**

सभी सामग्री को एक गहरे बाउल में मिलाकर, जरुरत मात्रा में पानी का प्रयोग कर नरम आटा गूंथ लें। आटे को 8 भाग में बाँट लें। थोड़े सूखे आटे का प्रयोग कर, आटे के प्रत्येक भाग को 125 मिमी के व्यास के गोल आकार में बेल लें। एक नॉन-स्टिक तवा गरम करें और 1/4 टी-स्पून तेल का प्रयोग कर, पराठे के दोनो तरफ सुनहरे दाग पड़ने तक पका लें। और पराठे बना लें। तुरंत परोसें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**